

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -240, पृष्ठ -18+4, मूल्यः - 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 37.0° अधिकतम तापमान | 20.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 53 सूर्यास्त 18 : 29

अयोध्या, रविवार, 7 अप्रैल 2024


अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज... 17

## महिला को अर्धनग्न कर घुमाया, चार गिरफ्तार

- वायरल वीडियों पर पुलिस ने कहा- घटना 31 मार्च की शाम की
- पंजाब के तरन तारन की 55 वर्षीया महिला से हुई घटना

तरन तारन, एजेंसी

पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे अर्धनग्न करके घुमाया। पीड़िता के बेटे ने युवती से उसके परिजनों की इच्छा के खिलाफ शादी की थी। पुलिस ने मामले में महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी अश्वनी कपूर ने शनिवार को बताया कि वोल्टोहा गांव में महिला से मारपीट और उसे अर्धनग्न कर घुमाने के आरोप में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में वल्टोहा के जीवन नगर के कुलविंदर कौर, गुरचरण सिंह और शरणजीत सिंह उर्फ सनी और तरनतारन के गांव आबादी अमरकोट अमीरके के सनी है। यह घटना 31 मार्च की शाम को हुई थी। एक महीना पहले पीड़िता का पुत्र एक लड़की संग भाग गया था और शादी कर ली। उन्होंने कहा कि घटना का वीडियो, जिसमें महिला को परेड कराते देखा गया था, आरोपियों ने वायरल किया था।

## सिसोदिया को 18 तक जेल से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने शनिवार को ईडी के एक मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री को पिछले साल 26 फरवरी को सीबीआई ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत के जमानत से इनकार के खिलाफ समीक्षा याचिका भी रद कर दी थी। उनकी क्यूरेटिव याचिकाएं भी रद हो चुकी हैं।

प्रधानमंत्री ने सहारनपुर की चुनावी रैली में विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

# कमीशन के लिए चुनाव लड़ रहा इंडिया गठबंधन : मोदी

- कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वापंथी हावी
- भगवा वाहन पर सवार मोदी का गाजियाबाद में पहला रोड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठवंधन कमीशन के लिए है जबकि एनडीए व मोदी सरकार मिशन के लिए है। शक्ति के अपमान को नवरात्र से जोड़ते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी हैं। आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले खत्म हो चुकी है। गाजियाबाद में भगवा वाहन से रोड-शो करके मतदाताओं को लुभाते मोदी दिखे।



गाजियाबाद में रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को सहारनपुर की चुनावी रैली में भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल और कैराना से प्रदीप चौधरी के लिए जनता से वोट करने की अपील कर रहे थे। मोदी ने कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं मगर विरोधी सत्ता पाने के लिए तड़प रहे हैं। ये देश का पहला चुनाव है जहां विपक्ष जीत का दावा नहीं कर रहा। बल्कि विपक्ष सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ रहा है कि भाजपा की 370 से कम व एनडीए की 400 से कम सीटें की जा सके। सपा को तो यहां हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं वहीं, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उम्मीदवार उतारने की हिम्मत नहीं हो रही।

### योगी ने भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मांगा वोट

मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष की तमाम नाकामियां गिनाते हुए कहा कि हमें जाति-संप्रदाय, तुष्टिकरण या किसी वाद के आधार पर नहीं, बल्कि विकसित भारत की संकल्पना व भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट दें। जिससे हम सभी पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते हुए देख सकें। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, ब्रजेश सिंह, जसवंत सैनी, सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा, सांसद व कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार

लोक दर्पण

इस बार के रविवारीय संस्करण में स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन।





सुल्ताना डाकू ने रामनगर और पीलीभीत के जंगलों में डाला था डेरा।

पढ़ें विशेष ...



पढ़ते रहिये ...

अमृत विचार

नववर्ष ऑफर

5/- प्रतिदिन

फोन: 05278- 352045


# बंगाल में एनआईए टीम पर हमला

## वर्ष 2022 विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करके ले जा रही थी जांच एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को हुए विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले जा रही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। जांच एजेंसी के प्रवक्ता के मुताबिक हमले में एक अधिकारी घायल और एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। लगभग 50 से 60 महिलाओं की भीड़ ने सुबह 6.20 बजे एनआईए अधिकारियों के वाहन पर हमला कर जमकर तोड़फोड़ की। स्थानीय पुलिस थाने में एनआईए ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है। शनिवार की इस घटना ने पांच जनवरी की घटना की याद दिला दी, जब उत्तरी 24 परगना के संदेशखालि में राशन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला हुआ था।

एनआईए के प्रवक्ता ने कहा, पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर विस्फोट मामले में बड़ी सफलता मिली। एनआईए ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भीड़ के कड़े प्रतिरोध के बीच दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। दिसंबर 2022 के विस्फोट में तीन लोगों की मौत हुई थी। दोनों आरोपी बलाई चरण मेइती और मनोब्रत जाना को पांच स्थानों की तलाशी के बाद पकड़ा गया। जाना के घर की तलाशी के दौरान लोगों ने एनआईए के काम में बाधा डालने की कोशिश की। भीड़ ने टीम को भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की। एनआईए ने स्थानीय पुलिस थाने में इसकी शिकायत की है।



- हमले में एक अधिकारी घायल, तोड़फोड़ में एनआईए टीम का एक वाहन क्षतिग्रस्त

### जाना और मेइती पर आतंक फैलाने की शाजिश का आरोप

एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि जाना और मेइती पर आतंक फैलाने के लिए देसी बम बनाने और विस्फोट की साजिश का आरोप है। भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को कच्चे मकान में हुए विस्फोट में राजकुमार मन्ना, बिस्वजीत और बुद्धदेब मन्ना घायल हुए थे और बाद में तीनों की मौत हो गई थी। राज्य पुलिस ने मारे गए तीनों लोगों के खिलाफ तीन दिसंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराएं नहीं लगाई थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दायर करके मामले की जांच एनआईए को सौंपने का अनुरोध किया गया था। एनआईए ने हाईकोर्ट के 21 मार्च 2023 के आदेश पर चार जून को जांच का जिम्मा लिया और फिर से मामला दर्ज किया। जांच के दौरान एनआईए ने कई अन्य आरोपियों की भूमिका को उजागर किया था, जिनमें नरूबिला गांव का मनोब्रत जाना और निनारुया अनलबेरिया का बलाई चरण मेइती शामिल है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोलकाता में एनआईए की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### हमले को गंभीरता से लिया जाए : राज्यपाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एनआईए पर हुए हमले पर कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जांच एजेंसियों को परेशान करने की कोशिश से किसी को फायदा नहीं होगा। यह बहुत गंभीर स्थिति है और मामले से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए।

### एनआईए ने ग्रामीणों पर हमला किया : ममता

**बालुरघाट।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर के ग्रामीणों ने एनआईए के अधिकारियों पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की प्रतिक्रिया को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया। एजेंसी के अधिकारी जांच के लिए तड़के ग्रामीणों के घरों में घुसे थे।

### चुनाव में माहौल खराब करने की थी तैयारी

**लखनऊ।** नेपाल से भारत में प्रवेश करते पकड़े गए तीनों आतंकी रामनवमी और लोकसभा चुनाव में माहौल खराब करने की तैयारी में थे। एटीएस और एनआईए उनसे पूछताछ कर रही हैं। एटीएस तीनों को नेपाल और कश्मीर ले जाएगी। पूछताछ में पता चला कि जम्मू-कश्मीर के अल्ताफ एवं उसके मामा गजनफर 10 वर्ष से पाकिस्तान में रह रहे थे। दोनों आईएसआई एजेंट सलीम की मदद से भारत आए थे। पाकिस्तान से ही दोनों आईएसआई और हिजबुल मुजाहिद्दीन के संपर्क में आए थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस से एटीएस ने इनका ब्योरा मांगा है। अल्ताफ ने अपने बचाव में कहा कि वह सलीम की मदद से घर वापसी कर रहे थे तभी पकड़े गए। एटीएस इनके पास से बरामद मोबाइल डाटा की जांच कर रही है। क्योंकि एटीएस को भनक है कि तीनों आतंकी किसी बड़ी घटना कराने की फिराक में थे।

## बच्चा तस्करी गैंग का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

- दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर सीबीआई ने की छापेमारी
- एजेंसी ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को किया बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से निःसंतान दंपतियों को बच्चे बेचने वाले सात लोगों को गिरफ्तार करके बाल तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और अभियान के दौरान दो शिशुओं को बचाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने शुक्रवार शाम को दिल्ली और हरियाणा में सात स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी के अधिकारियों ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को बरामद किया, जिन्हें गिरोह बेचने की योजना बना रहा था।

सीबीआई ने गिरोह के सात सदस्यों को पकड़ा, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में सोनीपत का नीरज और दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर का असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु शामिल हैं। गिरोह फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के जरिए बच्चे गोद लेने के इच्छुक निःसंतान दंपतियों से संपर्क करता था। सीबीआई प्रवक्ता ने अभियान के बारे में बताया कि गिरोह के लोग वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सरोगेट माताओं से भी बच्चे खरीदते थे और उसके बाद शिशुओं को चार से छह लाख रुपये प्रति बच्चे की कीमत पर बेचते थे।

ये आरोपी गोद लेने से संबंधित दस्तावेज में फर्जीवाड़ा करके कई निःसंतान दंपतियों से लाखों रुपये की ठगी करने में भी शामिल थे। तलाशी के दौरान, सीबीआई ने 5.5 लाख रुपये नकद और अन्य दस्तावेज जब्त किए। सीबीआई ने गिरफ्तार आरोपियों सहित 10 लोगों पर आईपीसी के प्रावधानों और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप है कि शिशु तस्करों का एक नेटवर्क गोद लेने के उद्देश्य के साथ-साथ अन्य अवैध उद्देश्यों के लिए भी भारत भर में शिशुओं की खरीद और बिक्री में शामिल है।

### एक नजर

#### यौन उत्पीड़न में शिक्षक के निलंबन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दिल्ली सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक को निलंबित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। पिछले महीने 22 वर्षीय एमबीबीएस की छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था। निलंबन आदेश में सक्सेना ने कहा कि उन्होंने सहायक प्रोफेसर को निलंबित करने और उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार किया है।

#### उप्र, बिहार में कई स्थानों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने भाकपा (माओवादी) के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश और बिहार में कई स्थान पर शनिवार को छापे मारे। एनआईए ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों की तलाशी ली। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिम व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित नक्सली संगठन के पर्चों जैसे दस्तावेज जब्त किए गए।

## हादसा : नहाते समय नदी में चार बच्चों सहित 5 डूबे, तीन की मौत

- बाराबंकी के टिकैतनगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव की में हुई घटना
- दो लापता बच्चों की तलाश में जुटी एनडीआरएफ की टीम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** टिकैतनगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव के पास सरयू नदी में शनिवार को नहाते समय चार बच्चे व एक युवक डूब गया। डूबने वालों में दो सगे भाई भी थे। युवक चारों बच्चों को बचाने के लिए नदी में कूदा था और डूब गया। पुलिस ने नदी से तीन शव बरामद कर लिए हैं। वहीं दो लापता बच्चों की तलाश में गोताखोर व एनडीआरएफ की टीम जुटी हुई है। जानकारी पर डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश सिंह भी मौके पर पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, चिर्रा गांव निवासी मोहम्मद शकील के दो पुत्र अहमद रजा (15) और अनफासुल रजा उर्फ हमजा (12) के साथ परिवार के महमूद आलम का पुत्र शाफ अहमद (12) और उसका मौसेरा भाई अयोध्या के रुदौली क्षेत्र के एथर गांव निवासी अयान (10) पुत्र अफसान शनिवार दोपहर गांव से कुछ दूर स्थित सरयू नदी में नहाने गए हुए थे। इस दौरान सभी बच्चे गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे। नदी से कुछ दूर नूर आलम (26) पुत्र अब्दुल हेई गेहूं की मड़ाई कर रहा था। डूबते बच्चों की चीख सुनकर नूर आलम बच्चों को बचाने के लिए नदी में कूद गया और वह भी नदी की धारा में समा गया। आस पास मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और एनडीआरएफ की टीम और गोताखोरों को रेस्क्यू में लगाया। करीब एक घंटे बाद शाफ अहमद और उसके मौसेरे भाई अयान का शव नदी से बरामद कर लिया गया। कुछ देर बार अनफासुल रजा उर्फ हमजा का भी शव नदी से निकाल लिया गया। गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम दो अन्य की तलाश में देर रात तक जुटी रहीं।

## आतिशी ने ईडी से भाजपा पर कार्रवाई की मांग की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने निर्वाचन आयोग का नोटिस मिलने के एक दिन बाद शनिवार को ईडी से कथित धनशोधन के लिए भाजपा के नेताओं पर कार्रवाई की मांग की। आप नेता ने संवाददाता सम्मेलन में निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। आतिशी ने दावा किया था कि भाजपा ने उसे पार्टी में शामिल होने अथवा एक माह के भीतर ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा है, इसके बाद आयोग ने आतिशी को नोटिस जारी किया। मंत्री ने कहा, महज शक के आधार पर ईडी ने आप नेता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ धन के लेन-देन का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा, ईडी ने भाजपा नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जहां एजेंसी धन के लेन-देन को साबित करने में सक्षम है।



### गगन शक्ति अभ्यास



उन्नाव जिले में गगन शक्ति 2024 अभ्यास के दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर आपातकालीन लैंडिंग और टेक-ऑफ करता भारतीय वायु सेना का विमान।

## मुख्य अभियुक्त के साथी की तलाश में एसटीएफ

पेपर लीक मामला

- डा. शरद सिंह से 25 लाख रुपये के बदले हुई थी प्रश्नपत्र की डील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल व अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाने के आरोपी डा. शरद सिंह की तलाश एसटीएफ ने शुरू कर दी है। शरद ने मोटी रकम देकर पेपर खरीदा था, अभ्यर्थियों को पढ़वाया था। इसी मामले में आरोपी अमित सिंह की गिरफ्तारी के बाद शरद का नाम सामने आया था।

एसटीएफ मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा, अमित सिंह के अलावा दो अन्य को कौशांबी से गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे पूछताछ में शरद का नाम सामने आया था। आरोपियों ने बताया था कि शरद से प्रश्नपत्र के बदले 25 लाख रुपये की डील हुई थी। शरद अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। वह कहां है? क्या कर रहा है? इसकी जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। एसटीएफ ने शरद की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी है। विभागीय अफसरों का कहना है कि शरद को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## तिहाड़ में पूछताछ की याचिका के विरोध में कोर्ट पहुंचीं कविता

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता ने शनिवार को अदालत में सीबीआई की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें कथित घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ करने की अनुमति मांगी गई थी।

राष्ट्रीय राजधानी की अदालत ने कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की सीबीआई को शुक्रवार को अनुमति दे दी थी। कविता को ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

वृद्धावस्था पेंशन | वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या व बरेली में वृद्धावस्था लाभार्थियों की संख्या सर्वाधिक

# लंबी हुई कतार, एक वर्ष में बढ़ गए नौ लाख पेंशनर्स

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने वालों की संख्या में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एक वर्ष में वृद्धावस्था पेंशन लेने वालों की संख्या नौ लाख से अधिक बढ़ गई है। विभाग की ओर से योजना के तहत वृद्धों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन दी जाती है। इसकी धनराशि हर तिमाही लाभार्थी के बैंक खाते में जाती है। पेंशन के लिए न्यूनतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 और शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये प्रति वर्ष से अधिक आय नहीं होनी चाहिए।

**46,55,818** लाभार्थी थे वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अप्रैल से जून तक

**55,68,590** हो गई जनवरी से मार्च 2024 के अंतिम तिमाही में संख्या

> विभाग का प्रयास होता है कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अधिक से अधिक पात्रों को लाभ दिया गया है।
>
> - **कुमार प्रशांत**, निदेशक, समाज कल्याण

वित्तीय वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जून तक तिमाही में पेंशन किस्त भेजने के समय प्रदेश में लाभार्थियों की संख्या 46,55,818 थी। यह जुलाई से सितंबर तक दूसरी तिमाही में बढ़कर 46,66,083 पहुंच गई। अक्टूबर से दिसंबर तक पेंशन लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 52,79,288 हो गई थी। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से मार्च में भुगतान किया गया तो पात्रों की संख्या 55,68,590 हो गई। पेंशन का लाभ लेने वालों की बुजुर्गों की संख्या प्रतिमाह औसतन 76,064 बढ़ी है।

### पेंशन लाभार्थियों की वृद्धि का आंकड़ा

| जिला | जून 2023 | मार्च 2024 |
|---|---|---|
| आगरा | 50,649 | 63,477 |
| अलीगढ़ | 51,604 | 60,792 |
| अंबेडरकरनगर | 113,198 | 129793 |
| आजमगढ़ | 142459 | 172464 |
| अयोध्या | 77343 | 91030 |
| बहराइच | 92849 | 119916 |
| बलिया | 104278 | 125049 |
| बरेली | 67358 | 78469 |
| बस्ती | 94042 | 109073 |
| बाराबंकी | 91011 | 110880 |

| जिला | जून 2023 | मार्च 2024 |
|---|---|---|
| गोरखपुर | 128423 | 157073 |
| हरदोई | 102526 | 125678 |
| जौनपुर | 156827 | 177855 |
| कानपुर देहात | 66479 | 74613 |
| कानपुर नगर | 60803 | 78234 |
| रामपुर | 39336 | 46666 |
| शाहजहांपुर | 74,775 | 89390 |
| उन्नाव | 103034 | 120206 |
| लखनऊ | 55759 | 65931 |
| वाराणसी | 83603 | 102801 |

## एक नजर

### मिल्कीपुर में बनाए गए 414 मतदान केंद्र



**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 414 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन पर कुल 3,61,815 हजार मतदाता 20 मई को अपने मतदाधिकार का प्रयोग करेंगे। उप जिला अधिकारी राजीव रत्न सिंह कहना है कि शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

### कल आएगी एनबीआरआई की टीम, करेगी निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** धारा रोड स्थित अफीम कोठी के पीछे बनने वाले बायो डायवर्सिटी पार्क की जगह का निरीक्षण करने के लिए लखनऊ से एनबीआरआई की टीम सोमवार को अयोध्या पहुंचेगी। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि टीम के आने से पहले शनिवार को उक्त स्थान का निरीक्षण किया गया।

### डॉ. नानक सरन बने एफडीए के अध्यक्ष

**अयोध्या, अमृत विचार :** फैजाबाद डायबिटीज एसोसिएशन (एफडीए) के चुनाव में शनिवार को फिजिशियन डॉ .नानक सरन को अध्यक्ष व डॉ . वीरेंद्र वर्मा को सचिव के पद के लिए चुना गया है। चुनाव अधिकारी डॉ . आरपी राय ने बताया कि चुनाव में एफडीए ने दोनों पदों के लिए एक-एक नाम दिया था। दोनों को चुन लिया गया है। मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ .वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि पद की गरिमा बनाए रखने के लिए पूरी तन्मयता से कार्य करूंगा। संरक्षक डॉ . केएस मिश्र व डॉ . एफबी सिंह व अन्य सदस्यों ने बधाई दी है।

### निषाद राज पार्टी ने की बैठक

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर निषाद राज पार्टी की गोसाईगंज विधानसभा की ब्लॉक, सेक्टर कार्यकर्ताओं की बैठक परशुराम वर्मा पीजी कॉलेज में हुई। जिला अध्यक्ष आशाराम निषाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि अंबेडकरनगर के भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू रहे। जिला संरक्षक राजेश कुमार निषाद ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। निन्हुराम निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष रामजूगुन निषाद, शिवकुमार निषाद, रामपाल निषाद आदि मौजूद रहे।



जलभराव के बीच ठेला लेकर निकलता एक दुकानदार।



जलभराव के बीच से किसी तरह निकलती एक महिला



जलभराव से आजिज आकर प्रदर्शन करते कंधारी बाजार के निवासी। अमृत विचार

## सुभाष नगर वार्ड में जलभराव, घरों से निकलना दूभर

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर के सुभाष नगर वार्ड में जलभराव होने के कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। पार्षद अर्जुन यादव ने शनिवार को बताया कि रामपथ पर मेन नाला बंद कर सफाई का कार्य किया जा रहा है, जिससे गलियों में जल निकासी बंद हो गई है। आलम यह है कि बार-बार सेप्टिक टैंक से पानी निकलवाना पड़ता है। पानी भरा होने के कारण मच्छरों का भी आतंक है। वार्ड निवासी राजन शर्मा, पंकज श्रीवास्तव, बब्लू खान, राधेश्याम, सुनील यादव आदि ने बताया कि करीब 15 दिनों से परेशानी झेल रहे हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने गत दिवस कंदारी बाजार मोहल्ले में प्रदर्शन कर अपना विरोध भी दर्ज कराया था।

## दहेज हत्या के मामले में पति को 10 साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के मामले में पति को 10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया गया है। उस पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट यशपाल की अदालत से शनिवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडे ने बताया तारुन थाना क्षेत्र के अमौना निवासी सुरेंद्र कुमार ने अपनी बहन पूनम की शादी 10 फरवरी 2022 को राजकुमार निवासी रघुवीर पांडेय का पुरवा पलिया शाहबदी थाना कैंट के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल वाले पूनम को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसी से ऊबकर 16 जुलाई 2022 को विवाहिता ने पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के कुछ समय पूर्व विवाहिता अपने मायके गई थी। पति और उसकी भाभी हाथ पैर जोड़कर उसे ससुराल विदा करा कर ले गए थे। इसकी रिपोर्ट मृतका के भाई ने दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी।

# जिला अस्पताल में ओपीडी के समय ही हो रहीं जांचें

## 24 घंटे सुविधाएं शुरू करने का किया गया था दावा, मरीज परेशान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल प्रशासन की तरफ से दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर काम नहीं दिखता है। ताजा मामला है अस्पताल पहुंची डिजिटल एक्स-रे मशीन और इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) का। दोनों ही मामलों में किए गए दावे धराशायी हो गए। न तो डिजिटल एक्स-रे मशीन का संचालन शुरू हुआ और न ही आईपीएचएल में 24 घंटे जांच शुरू हुई।

जिला अस्पताल के क्षेत्रीय निदान केंद्र में मरीजों को 24 घंटे जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन ने करीब 89 लाख रुपये की लागत से आईएचपीएल लैब का निर्माण कराया था। लैब का एक माह पूर्व संचालन शुरू कराया गया था। लैब में जांचें तो शुरू हो गईं, लेकिन सिर्फ ओपीडी के समय तक ही जांचें हो रही हैं। अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुशील कुमार ने शुक्रवार को भी जांचों के बारे में सीएमएस से रिपोर्ट मांगी थी। उस दौरान सीएमएस ने स्टाफ की कम संख्या होने का हवाला दिया था। लैब प्रभारी की तरफ से दो डाटा ऑपरेटर, तीन लैब टेक्निशियन के अलावा फाइव पार्ट सेल काउंटर मशीन उपलब्ध कराने की मांग की गई है।



> कर्मचारियों की काफी कमी है। लैब को 24 घंटे चलाने के लिए कर्मियों की मांग भेजी गई है। डिजिटल एक्स-रे मशीन का जल्द ही संचालन कराया जाएगा। - डॉ . अरुण प्रकाश, सीएमएस

### डिजिटल एक्स-रे मशीन जस की तस रखी

जिला अस्पताल में गत दिनों 100 एमए की डिजिटल एक्स-रे मशीन शासन से आई थी। दो हफ्ते बीतने के बाद भी उसे रखने की जगह तय नहीं हो पाई। इस मशीन के लग जाने से एक्स-रे पांच मिनट में ही मरीजों को मिल जाएगा। अभी 17 नंबर कक्ष में 100 एमए की मैनुअल एक्स-रे मशीन से मरीजों की जांच की जाती है। इसके अलावा 300 एमए की मशीन से आरडीसी में एक्स-रे होता है, लेकिन वहां मेडिकोलीगल की वजह से आम मरीजों को सुविधाएं कम ही मिल पाती है। अस्पताल में एक्स-रे टेक्निशियन का भी एक ही पद है। एक कर्मी को तारुन से अटैच किया गया है, जबकि दो संविदा कर्मी कार्य कर रहे हैं।

### एमबीबीएस विद्यार्थियों की इंटर्नशिप शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस फर्स्ट बैच के पास आउट विद्यार्थी अब इंटर्नशिप करेंगे। इसके लिए शनिवार को प्रिंसिपल डॉ . ज्ञानेंद्र कुमार ने आदेश जारी कर दिया। एनएमसी के नियमों के अनुसार सभी विद्यार्थियों को हर विभाग सर्जरी, ईएनटी, पीडिया, गायिनी व मेडिसिन आदि में काम करना होगा। इसके लिए मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों को ए,बी व सी आदि के क्रम में विभाजित किया गया है। विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान 13 से 14 हजार के बीच स्टेफेन भी मिलेगा।

## लापता सेवानिवृत फौजी का मिला शव

**कुमारगंज,अयोध्या। अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के पिठला गांव निवासी लापता सेवानिवृत फौजी का शव शनिवार को कृषि विश्वविद्यालय की चाहरदीवारी के पास मिला है। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर उसके बेटे ने गुरुवार को पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थाना क्षेत्र के पिठला गांव निवासी पूर्व सैनिक शिव प्रसाद शर्मा(85) गुरुवार तड़के करीब 3.30 बजे अपने घर से गायब हो गए थे। वह अपने छोटे बेटे उमेश शर्मा के परिवार के साथ ही रहते थे। कोरोना काल में उमेश की मौत के चलते वह अवसाद में थे। छोटे बेटे उमेश के परिवार का भरण-पोषण व बच्चों चंद्र प्रकाश, रोशनी व विजय प्रकाश की पढ़ाई-लिखाई का खर्चा उठाते थे। गायब भारतीय सेना से सेवानिवृत वृद्ध की परिवार ने इधर-उधर खोजबीन की लेकिन कोई सुराग न मिलने पर बेटे वेद प्रकाश शर्मा ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लोगों ने शनिवार सुबह पोल्टी फार्म के आगे विश्व विद्यालय की चाहरदीवारी के पास एक वृद्ध का शव देखा और जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को बुलाकर शिनाख्त कराई। मौत की जानकारी के बाद परिवार का रो-रोककर बुरा हाल है।



फौजी शिव प्रसाद शर्मा (फाइल फोटो)

प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह का कहना है कि तीन दिन पूर्व लापता पूर्व सैनिक का शव घर से करीब एक किलोमीटर दूर मिला है। मौत की वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

## सार-संक्षेप



सपा की मासिक बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन।

### कार्यकर्ताओं को दिया चुनावी मंत्र

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सपा की शनिवार को पार्टी कार्यालय पर हुई मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनावी मंत्र देते हुए पार्टी के सभी तंत्र को सक्रिय किया गया। प्रचार-प्रसार के दौरान भाजपा की नाकामियों को जनता के बीच रखने के लिए निर्देश दिए गए। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोक सभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद चुनाव जीतेंगे और केन्द्र में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में सरकार बनेगी। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व विधायक जयशंकर पांडे व जिला महासचिव बख्तियार खान ने भी संबोधित किया। अंत में शोक सभा हुई। जिसमें पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी एवं वरिष्ठ नेता राम तेज यादव को श्रद्धांजलि दी गई। जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नेता छेदी सिंह, छोटे लाल यादव, बलराम मौर्या, हाजी असद अहमद, केके पटेल समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अब प्रवेश के समय ईमेल व मोबाइल नंबर देना अनिवार्य

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में नए सत्र 2024-25 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ . महेंद्र देव ने सभी डीआईओएस से कहा है कि नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों को प्रवेश के ईमेल आईडी और उनके मोबाइल नंबर प्रवेश आवेदन के साथ ही लिए जाएं। इनको माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाए। माध्यमिक विद्यालयों में उनके यहां चल रहे कोर्स, वर्ग, शिक्षक व विद्यार्थियों के विवरण और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देने के लिए उनकी वेबसाइट तैयार कराई जा रही है। जिस पर इन सूचनाओं को अपलोड भी किया जाएगा इससे बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ी पर भी रोक लगेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ . राजेश कुमार आर्या ने बताया कि सभी 461 माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सूचित किया गया है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में कॉलेजों से इसका ब्योरा भी लिया जाएगा।

### मानवता को समर्पित था सूफियों का जीवन



बूथ संख्या 303 अंकवारा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** फखरुद्दीन अली अहमद कमेटी के अध्यक्ष तुरज जैदी ने शनिवार को प्रसिद्ध दरगाह हजरत शेखउल आलम में जियारत की। उन्होंने कहा कि सूफियों का जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित था। शांति, सहिष्णुता और संयम पर आधारित समाज बनाने के लिए अमृत हैं। सज्जादानशीन सुब्बू मियां ने कहा कि जो शख्स पैगम्बर मुहम्मद साहब से प्यार कर लेता है और उनकी आज्ञा मानने को अपना आदर्श बना लेता है तो उसे अपार शक्तियां मिल जाती हैं। आध्यात्मिक आस्ताना के खानकाह सज्जादानशीन शाह मुहम्मद अली आरिफ ने इस्तकबाल किया। इस मौके पर शाह उस्मान, शाह आमिर तबरेज, शाह फरीद अहमद आदि मौजूद रहे।

### प्रबंधक की मौत के मामले में हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने रिकाबगंज स्थित एक कपड़ा शो रूम के प्रबंधक की दुर्घटना में हुई मौत के मामले में अज्ञात वाहन और उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर कोतवाली के रिकाबगंज क्षेत्र स्थित कपड़ा शो रूम से 20 मार्च की रात ड्यूटी कर घर जा रहे प्रबंधक बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के जेरुवा भावापुर निवासी शिव शंकर तिवारी की बाइक में अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन गेट के सामने किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। घायल प्रबंधक को जिला अस्पताल के डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय का कहना है कि मृतक के छोटे भाई शिव दुर्गा तिवारी की तहरीर पर अज्ञात वाहन और उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर वाहन की शिनाख्त कराई जा रही है।

### सपा का रोजा इफ्तार आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से रविवार को गुलाबबाड़ी स्थित पार्टी कार्यालय पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया है। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि जिला और महानगर इकाई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रोजा इफ्तार में वरिष्ठ नेताओं समेत लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### लगाई चौपाल, बताए विकास

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भाजपा ने शनिवार को चौपाल लगाई। केंद्र व प्रदेश सरकार के विकास को बताया। चौपाल सीवार, बरईकला, बरसेण्डी, हरिदास का पुरवा, पिरखौली, कोटडीह, रामपुर ग्रन्ट, अशोगीपुर, महोली की चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के दो कार्यकाल में देश ने अभूतपूर्व विकास देखा। अयोध्या को विश्व की धार्मिक पर्यटन की राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। सरकार ने समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया। विधायक अमित सिंह चौहान ने कहा कि पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस मौके पर कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, विनोद गौड़, भूपेन्द्र सिंह बल्ले, वेद गुप्ता, सच्चिदानंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

### अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते लोग।

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज को कार्यालय और नगर पंचायत क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को लेकर एडवोकेट दीपक सिंह और बल्लू दूबे ने नौ बिन्दुओं पर एक मांग पत्र शनिवार को ईओ को सौंपा। अधिशासी अधिकारी सचिन पटेल ने बताया मांगों पर विचार कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पताल में लू के मरीजों के लिए बनाया गया वातानुकूलित वार्ड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गर्मी और चटख धूप के बीच अस्पतालों में मरीजों की बाढ़ सी आ गई है। जिला अस्पताल में रोजाना डायरिया के मरीज भी पहुंचने लगे हैं। इस बीच सीएमएस ने आगामी दिनों में चलने वाली लू को देखते मरीजों को वातानुकूलित वार्ड में भर्ती करने का निर्देश जारी किया है।

▶▶ जिला अस्पताल में आठ बेड का है रिजर्व वार्ड

सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने शनिवार को बताया कि ईएनटी वार्ड के नजदीक बने आठ बेड वाले रिजर्व वार्ड में ही लू के मरीजों को भर्ती किया जाएगा। इसके लिए इमरजेंसी के ईएमओ, चिकित्सकों व फार्मासिस्टों को निर्देश जारी कर दिया गया है। डॉ.अरुण प्रकाश ने बताया कि लू लगने पर मरीजों को ठंडी हवा की जरूरत होती है। अभी रिजर्व वार्ड में एक एसी लगा हुआ है। एक और एसी लगवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में दवाएं व ओआरएस के घोल मंगाए गए हैं।




लू के मरीजों के लिए रिजर्व वार्ड तैयार किया जा रहा है।

### आज बादल छाए रहने की संभावना

मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। शनिवार दोपहर एक बजे के करीब बादल छा गए। हालांकि थोड़ी बाद में फिर से तेज धूप हो गई। नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ . अमरनाथ मिश्र ने बताया कि अधिकतम तापमान 37 व न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आगामी 24 घंटे में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है।

## रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के राजा बोध का पुरवा में आसपास दुकान चलाने वाले दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस को दी तहरीर में राजा बोध का पुरवा निवासी भानुमती पत्नी घनश्याम का कहना है कि उनकी दुकान के बगल की दुकान पर काम करने वाले पंकज निवासी चांदपुर, मोनू निवासी जौनपुर व सूरज ने रंजिश के चलते गाली-गलौच करते हुए पुत्र आजाद कुमार व पति घनश्याम को मारा पीटा। हल्ला-गुहार पर लोगों के एकत्र होने पर हमलावर जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गये। घायल बेटे को लखनऊ में भर्ती कराया है। वहीं दूसरे पक्ष की शर्मिला पत्नी कृष्ण कुमार का आरोप है कि वह अपनी दुकान पर झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान घनश्याम ने गाली-गलौच शुरू कर दी। भाई मोनू मौके पर पहुंचा तो घनश्याम, उसकी पत्नी भानुमती,आजाद, कुलदीप व दो अन्य ने उसकी पिटाई कर जान से मार डालने की धमकी दी। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी विवाद के चलते झगड़ा हुआ है। दोनों पक्ष की शिकायत दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# 62 ने दी गलत सूचना 184 पाए गए अनफिट

अयोध्या कार्यालय

▶▶ चुनाव ड्यूटी को लेकर कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण

**अमृत विचार :** अब तक कराए गए कर्मचारियों के मेडिकल परीक्षण में 62 कर्मचारी ऐसे पाए गए जो चुनाव ड्यूटी करने के योग्य हैं लेकिन सूचना गलत डाली थी। जबकि 184 कर्मचारी चुनाव ड्यूटी के लिए अनफिट पाए। अब तक कुल 251 कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण किया गया।

विकास भवन के सभागार में शनिवार को मेडिकल बोर्ड ने 47 कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण किया। इससे पहले तीन अप्रैल को 107 कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया था। इसमें 71 कर्मचारी ड्यूटी के लिए अनफिट पाए गए थे। जबकि 36 लोगों ने गलत सूचना दी थी। वह ड्यूटी योग्य पाए गए।इसी तरह चार अप्रैल को मेडिकल परीक्षण में 17 कर्मचारियों ने गलत सूचना फीड कराई थी। यह ड्यूटी करने योग्य पाए गए, जबकि 75 कर्मचारी अनफिट पाए गए।अब तक कुल 251 कर्मचारियों के मेडिकल परीक्षण में 62 चुनाव ड्यूटी करने योग्य और 184 ड्यूटी न करने योग्य पाए गए। अब आठ और नौ अप्रैल को फिर ऐसे कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा।

डीडीओ उपेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि जिन कर्मचारियों को मेडिकल परीक्षण में ड्यूटी के लिए अनफिट पाया गया है उन्हें ड्यूटी कार्य से मुक्त रखा जाएगा लेकिन जो कर्मचारी फिट पाए गए हैं। उन्हें चुनाव ड्यूटी में लगाया जाएगा। गलत सूचना देने वालों के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

**लोकसभा चुनाव** | क्षेत्र के पांचों विधानसभा क्षेत्र में सर्विलांस टीमें सक्रिय, वीडियोग्राफी के भी निर्देश

# सियासी दलों की 'ईदी' पर भी नजर

अयोध्या कार्यालय

▶▶ 15 एफएसटी और 18 एसएसटी टीमें गठित, 11 अप्रैल को संभावित है ईद

**अमृत विचार :** 11 अप्रैल को ईद की संभावना के चलते राजनीतिक दलों को लेकर निगरानी शुरू कर दी गई है। सियासी दलों के नेताओं द्वारा अपने-अपने इलाकों में ईदी देने के बहाने मतदाताओं को साधने की कोशिश भारी पड़ सकती है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमों द्वारा इसकी निगरानी के लिए इंतजाम किए गए हैं।

इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान ही ईद का पर्व पड़ रहा है। जिले में अभी अधिसूचना लागू नहीं हुई है लेकिन चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता प्रभावी हो गई है। राजनीतिक दलों द्वारा इस पर्व के मौके पर अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों से मिल कर बच्चों आदि को ईदी और अन्य उपहार देने की परंपरा निभाई जाती है, लेकिन इस बार चुनाव के दौरान ईद पड़ने से उन्हें इस प्रयास में संकट का सामना करना पड़ सकता है। आयोग की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मतदाताओं को लुभाने के किसी भी तरह के प्रयास और प्रयोग को आचार संहिता का सीधा उल्लंघन माना जाएगा।



### चौकीदार निभायेंगे गुप्तचर की भूमिका

लोकसभा चुनाव में मतदाता को किसी तरह के प्रलोभन के मामले में चौकीदारों को भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। थानों के अधीन तैनात यह चौकीदार भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और सूचना थाने पर देगें। थानों से सूचना विधानसभा वार गठित टीमों को उपलब्ध कराई जाएगी।

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद, मिल्कीपुर, बीकापुर, रुदौली, अयोध्या और गोसाईगंज आते हैं। इन्हीं विधानसभाओं के कुल 19,19,720 मतदाता 20 मई को पांचवें चरण में मतदान करेंगे। इसी के चलते 25 जोनल और 193 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अभी से सक्रिय कर दिया गया है। जिला प्रशासन गठित 15 एफएसटी और 18 एसएसटी टीमें भी विधानसभा वार वीडियोग्राफी के साथ लगाई गईं हैं। इन टीमों के ईद के दौरान क्षेत्रों में गतिशील और राजनीतिक दलों की गतिविधियों की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर पंचायत सचिवों को प्रधानों पर भी नजर रखने के लिए कहा गया है।

> आचार संहिता प्रभावी है और सभी निगरानी की जा रही है। सभी टीमों को सक्रिय किया गया है और किसी दल द्वारा उपहार व नगद धनराशि दिए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। -अनिरुद्ध प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी



पार्टी कार्यालय पर स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण करते सांसद व जिलाध्यक्ष।

## ध्वजारोहण किया, मिठाई खिला मनाया स्थापना दिवस

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भाजपा के स्थापना दिवस पर शनिवार को पार्टी कार्यालय सहादतगंज में सांसद लल्लू सिंह ने ध्वजारोहण किया। पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई दी। पार्टी पदाधिकारियों ने अपने-अपने आवास पर पार्टी का ध्वज लगाया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। इसी भाव को आत्मसात कर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। परिवारवाद का भाजपा में कोई स्थान नहीं है। पार्टी राष्ट्रवाद के सिद्धान्त पर चलती है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मेहनत की बदौलत भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलते हुए हम अंतिम व्यक्ति के उत्थान के प्रति संकल्पित है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर हम तेजी से बढ़ रहे है। महानगर और जिले के सभी मण्डलों व बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने आवास पर ध्वजारोहण किया। पार्टी कार्यालय के कार्यक्रम में पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ, शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्य, शशि प्रताप सिंह, दिनेश कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.30 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.26 बजे
इफ्तार : 06.12 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# बंद रहीं हनुमानगढ़ी की लड्डू प्रसाद की 250 दुकानें

**20** घंटे से अधिक समय से बंद हैं दुकानें

## स्टील रेलिंग के विरोध में उतरे दुकानदार, जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, 50 क्विंटल से अधिक देशी घी के लड्डू और दो सौ क्विंटल फूलमाला भी नहीं बिकी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर हनुमानगढ़ी पर स्टील रेलिंग लगाए जाने को लेकर शनिवार को हनुमानगढ़ी की करीब 250 लड्डू प्रसाद की दुकानें पूरे दिन बंद रहीं। रेलिंग के विरोध में उतरे दुकानदारों ने आक्रोश जताते हुए जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को ज्ञापन भी सौंपा। लड्डू प्रसाद की दुकानों की बंदी के चलते श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अभूतपूर्व बंदी के चलते शनिवार को 50 क्विंटल से अधिक देशी घी के लड्डू नहीं बिके और करीब दो सौ क्विंटल फूलमाला भी पड़ी रही।

अयोध्या धाम चैत्र रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए लगी स्टील रेलिंग के विरोध में भक्ति पथ के दुकानदारों ने विरोध करते हुए सुबह ही दुकानें बंद कर लीं। सूचना पर उच्चाधिकारी भक्ति पथ के दुकानदारों से बातचीत करने पहुंचे और बंद दुकानों को खोलने के लिए मान मनौव्वल करने लगे लेकिन बात नहीं बनी।

श्रद्धालु शनिवार होने के नाते भोर में पहुंचने लगे तो उन्हें हनुमंत लला पर चढ़ावे के लिए लड्डू नहीं मिल सके। दोपहर तक यही स्थिति रही, बाद में रामपथ पर स्थित दुकानों से लड्डू लेकर हनुमंत लला के दरबार में शीश नवाया।


भक्तिपथ पर शनिवार को बंद लड्डू प्रसाद की दुकानें।


व्यापारियों को मनाने पहुंचे एसडीएम सदर व अन्य अधिकारी।


भक्तिपथ पर रातों रात लगाई गई स्टील रेलिंग।

"प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पूर्व में हनुमानगढ़ी पर संतों के साथ बैठक कर रेलिंग लगाए जाने की व्यवस्था पर सहमति बनी थी। यह स्थाई रूप से रेलिंग लगाई जा रही है। व्यापारियों की मांग पर रेलिंग के बीच में कुछ स्थान छोड़ा जा रहा है। एक लेन मेडिकल सुविधा के लिए भी खाली रहेगी। – **नीतीश कुमार, जिलाधिकारी**"

### व्यापारी बोले- रातों रात लगवा दी रेलिंग, कैसे होगी दुकानदारी

व्यापारियों का कहना है कि रामजन्म भूमि और हनुमानगढ़ी दोनों मुख्य मंदिरों पर जिला प्रशासन ने रातों रात मुख्य मार्गों पर स्टील के रेलिंग लगवा दीं। दुकानों के आगे रेलिंग को देखकर शनिवार सुबह भक्तिपथ के दुकानदार भड़क गए।उनका कहना था कि ऐसे में दुकानदारी कैसे होगी। सभी दुकान बंद करने की अपील करने लगे। सुबह लगभग 11 बजे जिला प्रशासन का एक प्रतिनिधि मंडल व्यापारियों से मिलने आया और समस्या को सुना। व्यापारियों से ज्ञापन लेकर उच्चाधिकारी से बात करने का आश्वासन दिया। बताया कि जल्द ही उनकी समस्या का निराकरण किया जायेगा।



जिला प्रशासन स्टील रेलिंग लगाकर दुकानदार की रोजी रोटी खत्म करने की साजिश कर रहा है। बिना विश्वास में लिए मनमाने तरीके से काम कर रहा है। मांग है स्टील रेलिंग को तत्काल प्रभाव से हटवा कर पूर्व की भांति ड्रॉप रेलिंग की व्यवस्था की जाए। प्रशासन हम व्यापारियों की बात नही मानता है तो प्रत्येक दुकान को बंद कराई जाएगी। **–पंकज गुप्ता, व्यापारी नेता।**



दो वर्षों से अयोध्या का व्यापारी प्रशासन के द्वारा करवाए जा रहे कार्यों के कारण परेशानी झेल रहा है। जब रोजी रोटी की स्थिति सुधरने लगती है तब कुछ न कुछ जिला प्रशासन के द्वारा ऐसा कार्य करवाया जाता है जिससे व्यापारी परेशान हो जाते हैं। अब अयोध्या धाम का व्यापारी कमजोर नहीं है। स्टील की रेलिंग लगने से दोनों पटरी के व्यापारी लोगों की रोजी पर व्यापक असर पड़ेगा। रेलिंग नहीं हटाई जाती है तो सभी दुकानदार रामनवमी मेले में अपनी अपनी दुकानें बंद करके अपना विरोध दर्ज करवाएंगे। **–नंदलाल गुप्ता, अध्यक्ष, हलवाई समाज**

### 200 क्विंटल फूलमाला भी नहीं बिकी

### एडीएम को ज्ञापन सौंपा, राहत का आश्वासन मिला

उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल की ओर से एडीएम सलिल पटेल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भक्तिपथ पर स्टील रेलिंग को गलत बताते हुए व्यापार के नुकसान का कारण बताया गया है। मांग की गई है कि दुकानदारों की समस्या और जीवन यापन को देखते हुए तत्काल समस्या का समाधान किया जाए। अन्यथा आने वाले दिनों में सभी दुकानें बंद कराने का अभियान चलाया जाएगा। स्टील बैरियर हटा कर ड्राप बैरियर की मांग की गई। एडीएम ने ज्ञापन लेकर राहत का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसडीएम राजकुमार पाण्डेय, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट संदीप श्रीवास्तव, सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्रा, थाना रामजन्मभूमि प्रभारी देवेन्द्र पांडेय मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्रमुख सचिव अमृत अभिजात कल लेंगे तैयारियों का जायजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनवमी को लेकर नगर निगम की ओर से की जा रही तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सोमवार को प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात अयोध्या आ रहे हैं। इसको लेकर शनिवार को दिन भर निगम के अधिकारी फील्ड में तैनात दिखे। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि प्रमुख सचिव के आने का कार्यक्रम आया है।

# 15 वर्षों में मान्यता का ब्योरा न देने पर बीएसए तलब

अयोध्या कार्यालय

▸▸ महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से मांगी गई थी जानकारी

**अमृत विचार :** जिले में 15 साल से कितने स्कूलों को मान्यता दी गई। इसका ब्योरा उपलब्ध न कराने पर महानिदेशक ने 11 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से बीएसए को तलब किया है।

निदेशालय ने पहले 23 फरवरी और दोबारा सात मार्च को बीएसए से जानकारी मांगी थी कि 15 वर्ष में कितने शैक्षिक संस्थाओं को विद्यालय चलाने के लिए मान्यता दी गई। इसकी सूचना 15 दिन में निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने को कहा था। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है जिले से यह सूचना नहीं भेजी गई। यह अत्यंत ही खेदजनक है। उन्होंने कहा है कि निर्धारित सूचना हर हाल में 10 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। ऐसा न करने पर 11 अप्रैल को बीएसए को व्यक्तिगत रूप से राज्य परियोजना कार्यालय में प्रस्तुत होकर यह सूचना देनी होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने कहा तलब जैसा कोई आदेश नहीं है, सूचना जुटाई जा रही है। शीघ्र भेज दी जाएगी।

# पेड़ की डाल से लटकता मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** थाने के ग्यासपुर पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित एक खेत किनारे शनिवार को संदिग्ध हालात में पेड़ की डाल से दुपट्टे के सहारे लटका एक युवती का शव मिला है। परिवार ने हत्या की आशंका जताई है। ग्यासपुर ग्रामसभा के पुरवे सकठपुर निवासी युवती सोनी (20) पुत्री मलखान निषाद शनिवार सुबह 10 बजे घर से गेहूं की फसल की कटाई करने के लिए तमसा नदी के किनारे स्थित अपने खेत पर गई थी। दूसरी पहर युवती की मां विमला देवी खेत की ओर गई तो सिवान में मौजूद गांव के बच्चों ने खेत स्थित पेड़ की डाल से शव के लटके होने की जानकारी दी। गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और सूचना पुलिस को दी गई। मां का आरोप है कि हत्या के बाद आत्महत्या का रूप दिया गया है। पुत्री का पैर जमीन पर था। वह बीए अंतिम वर्ष की छात्रा थी। थाना अध्यक्ष ओपी राय का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।


सोनी (फ़ाइल फोटो)

# अधेड़ की ईंट से कूंचकर हत्या

अयोध्या कार्यालय

▸▸ नगर कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्म बाबा के सामने राजापुरम कॉलोनी में हुई वारदात

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक अधेड़ ट्रक चालक की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त कैंट थाना क्षेत्र निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर कोतवाली पुलिस को शनिवार भोर में प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ब्रह्म बाबा के सामने राजापुरम कॉलोनी स्थित एक मकान में अधेड़ का रक्तरंजित शव होने की जानकारी मिली। पुलिस को मौके से एक ईंट का अद्धा मिला है। मृतक की पहचान सदाशिव तिवारी (50) पुत्र सुरेश तिवारी के रूप में हुई है। उसका भाई उमेश तिवारी भी ट्रक चालक है और कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज स्थित हंसनगर कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है। जांच में यह बात सामने आई है कि मकान संयुक्त खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा का है। जिसको उन्होंने देखेरेख के लिए दे रखा था। वर्तमान में इसी तीन कमरे के मकान में एक 48 वर्षीय महिला निवास करती है। मृतक सदाशिव तिवारी अक्सर बाहर रहता था और उसका विवाह नहीं हुआ था। शहर लौटने पर इसी महिला के साथ रुकता था। आशंका यह भी जताई जा रही है कि पहले गला दबाया गया उसके बाद ईंट के अद्धे से प्रहार कर चेहरा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक की पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। पीड़ित परिवार से मिली शिकायत के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई कराई जाएगी। पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### आज आएंगे राजस्थान के राज्यपाल

**अयोध्या। अमृत विचार :** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र रविवार को अयोध्या आएंगे। वह परिवार के साथ राम लला व हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे। बताया गया कि वह सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। 11.10 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद दर्शन के लिए जाएंगे। राम लला के दरबार में परिवार समेत लगभग 12 पहुंचेंगे। दर्शन के साथ ही राम मंदिर का निर्माण देखेंगे। वह लगभग डेढ़ बजे हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन-पूजन करेंगे।

### रैली के जरिए मतदाताओं को किया जागरूक


जागरुकता रैली का नेतृत्व करते बीडीओ व एसडीएम। अमृत विचार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** शत-प्रतिशत मतदान के लिए शनिवार को मिल्कीपुर में जागरूकता रैली निकाली गई। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गांव-गांव में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शपथ के साथ ही गांव से बाहर रह रहे मतदाताओं से संपर्क कर मतदान हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। ब्लॉक मुख्यालय पर उप जिला अधिकारी राजीव रत्न सिंह, बीडीओ केके सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक मुख्यालय से लेकर इनायत नगर बाजार तक पंचायत सहायक, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, सफाई कर्मियों समेत करीब 300 कर्मचारियों द्वारा रैली निकाली गई। रैली में 'सरकार बने मतदान से हम सब का यही संकल्प है' आदि स्लोगन के नारे लग रहे थे। बीडीओ मिल्कीपुर केके सिंह ने कहा कि निर्वाचन विभाग का लक्ष्य शत-प्रतिशत मतदान कराने का है।

### दो दिवसीय पिसाची मेला कल से

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड पर चैत मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को प्रतिवर्ष लगने वाला दो दिवसीय पिसाची मेला रविवार से शुरू हो रहा है। राम भरत मिलाप प्राचीन मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार तिवारी, समाजसेवी विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य तेज बहादुर यादव ने नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा अध्यक्ष मोहम्मद राशिद और अधिशासी अधिकारी इंद्र प्रताप से मांग की है कि मेले में दुकानदारों से किसी भी तरह की वसूली न की जाए। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं।

### साइबर ठगों से सतर्क रहें छात्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में साइबर ठगों की सक्रियता को लेकर डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने शनिवार को छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सचेत किया है। जारी पत्र में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा है कि कुछ साइबर ठगों द्वारा प्रलोभन देकर पास कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है। अयोध्या के परीक्षार्थियों को जागरूक किया जाता है कि ऐसी लोगों से सावधान रहें। उन्होंने बताया कि सभी प्रधानाचार्यों को भी सूचित किया गया है कि वह छात्रों को सजग करें।

### बिना रॉयल्टी के बालू लदा ट्रक किया सीज

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना चौकी सती चौरा क्षेत्र में शुक्रवार रात एक अवैध बालू लदा ट्रक सीज कर दिया गया। ट्रक खंडासा थाना क्षेत्र के अमानीगंज बालू गिराने जा रहा था। सती चौरा चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल ने चालक से रॉयल्टी मांगी जो दिखा नहीं पाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए खनन व आरटीओ विभाग को सूचित कर दिया गया है।

### एएलएस एंबुलेंस स्टाफ को किया गया सम्मानित



सीएमओ की मौजूदगी में डॉ. दीपक पांडेय एम्बुलेंस स्टाफ को सम्मानित करते हुए।

**अयोध्या। अमृत विचार :** सरकार ने प्रदेश के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए निशुल्क एएलएस एंबुलेंस सेवा प्रदान की है। संस्था द्वारा एएलएस एंबुलेंस सेवा के कार्यरत ईएमटी व पायलट का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सीएमओ डॉ. संजय जैन और डिप्टी सीएमओ डॉ. दीपक पांडे की अध्यक्षता में हुआ। शिविर में डॉ. शिव शंकर प्रसाद ने अस्पताल पहुंचने तक गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए प्राथमिक उपचार देने का तरीका बताया। बेहतर कार्य करने वाले ईएमटी व चालकों को सम्मानित व पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर दीपक खरबंदा, अलेक्जेंडर जान, जोगेंदर सिंह, सुवन समीर, अमन शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अरे ! यह तो बहुत गहरा होल था

▸▸ धंसे रामपथ में भरी गई गिट्टी, मरम्मत जारी



खवासपुरा के निकट शुक्रवार को धंसे रामपथ की मरम्मत जारी रही।

**लग रहा जाम**

राम पथ धंसने से एक लेन को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है, आज शनिवार को यातायात बढ़ा तो दूसरी लेन पर दबाव बढ़ गया। इसके कारण हर समय जाम लगता रहा और लोग परेशान रहे।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अरे! यह तो गहरा होल बन गया था। यह तो अच्छा हुआ कि दिन में पता चल गया अन्यथा तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। यह टिप्पणी शनिवार को धंसे राम पथ को देखने वालों की थी। फिलहाल धंसे राम पथ के मरम्मत का काम कराया जा रहा है। खवासपुरा और बेनीगंज के तीन स्थानों पर शुक्रवार को अचानक राम पथ धंस गया। सड़क नई है। इसलिए लोगों की तीखी टिप्पणियां सुनने को मिल रही है। सड़क धंसने पर गडढा बन गया। एक लेन बंद की गई। यातायात एक लेन पर डायवर्ट किया गया। इंजीनियर और कर्मचारी पहुंचे। निरीक्षण किया। मरम्मत का कम शुरू हुआ। गैंती चली तो आसपास काफी दूर में मिट्टी धंस गई। गड्ढा बढ़ा हो गया। पेयजल पाइप लाइन की मरम्मत करके रिसाव रोका गया। काम करने वाले बताते हैं कि पहले मिट्टी भरी गई, फिर सफेद गिट्टी से भरा गया। रास्ता अब भी बंद है। सड़क पक्की नहीं की गई। देखा जा रहा है कि दबाव पड़ने पर फिर रिसाव न हो। इसके बाद ही इसे पक्का किया जाएगा। सभी स्थानों पर मरम्मत का काम चल रहा है।

# 20 क्विंटल फूलों से सजेगा कनक भवन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कनक भवन मंदिर में कनक बिहारी सरकार के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर परिसर को 20 क्विंटल फूलों के साथ-साथ आकर्षक लाइटों से सजाया जाएगा। जरबेरा व रजनीगंधा जैसे खुशबूदार फूलों की खेप, लखनऊ, वाराणसी, कोलकाता व दिल्ली से मंगाई गई है। इसके साथ ही कनक बिहारी सरकार का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

कनक भवन मंदिर में राम जन्मोत्सव के दौरान दूर-दूर से आने वाले भक्त बधाइयां गायन और सहेलियां बनकर नाचते-गाते हैं। इस वर्ष श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद उल्लास और दोगुना है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्सव में शामिल होंगे। प्राचीन कनक भवन मंदिर में परम्परागत ढंग से नौ अप्रैल से अनुष्ठान की शुरुआत हो जाएगी। 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन कनक बिहारी सरकार का विशेष श्रृंगार आरती और भोग की व्यवस्था बनाई जा रही है। बता दें कि सुरक्षा कारणों से श्रद्धालु राम मंदिर में होने वाले उत्सव में शामिल नहीं हो सकेंगे।


कनक भवन मंदिर का मनोरम दृश्य। अमृत विचार

### टीकमगढ़ से भक्त आकर गाएंगे बधाइयां

पुजारी दिलीप दास बताते हैं कि रामनवमी उत्सव कनक भवन मंदिर का मुख्य उत्सव माना गया है। मंदिर की स्थापना के साथ ही इस उत्सव की शुरुआत हुई थी। 300 वर्ष पूर्व से ही इस उत्सव को मनाए जाने का रिकॉर्ड मिलता है। इस वर्ष भी नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही कलश स्थापना रामायण पाठ, बधाइयां, भजन गायन शुरू हो जाएगा। रामनवमी पर टीकमगढ़ से भी लोग बधाइयां सुनाने और इस उत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं।

**राम मंदिर** — निर्माण समिति की बैठक में हुआ निर्णय, प्रथम तल पर होगा निर्माण

# दिसंबर तक तैयार हो जाएगा राम दरबार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के दौरान मंदिर के प्रथम तल को दिसंबर 2024 तक तैयार करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम तल पर राम दरबार होगा। इसके साथ ही मंदिर के परिधि में 795 मीटर लंबे परकोटे के निर्माण का कार्य दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन शनिवार की बैठक चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर एक हजार वर्ष तक सुरक्षित रहेगा। निर्माण में एलएंडटी, टाटा कंसल्टेंसी के साथ राजकीय निर्माण निगम को भी शामिल किया गया है। इस दौरान गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा।



चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि निर्माण का मुख्य लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरा कर लेना है। निर्माण पूरा करने के बाद ट्रस्ट को मंदिर सौंप दिया जाएगा। मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और द्वितीय तल का निर्माण होना है। कुबेर टीले का कार्य हो चुका है। अब परिसर में सप्त मंडप निर्माण के लिए प्लिंथ का कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि निर्माण में सबसे बड़ी चुनौती परकोटा के निर्माण की है, जिसकी लंबाई 795 मीटर है। श्रद्धालु भगवान राम लला की लगभग एक किलोमीटर की परिक्रमा करेंगे। 2024 के अंत तक इसे पूरा करना है। इसके लिए एलएंडटी, टीसीएस के साथ अब राजकीय निर्माण निगम भी अब शामिल हो गई है। बैठक के दौरान एलएंडटी, टाटा के साथ राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी व इंजीनियर भी शामिल रहे।

### मस्तकाभिषेक के ट्रायल के लिए लगी वैज्ञानिकों की टीम

रामनवमी के दिन रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणें अभिषेक करेंगी। इसको लेकर सीबीआरआई रुड़की से आए वैज्ञानिक कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष का अभिषेक अगले 1000 वर्ष तक सुरक्षित रहने वाले राम मंदिर में रामनवमी के दिन मस्तिकाभिषेक का ट्रायल होगा। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि सूर्य की किरणों को पहुंचाने के लिए इंजीनियर लगे हुए हैं। यदि उनका उपकरण लग गया तो रामनवमी को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें मंदिर में प्रवेश करेंगी।

# जानलेवा हमले में युवक को 10 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्कूल जा रही शिक्षिका पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 26 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत से शनिवार को हुआ।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना 17 जुलाई 2020 की है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गद्दोपुर बैरीपुर की रहने वाली शिक्षिका राजापुर सरैया प्राथमिक पाठशाला में सहायक अध्यापिका थी। वह प्रतिदिन की तरह घटना वाले दिन भी स्कूटी से स्कूल जा रही थी। विद्यालय के पहले ही घात लगाकर बैठे युवक ने उनकी स्कूटी रोक कर गिरा दिया व चाकू से वार किया। इसकी रिपोर्ट घायल शिक्षिका के चाचा रंजीत सिंह ने चाचिकपुर थाना भीटी जिला अंबेडकरनगर निवासी सुधीर सिंह के खिलाफ दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने अंबेडकरनगर निवासी सुधीर सिंह, विजय, चंद्रशेखर प्रजापति के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सुधीर को दोषी पाते हुए सजा दी, जबकि अन्य को दोष मुक्त कर दिया। वारदात के पीछे वजह यह थी कि युवक शिक्षिका से शादी करने के लिए दबाव बना रहा था।

## सार-संक्षेप

### सात मेधावी बच्चों का किया गया सम्मान



बच्चों का स्वागत करते स्कूल के शिक्षक। अमृत विचार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कन्या जूनियर हाई स्कूल आदिलपुर में अध्ययनरत कक्षा आठ के सात बच्चों का आश्रम पद्धति विद्यालय बरवा मसौधा में कक्षा नौ में चयन हुआ है। शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार ने चयनित बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत और सम्मान किया। प्रधानाध्यापक वेदप्रकाश पाठक ने बताया कि प्रवेश परीक्षा पास करने वालों में घनश्याम, मनीष यादव विवेक गोस्वामी, प्रिंस मिश्रा, नीतीश कुमार, प्रिंस कुमार व अभिषेक कुमार शामिल हैं। इन सभी बच्चों का डॉ. ब्रह्म प्रकाश दुबे, डॉ. मनुजेश यादव, सुरेंद्र कुमार यादव, पूनम यादव, सुरेंद्र कुमार, आदित्य जायसवाल व शिवकुमारी ने सम्मानित किया।

### शिकायत का कर दिया फर्जी निपटारा

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** लोगों की शिकायतें दूर करने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल की सुविधा दी गई है, लेकिन अफसर मुख्यमंत्री के पोर्टल पर दर्ज की जाने वाली शिकायतों का भी फर्जी निस्तारण दिखा रहे हैं। मवई ब्लॉक के उमापुर गांव में दो माह से हैंडपंप खराब है। ग्रामीण विवेक शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत संख्या 92417700005733 पर 15 फरवरी को शिकायत की थी। ग्राम पंचायत अधिकारी आदेश चौधरी ने बिना मौके पर आए ही रिपोर्ट लगा दी कि हैंडपंप की मरम्मत करवा दी है, जबकि मौके पर समस्या जस की तस बनी हुई है। खंड विकास अधिकारी अनुपम वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### सीओ ने पैदल मार्च कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स ने क्षेत्राधिकारी आलापुर आरबी सिंह की अगुवाई में राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र की बाजारों में पैदल मार्च कर लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर चुनाव और त्योहारों को मनाने का भरोसा दिया। क्षेत्राधिकारी आलापुर की अगुवाई में थानाध्यक्ष राजे सुल्तानपुर विजय तिवारी मय फोर्स उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी, जंगेश खान, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव, कांस्टेबल कृष्णानंद यादव आदि के साथ पैरा मिलिट्री फोर्स ने राजेसुल्तानपुर, पदुमपुर, देवरिया बाजार, गढ़वल आदि बाजारों में पैदल मार्च कर लोगों को भयमुक्त होकर चुनाव और त्योहारों को मनाने का भरोसा दिया। लोकसभा चुनाव के साथ रमजान के पवित्र माह में ईद, नवरात्रि और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी आलापुर आरबी सिंह ने कहा कि सभी चैराहों और क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद हैं।

### समाजसेवी ने लावारिस महिला के शव का किया अंतिम संस्कार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** समाजसेवी बरकत अली ने शनिवार को लावारिस महिला के शव का अंतिम संस्कार किया। जिला अस्पताल से थाना अकबरपुर के पास फोन आया कि एक अज्ञात महिला जिसका इलाज के दौरान निधन हो गया है। थाना अकबरपुर कोतवाली उप निरीक्षक संजीव कुमार यादव, महिला कांस्टेबल चंद्रा देवी, कांस्टेबल श्रवण चौहान जिला अस्पताल पहुंचकर लावारिस महिला के शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस अकबरपुर में 72 घंटे के लिए रखवा दिया। पहचान नहीं होने के कारण शनिवार को कांस्टेबल श्रवण चैहान ने समाजसेवी बरकत अली से संपर्क करके लावारिस महिला के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए कहा। जिसके बाद समाजसेवी अपनी टीम के मकनु सिंह, शेषनारायण सिंह, विद्यासागर, आनंद कुमार, महिला कांस्टेबल चंद्रा देवी, कांस्टेबल श्रवण चैहान की मौजूदगी में अमरौला घाट पर हिंदू रीति रिवाज के साथ अज्ञात महिला के शव का अंतिम संस्कार किया।

### डीएम ने इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर का किया निरीक्षण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आपदा नियंत्रण के लिए जनपद के कलेक्ट्रेट में स्थापित होने वाले इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर उपस्थित आपदा विशेषज्ञ सूर्यभान और आपदा सहायक अविनाश कुमार वर्मा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के सुदृढ़ीकरण के लिए विभिन्न उपकरण के क्रय और अवस्थापना संबंधित अन्य सभी व्यवस्थाएं यथाशीघ्र दुरुस्त किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए स्थापित एकल खिड़की कार्यालय का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अनुमति के लिए प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

### मोबाइल एप पर सट्टा लगा रहा एक गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार।** आईपीएल मैच की शृंखला शुरू होने के साथ सट्टेबाजी तेज हो गई है। मैच की एक-एक गेंद से लेकर खिलाड़ियों और टीम की हार-जीत पर रुपया लगाया जा रहा है। ऐसे ही एक मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल एप पर सट्टा लगवा रहे घोसियाना पहाड़गंज निवासी मो. सगीर को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि पूछताछ में मो. सगीर ने बताया कि स्मार्टफोन के माध्यम से मनी कंट्रोल एप पर सट्टा लगवाया जा रहा था। इसमें अंतिम दो अंक सट्टा खेलने वालों को उनके मोबाइल पर व्हाट्सअप किया जाता है। नंबर लगने के बाद ऑनलाइन अथवा नकद अगले दिन पैसे का लेन-देने किया जाता है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो स्मार्ट फोन और तमंचा-कारतूस बरामद किया है। मौके से फरार वासीफ खान की तलाश कराई जा रही है।

### दो वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार।** नगर क्षेत्र की पुलिस ने दो वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गिरोह के पास से चोरी का एक ई-रिक्शा और तीन बाइक बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अयोध्या कोतवाली पुलिस ने शनिवार को राजघाट पार्क से बस्ती के दुबौलिया थाना क्षेत्र स्थित बसंतपुर निवासी गौरव सिंह और गोंडा के नबाबगंज थाना क्षेत्र के कटी तिराहा रेलवे कॉलोनी निवासी रोहित गुप्ता व अभिषेक मौर्या को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक बाइक यूपी 51 बीके 6309 बरामद हुई है। पूछताछ में इन्होंने राजघाट सरयू पंप हाउस के बगल से एक ई-रिक्शा यूपी 42 डीटी 4658 बरामद कराया है। वहीं नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि सिविल लाइंस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश गुप्ता ने पोस्टमार्टम हाउस के पास से बिना नंबर प्लेट की बाइक सवार तेली टोला रिकाबगंज कोतवाली नगर निवासी सागर को गिरफ्तार किया है। इसका साथी मोहल्ले का ही निवासी रवि गौड़ बाइक से कूदकर फरार हो गया। पूछताछ में सागर ने बताया कि यह बाइक 10-12 दिन पूर्व रामजन्म भूमि थाना क्षेत्र से चोरी की थी। पकड़े गए युवक ने पोस्टमार्डम हाउस के निकट बांस की कोठ में छिपाई गई एक अन्य बाइक बरामद कराई है जो उसने पिछले वर्ष आंबेडकरनगर के थाना अहिरौली क्षेत्र से चुराई थी। इस बाइक का पंजीकरण नंबर यूपी 45 जे 4791 मिला है।

# 84 कोसी परिक्रमा को लेकर पंजीकरण जारी

## हनुमान मंडल में चल रहा काम, गया दास का गुट भी जुटा तैयारी में, 24 से शुरू होनी है परिक्रमा

अयोध्या, कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिले समेत बस्ती, अंबेडकरनगर, गोंडा, बाराबंकी से गुजरने वाली अयोध्या धाम की 84 कोसी परिक्रमा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। वैशाख कृष्ण प्रतिपदा 24 अप्रैल से बस्ती जिले के पुत्रेष्ठि यज्ञ स्थल मखभूमि मखौड़ा से शुरू होने वाली इस 21 दिवसीय परिक्रमा के लिए हनुमानमंडल ने पंजीकरण शुरू कर दिया है। जबकि विगत कई दशकों से परंपरागत रूप से परिक्रमा करने वाले महंत गया दास ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। परिक्रमा के लिए दोनों गुट अयोध्या से चैत्र शुक्ल पूर्णिमा 23 अप्रैल को दूसरी पहर मखौड़ा पहुंच जाएगा।

हनुमान मंडल परिक्रमा प्रमुख सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कारसेवकपुरम में पंजीकरण प्रारंभ हो गया है। पंजीकरण के लिए वीरेंद्र की ड्यूटी लगाई गई है। परिक्रमा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं महंत गया दास का कहना है कि पूर्व की ही तरह इस बार भी संत-धर्माचार्य परिक्रमा करेंगें। संबंधित क्षेत्र के स्थानीय सहयोगियों और व्यवस्थापकों से संपर्क किया जा रहा है।

### परिक्रमा में 21 स्थानों पर होगा पड़ाव

24 अप्रैल को मख भूमि मखौड़ा के निकट रजवापुर मंदिर से हनुमानमंडल और महंत गया दास के नेतृत्व में परिक्रमार्थियों का अलग-अलग जत्था 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रवाना होगा। पहला पड़ाव रामरेखा आश्रम, दूसरा पड़ाव 25 अप्रैल को हनुमान बाग, तीसरा पड़ाव 26 अप्रैल को अयोध्या जिले के श्रृंगी ऋषि आश्रम, चौथा पड़ाव 27 अप्रैल को तमसा तट गोसाईगंज, पांचवां 28 अप्रैल को तारुन के आगागंज टिकरी, छठवां 29 अप्रैल को रामपुर भगन, सातवां 30 अप्रैल को बीकापुर के सीताकुंड दराबगंज, आठवां एक मई को मिल्कीपुर के ढेमाबैस्य हनुमान मंदिर, नौवा दो मई को जन्मेजय कुंड सिडसिड़, दसवां तीन मई को अमानीगंज स्थित पोखरा, 11वां चार मई को रुदौली के मलकनिया, 12 वां पांच मई को पटरंगा, 13 वां छह मई को बाराबंकी के बेलखरा बगिया टिकैत नगर, 14 वां सात मई को गोंडा के दुलारे बाग (बिजय गंज) परसपुर, 15 वां आठ मई को तुलसी जन्म भूमि (राजापुर) परसपुर, 16 वां नौ मई को बृन्दावन (खैरा) सेमरा पूरबियन पुरवा, 17 वां 10 मई को सेमरा (गंगाराम भगत), 18वां 11 मई को बाराही देवी (उत्तरी भवानी), 19 वां 12 मई को जमथा (यमदग्नि आश्रम), 20 वां 13 मई को नवाबगंज (नाका) पहलवान बीर मंदिर, 21वां पड़ाव 14 मई को वापस बस्ती जिले के मनोरमा किनारे मखौडा (मख-स्थान) में होगा। अगले दिन परिक्रमा अयोध्या पहुंचेगी और गया दास गुट की ओर से जानकी नवमी पर सीता कुंड मे रामार्चा महायज्ञ आदि संपादित किया जाएगा। जबकि हनुमानमंडल की ओर से रुकने की व्यवस्था इससे इतर स्थान पर की गई है।

### यह है 84 कोसी परिक्रमा का महत्व

पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक जिस प्रकार भगवत प्रदक्षिणा से जन्म जन्मांतर के किए हुए समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। उसी प्रकार एक बार भी मनसा, वाचा, कर्मणा धामादि पति अवध धाम साक्षात बैकुंठपुरी की 84 कोस परिक्रमा से प्राणी को पुनर्जन्म से मुक्ति मिल जाती है अर्थात मोक्ष हासिल हो जाता है।

### सी-विजिल एप पर करें शिकायत : डीएम

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन सहित अन्य शिकायतें मतदान के दिन तक की जा सकती है। 100 मिनट के अंदर इस पर निस्तारण किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया है। इस ऐप पर चुनाव की घोषणा की तिथि से मतदान के दिन तक शिकायतकर्ता अपनी शिकायत अपलोड कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार के मुताबिक सी-विजिल एप का प्रयोग करने के लिए स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से इसे डाउनलोड किया जाएगा। अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के जरिए एप में लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप जीआईएस आधारित एप है। इसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, ऑडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के 100 मिनट के अंदर कार्रवाई होती है। सम्बन्धित अधिकारी उसी ऐप के माध्यम से निस्तारण करते हैं।



अयोध्या हनुमत निवास में पुष्पांजलि अर्पित करते संत-महंत।

### गोमती दास व रघुनंदन शरण को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** सिद्धपीठ हनुमत निवास मंदिर में सिद्ध संत रहे गोमती दास व रघुनंदन शरण को संत-धर्माचार्यों ने पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। महंत मिथिलेश नंदिनी शरण के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में संतों ने दोनों ब्रह्मलीन संतों को याद करते हुए कहा कि वे संत समाज के लिए सदैव प्रेरक रहेंगे। इस दौरान बड़े भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें देर शाम तक बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में महंत मैथिलीरमण शरण, महंत कमलनयन दास, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, अधिकारी राजकुमार दास, महंत रामदास, महंत शशिकांत दास, महंत मनीष दास, महंत जर्नादन दास, महंत अवध किशोर शरण, महंत अवध किशोर दास, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष भाजपा कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पांडेय बादल, स्वामी परमानंद, प्रो.. विक्रमा प्रसाद पांडेय सहित अन्य शामिल रहे।

### सर्वे के लिए पान मसाला प्रतिष्ठान पहुंची टीम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार।** कर चोरी की आशंका के चलते वाणिज्य कर विभाग की टीम ने शनिवार को दूसरी पहर चौक क्षेत्र स्थित एक पान मसाला करोबारी के प्रतिष्ठान पर सर्वे शुरू किया है। खबर लिखे जाने विभाग के अधिकारी हिसाब-किताब के मिलान में लगे हुए थे। नगर कोतवाली के चौक घंटाघर क्षेत्र स्थित पान दरीबा गली में पान मसाला तथा इससे जुड़े अन्य सामान का कारोबार करने वाला एक प्रतिष्ठान है। राज्य वाणिज्यकर विभाग ने प्रतिष्ठान के कर लेखा-जोड़ा का निरीक्षण किया तो कर चोरी की आशंका सामने आई। जिसके बाद विभाग की ओर से एक अधिकारी की टीम बनाकर प्रतिष्ठान के लेखा-जोखे के निरीक्षण के लिए दुकान पर भेजा गया। अधिकारी के नेतृत्व में सुरक्षाकर्मियों के साथ शनिवार दोपहर बाद मौके पहुंची टीम ने प्रतिष्ठान की खरीद-बिक्री और स्टॉक की मिलान तथा तहकीकात शुरू कर दी। टीम का नेतृत्व कर रहे वाणिज्य कर अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि अभी सर्वे किया जा रहा है।

# इतनी कृपा विधाता रहे, नाम राम का...

- भोजपुरी और अवधी लोकगीतों से महका तुलसी उद्यान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तुलसी उद्यान में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रामोत्सव में जन्मोत्सव के आनंद की छटा बिखर रही है।

गोरखपुर से आए अर्चना पाल के दल ने कार्यक्रम के आरंभ में देवी गीत तोहरे चरनियां में करी ले पूजनिया हो देवी माता गाकर नवरात्रि के पूर्व माता का आह्वान किया। इसके बाद लाचारी गीत प्रस्तुत किया जिसके बोल थे फेरु से जनम लेलू आज, ही कौशल्या के ललनवा हो। राम नवमी के उत्साह को बढ़ाते हुए पारंपरिक चैती धावत राम बकाईयां हो रामा गाया तो दर्शक मगन हो गए। प्रयागराज से आए लोक गायक भूपेंद्र शुक्ला और साथियों ने मुझ पर इतनी कृपा विधाता रहे, नाम राम का होंठो पर आता रहे गाकर अपनी प्रार्थना रामलला के चरणों में पहुंचाई। श्रद्धा के लोकरंग में रचा भजन जाहि विधि राखे राम, ताहि विधि रहिए गाते ही पांडाल में उपस्थित दर्शक भी गाने लगे। जरा हल्के गाड़ी हाँको मेरे राम भजन गाकर कलाकार ने जीवन दर्शन से परिचय कराया। संत कबीर नगर से आए महेश मौर्य और इनके दल ने लोकगीतों और लोक नृत्यों से समां बांध दिया। आए अवध श्री राम हो गाकर जहां इन कलाकारों ने राम आगमन की खुशी को व्यक्त किया। संचालन आकाशवाणी के देश दीपक मिश्र ने किया। कलाकारों का सम्मान समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया।



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

# धूमधाम से मनेगा नव संवत्सर वर्ष

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भारतीय नव वर्ष की की चेतना जन जन तक पहुंचाई जा सके इसके लिए चेतना समिति ने शनिवार को बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

समिति के संरक्षक तीन कलश तिवारी मंदिर के महंत महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा 9 अप्रैल से प्रारंभ होने वाला नव संवत्सर धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि नव वर्ष चेतना समिति का गठन भारतीय नववर्ष के प्रचार प्रसार के लिए किया गया है जो निरंतर कार्य कर रही है। इस वर्ष के कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जन्मेजय त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष समिति दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसमें सूर्यकुंड पर आठ अप्रैल को शाम छह बजे दीपोत्सव एवं लेजर-शो का कार्यक्रम होना है। इसके संयोजक सर्वज्ञ सिंह है। नौ अप्रैल को सुबह 5:30 पर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने का कार्यक्रम होगा। इसके संयोजक बालेंद्र सिंह होंगे। शाम छह बजे सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम चौक घंटाघर पर आयोजित किया गया है। इसके संयोजक ब्रजमोहन तिवारी है। इस अवसर पर इंजीनियर रवि तिवारी, प्रवीण दुबे, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, बृजेश पासवान, डॉ. आभा सिंह, सरिता सिंह, डॉ. अनामिका त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



आयोजन के बारे में जानकारी देते नगर निगम के महापौर।



ब्रोशर के लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि व समाज की अन्य महिलाएं। अमृत विचार

# कार्यक्रमों से होता सिंधी भाषा का प्रचार : तानिया

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** प्रभु झूलेलाल जयंती चेटीचंड महोत्सव से सिंधी भाषा व संस्कृति का भी प्रचार प्रसार होता है। इससे समाज मजबूत होता है और लोगों में एकता भी बढ़ती है। यह बातें शनिवार को सिन्धु एकता यात्रा के ब्रोशर लोकार्पण के मौके पर महाराष्ट्र से आईं जय झूलेलाल सामाजिक महिला सेवा समिति की अध्यक्ष तानिया भागवानी ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि चेटीचंड महोत्सव में सिंधी भजन, सिंधी व्यंजन व सिंधी प्रतियोगिताएं आदि की धूम रहती है। जिससे सिंधी भाषा व संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। रामनगर कॉलोनी स्थित संत नवलराम दरबार में ब्रोशर के लोकार्पण में विशिष्ट अतिथि द्रोपती माखेजा सागर ने कहा कि चेटीचंड महोत्सव से घर-घर में सिंधियत का प्रचार होता है। भक्त प्रहलाद सेवा समिति के महासचिव ओमप्रकाश ओमी ने कहा कि 11 अप्रैल को स्कूटी बाइक रैली शहर मे निकलेगी और ब्रोशर घर-घर मे वितरित किया जाएगा। जिसके लिए समिति ने 16 टीमें गठित की गई है। इस मौके पर किरन पंजवानी, मुस्कान सावलानी, संगीता खटवानी, प्रिया वलेशाह, गीत हासानी, साक्षी वासवानी, माला खत्री, नीलम राहेजा, ज्योति भारतीय, कीर्ति साधवानी, सीमा रामानी आदि मौजूद रहीं।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153

Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in

For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- FACULTY OF PHARMACY
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- HUMANITIES AND JOURNALISM English

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India

For more details and application form & application fee Visit University Website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रारम्भ

सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज

एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइसेंज

यूजी डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान

एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग

फार्मेसी

डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइसेंज

डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइसेंज

बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स

बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म

बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)

E-mail : admission@biu.edu.in


# होली मिलन समारोह में कवियों ने गुदगुदाया

- जिला जज ने न्यायपालिका की तरफ से अधिवक्ताओं को दीं होली की शुभकामनाएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन की ओर से आचार्य नरेंद्र देव सभागार में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अधिवक्ताओं और जजों ने आए हुए कवियों की कविताओं का खूब लुत्फ उठाया। जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने न्यायपालिका की तरफ से अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं दीं।

बार अध्यक्ष पारस पांडे ने अधिवक्ताओं की तरफ से मौजूद न्यायपालिका को होली की बधाई दी। बार के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर समारोह कह शुरूआत की। कवि ताराचंद तन्हा की पत्नी चालीसा ने खूब वाहवाही बटोरी। अधिवक्ता राजीव पांडे के नारी का बिछुआ और आंचल कविता पर आचार्य नरेंद्र देव सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अधिवक्ता सुनील कुमार सिंह और संजीव चतुर्वेदी के काव्य पाठ और फागुन गीत ने वकीलों और न्यायिक अधिकारियों में खूब गुदगुदी लगाई। अध्यक्ष पारस पांडे ने जिला जज को रामलला का चित्र और अंगवस्त्र भेंट किया। अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे, राकेश कुमार, अमित कुमार पांडे, सीजेएम भव्या तिवारी, प्रशांत शुक्ला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव सभागार में मंचासीन मुख्य अतिथि।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम परमेश्वर से बदलकर परमेश्वर कुमार गुप्ता रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **परमेश्वर कुमार गुप्ता पुत्र बेचू प्रसाद ग्राम व पोस्ट डुमरैला, थाना झंगहा, जिला गोरखपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अजय कुमार से बदलकर अजय चौधरी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **-अजय चौधरी पुत्र ज्ञान दास, निवासी- ग्राम- रेंगी, पोस्ट- सल्टौआ, गोपालपुर, जिला बस्ती**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राविंग लाइसेंस यूपी 7619880000115 में धर्मेंद्र कटियार पुत्र एसके कटियार अंकित है। आधार कार्ड में मेरा नाम धर्मेंद्र कुमार कटियार पिता का नाम श्री कृष्ण कटियार है। हमें दोनों नामो से पुकारा जाता है। **- धर्मेंद्र कुमार पुत्र श्री कृष्ण कटियार, निवासी- बधौआ, मसेनी, फर्रुखाबाद**

**सूचना**

सर्वसाधारण लोगों को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वास्तव में **राजेन्द्र प्रसाद पुत्र विश्वनाथ, निवासी- धनौरा काशी प्रसाद, जनपद सिद्धार्थनगर** है। कही कही कागज मे मेरा नाम राजेन्द्र यादव हो गया है। अब आज से मेरे वास्तविक नाम राजेन्द्र प्रसाद के नाम से जाना व पहचाना जाय।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।

Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# ईद को लेकर बाजार गुलजार, दुकानों पर रहीं महिलाओं की भीड़

## रोजेदार ईद की तैयारियों को लेकर हैं काफी उत्साहित

- ईद उल फितर की नमाज अदा करने के लिए टोपी व इत्र की खूब हो रही है खरीदारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** रमजान के बाद मनाए जाने वाले ईद पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। कपड़ा, जूता चप्पल, सेवई समेत पर्व से संबंधित सामग्रियों की खरीदारी लोगों ने शुरू कर दिया है। रोजेदार ईद की तैयारियों को लेकर काफी उत्साहित हैं। कपड़े, जूते और खाद्य वस्तुओं की खरीदारी के लिए बाजारों में मुस्लिम महिलाओं और पुरुषों का हुजूम उमड़ रहा है। ईद उल फितर की नमाज अदा करने के लिए टोपी और इत्र की खूब खरीदारी हो रही है।

रमजान पर्व अब धीरे-धीरे समाप्ति की तरफ बढ़ रहा है। महीना भर रोजा रखने के बाद मनाए जाने वाले ईद पर्व को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई देने लगा है। अकबरपुर नगर के शहजादपुर, बस स्टेशन क्षेत्र और अकबरपुर-अयोध्या मार्ग के अलावा जलालपुर, बसखारी, किछौछा, टांडा, भीटी, कटेहरी, रामनगर, महरूआ समेत अन्य बाजारों में दुकानें सज गई। लोगों ने इसकी खरीदारी भी शुरू कर दी है। अकबरपुर के अलावा जनपद के अन्य बाजारों में स्थित कपड़ों की दुकान पर सुबह से ही लोगों विशेषकर महिलाओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है जो शाम तक जारी रहता है। अकबरपुर नगर के शहजादपुर में वरिष्ठ कपड़ा व्यवसायी हाजी जमाल ने बताया कि बनारसी और सिल्क के अलावा सूटों की बिक्री शुरू हो गई है।



अकबरपुर नगर के शहजादपुर मार्केट में कपड़ों की खरीदारी करतीं महिलाएं।

## ईद में सेवई व खजूर की मांग बढ़ी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** बरकतों और रहमतों का महीना रमजान-उल-मुबारक अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। रमजान के तीस रोजे रखने के बाद ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है। ईद के लिए सबसे अधिक इन दिनों रेडीमेड व फुटकर कपड़ों की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। पांच दशक पूर्व से गल्ला मंडी में कपड़े की फुटकर दुकानें लगती हैं। रमजान के अंतिम गुरुवार को लगने वाली फुटकर कपड़ों के हाट में करोड़ों की बिक्री होने का दावा दुकानदारों द्वारा किया जा रहा है। जनपद के अलावा अन्य जनपदों से दुकानदार कपड़ों के हाट में दुकानें लगाने के लिए आते हैं। सराय चौक स्थित फैंसी रेडीमेड स्टोर के मालिक गणेश अग्रहरी ने बताया कि ईद के मद्देनजर रेडीमेड कपड़े की अच्छी बिक्री हो रही है। जहां युवतियों को आलिया, सरारा और गरारा खूब भा रहा है। वहीं युवाओं में जींस और टीशर्ट का क्रेज अभी भी बना हुआ है। रोजेदारों द्वारा टोपी की खूब बिक्री हो रही है। नमाज के दौरान टोपी का इस्तेमाल किया जाता है। सेवई और खजूर की मांग बहुत ज्यादा है। ईदुल फितर के अवसर पर खास व्यंजन सेवई प्रत्येक घरों में बनाई जाती है। बाजारों में कई तरह की सेवई की खूब बिक्री हो रही है।



जलालपुर नगर में सेवई बेंचता दुकानदार।



जललापुर नगर में चप्पल की दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं।

27 वां रोजा

शिया
सहरी : 04.23 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

सुन्नी
सहरी : 04. 20 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** मालीपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत करवाई किया है। इसके बाद अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है। मालीपुर थाने के उप निरीक्षक शिवकुमार ने मुखबिर ने सूचना दिया कि बैरागढल पुलिया के पास एक व्यक्ति जिसका नाम राकेश यादव निवासी टुटहवा थाना मालीपुर का है। जो एक चाकू लिए हुए है। पुलिस ने तलाशी लिया तो अभियुक्त के पास से चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय भेज दिया है। उक्त टीम में थाने के सिपाही धनंजय यादव और कुलदीप शामिल रहे।

### पांच दिन से व्यापारी लापता, परिजन परेशान

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के जाफरगंज के रहने वाले चंद्रभान जायसवाल व्यापार के सिलसिले में गत मंगलवार को करीब 2 बजे घर से शाहगंज के लिए निकले थे। चार दिन बाद भी घर नहीं पहुंचने से स्वजन किसी अनहोनी की आशंका में परेशान है। पुत्र विशाल जायसवाल ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि गत मंगलवार को शाम पांच बजे माता से फोन पर बात हुई थी। पिता ने फोन पर बताया कि जौनपुर के लिए जाना पड़ सकता है। उसके बाद से ही फोन बंद आ रहा है। कोतवाल वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

### भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अकबरपुर ब्लॉक के दिहिद्दीपुर गांव में विगत एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व चित्रकूट धाम से आए आचार्य तुलसीदास के देखरेख में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से हवन यज्ञ में आहुति दी। यज्ञ मंडप को उत्कृष्ट कारीगरों द्वारा पहले ही तैयार कर लिया गया था। यहां एक सप्ताह तक आचार्य तुलसीदास ने श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भगवान कृष्ण के विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। 30 मार्च से 5 अप्रैल तक चली भागवत कथा में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उक्त अवसर पर तालुकदार सिंह विनय सिंह, पवन सिंह, सूरजपति सिंह, जगदंबा सिंह, उत्तम सिंह, सागर सिंह, आदर्श सिंह, रेनू सिंह, विराट सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# चुनाव में हुई लापरवाही तो होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कहा कि अधिकारियों द्वारा किसी भी लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों से चुनाव संबंधी अब तक किए गए कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक पूछा गया। जिस पर नोडल अधिकारियों द्वारा अब तक चुनाव संबंधित तैयारी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में लगाए गए समस्त कार्मिक दिए गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाएं, जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में आसानी हो। चुनाव में लापरवाही हुई सख्त कार्रवाई की जाएगी।



लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

## सबका साथ सबका विकास ही भाजपा का उद्देश्य

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा रामनगर मंडल की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन सम्मो माता मन्दिर बहरामपुर के परिसर में भाजपा रामनगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक निषाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक का शुभारम्भ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकान्त मणि त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी संजीव मिश्र व संयोजक जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है।

# विक्षिप्त महिला के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस हुई सक्रिय, आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बसखारी, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म का वीडियो सामने आया है। बताया जाता है कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर भेज भेज दिया है।

बताया जाता है कि आरोपी युवक विकलांग है और उसकी भी दिमागी हालत ठीक नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार बसखारी थाना क्षेत्र में स्थित एक कस्बे में मुकेश नामक युवक महिला के साथ दुष्कर्म कर रहा था। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो पांच दिन पुराना रात्रि के समय का बताया जा रहा है। हालांकि इस मामले में किसी के द्वारा कोई शिकायत थाने में नहीं की गई थी। लेकिन पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए तत्परता दिखाई और मामले में आरोपी युवक को हिरासत और पीड़ित महिला को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। वहीं आरोपी युवक के खिलाफ मामले से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। साथ ही महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं, इस मामले मे अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## एक किलो 200 ग्राम गांजा के साथ आरोपित गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर पुलिस ने एक युवक को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है। जलालपुर थाना के उप निरीक्षक सचिव कुमार मौर्य हमराही शिवप्रसाद यादव, वरुण कुमार और शिवम कुमार के साथ क्षेत्र की देखभाल के लिए निकले थे। तभी थाना क्षेत्र के कोटिया उस्मापुर मोड़ के निकट अतुल गुप्ता निवासी मोहल्ला गंजा थाना कोतवाली को एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया है। इससे पूर्व भी अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना सं०—01 वर्ष 2024—25
अधोलिखित कार्यो के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है :— (1) कार्यो का विवरण : इज्जतनगर मंडल के प्रतिबंधित दृश्यता वाले 11 नं. समपार फाटकों पर इन्टरलॉकिंग, अनुमानित लागत : ₹ 2,43,80,861.65, बयाना राशि : ₹ 2,71,900, कार्य समापन अवधि: 9 माह। (2) कार्यो का विवरण: इज्जतनगर मंडल के चौबेपुर एवं रति का नगला स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग का प्रावधान, अनुमानित लागत : ₹ 5,66,24,769.44, बयाना राशि : ₹ 4,33,100, कार्य समापन अवधि: 9 माह। (3) कार्यो का विवरण: इज्जतनगर मंडल के हल्दी रोड स्टेशन पर उपलब्ध नॉन रनिंग लाइन को रनिंग लाइन में बदलने के सम्बन्ध हेतु सिगलनिंग कार्य, अनुमानित लागत : ₹ 32,13,149.73, बयाना राशि : ₹ 64,300, कार्य समापन अवधि: 6 माह।
ई—निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 26.04.2024 को 11:00 बजे ● पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई—निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।
वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर
मुजाधि/सिगनल — 01
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : जिलाध्यक्ष

- भाजपा के स्थापना दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भाजपा के 44वीं स्थापना दिवस व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर उनके चित्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में माल्यार्पण और झंडा फहराते हुए जन सम्पर्क किया। भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद मिष्ठान वितरण और गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन कर भाजपा की स्थापना और भाजपा के शिखर पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की राजनीतिक संघर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला गया। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और अप्रत्यम नीतियों और शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बन सकी है। उन्होंने स्थापना दिवस और मुखर्जी के जन्म दिन की भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। गोष्ठी को पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, विधानसभा प्रभारी मनोज मिश्र, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने संबोधित किया। संचालन कार्यक्रम संयोजक पंकज वर्मा ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. शिव पूजन वर्मा, पूर्व जिला मंत्री बहाऊ सुमन को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजित राम त्रिपाठी और वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. आनंद बहल को उनके आवास पर जाकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में अकबरपुर विधान सभा क्षेत्र में विशाल मोटर साइकिल यात्रा निकाली गई।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते भाजपा नेता।

पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना सं. 53/2024
रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित मेला स्पेशल ट्रेन का संचलन निम्नवत किया जायेगा।
गाड़ी सं. 05077/05078 गोंडा-तुलसीपुर-गोंडा अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी
1. गाड़ी सं. 05077 गोंडा से - दिनांक 09.04.24 से 23.04.24 तक। (15 ट्रिप)
2. गाड़ी सं. 05078 तुलसीपुर से - दिनांक 10.04.24 से 24.04.24 तक। (15 ट्रिप)

| गाड़ी संख्या 05077 गोंडा - तुलसीपुर | | | गाड़ी संख्या 05078 तुलसीपुर-गोंडा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:50 | गोंडा जं. | 5:00 | -- |
| 22:10 | 22:12 | सुभागपुर | 4:18 | 4:20 |
| 22:32 | 22:34 | इंटियाथोक | 3:58 | 4:00 |
| 22:44 | 22:45 | भवानीपुर कलाँ | 3:48 | 3:49 |
| 22:54 | 22:56 | बलरामपुर | 3:34 | 3:36 |
| 23:02 | 23:04 | झार खण्डी | 3:24 | 3:26 |
| 23:12 | 23:14 | गैंजहवा | 3:12 | 3:14 |
| 23:26 | 23:28 | कौवापुर | 3:00 | 3:02 |
| 23:34 | 23:35 | लक्ष्मनपुर | 2:50 | 2:51 |
| 00:15 | -- | तुलसीपुर | -- | 02:40 |

रेक संरचना- डेमू रेक।
नोटः- इस ट्रेन का परिचालन यात्रियों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।
मुजाधि/टी-1 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट — प्रेम विवाह, पति—पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

विकास | जिलाधिकारी ने बैनामा की हासिल की जानकारी, किसानों से किया वार्ता

# औद्योगिक गलियारे के लिए किसानों ने दी जमीन

- 51 किसानों ने अब तक जमीन का किया बैनामा
- 12 करोड़ 8 लाख 54 हजार 791 रुपए की धनराशि किसानों के खाते में भेजी गई

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के औद्योगिक गलियारा निर्माण के लिए प्रस्तावित किसानों की जमीन के बैनामा को परखने और किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह शनिवार को रजिस्ट्रार कार्यालय व उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर अभी तक हुए बैनामा की जानकारी लेते हुए किसानों से वार्ता किया। शनिवार को नो किसानों द्वारा यूपीडा के पक्ष में किए गए बैनामाकर्ता महिला, पुरुष किसानों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

बता दें कि जलालपुर तहसील के भियांव ब्लॉक अन्तर्गत नूरपुर कला, अजमलपुर, गौरीबडाह समेत अन्य चार गावों के किसानों की जमीन को औद्योगिक गलियारा निर्माण के लिए अधिगृहीत किया जाना है। पिछले माह से किसानों की जमीन के बैनामा की प्रक्रिया जारी है। शनिवार को यूपीडा के नाम 9 कास्तकारों ने 0.472 हेक्टेयर (32 बीघा) जमीन का बैनामा किया। बैनामाकर्ता जवाद अली, मुनीर अहमद, मोहम्मद अयूब, अब्दुल कलाम, अब्दुल सलाम, अब्दुल रहमान, सायरा बानो, मोहम्मद उस्मान और मोहम्मद कैफ रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंच अपने-अपने हिस्से का बैनामा लिखाया। शनिवार को नौ बैनामाकर्ता के खाता में 68 लाख 12 हजार 616 रुपया ऑनलाइन भेजा गया। बैनामा प्रभारी नायब तहसीलदार हुबलाल ने बताया कि अभी तक औद्योगिक गलियारा के लिए 51 किसानों ने बैनामा किया है और उन्हें कुल 12 करोड़ 8 लाख 54 हजार 791 रुपए की धनराशि दी गई है। इस अवसर पर एसडीएम सुभाष सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार, रजिस्ट्रार संतराम वर्मा, लेखपाल मोहम्मद राशिद समेत अन्य मौजूद रहे।

### किसानों का उत्साह बढ़ाने के लिए की गई बातचीत

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि किसानों से वार्ता किया गया है। कहीं इन लोगों को किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है। तहसील अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द किसानों द्वारा बैनामा करवा लें और तत्काल किसानों के खाते में रुपए भेजने का भी कार्य करें। साथ ही इस मामले में कहीं कोई बिचैलिया तो सम्मिलित नहीं है इसको पारदर्शी और किसानों का उत्साह बढ़ाने के लिए आमने-सामने होकर बातचीत किया गया। जिससे किसान संतुष्ट नजर आए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम परमेश्वर से बदलकर परमेश्वर कुमार गुप्ता रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। परमेश्वर कुमार गुप्ता पुत्र बेचू प्रसाद ग्राम व पोस्ट डुमरैला, थाना झंगहा, जिला गोरखपुर

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अजय कुमार से बदलकर अजय चौधरी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। —अजय चौधरी पुत्र ज्ञान दास, निवासी— ग्राम— रेगी, पोस्ट— सल्टौआ, गोपालपुर, जिला बस्ती

सूचना
सूचित हो कि मेरे ड्राविंग लाइसेंस यूपी 7619880000115 में धर्मेद्र कटियार पुत्र एसके कटियार अंकित है। आधार कार्ड में मेरा नाम धर्मेद्र कुमार कटियार पिता का नाम श्री कृष्ण कटियार है। हमें दोनों नामो से पुकारा जाता है। — धर्मेद्र कुमार पुत्र श्री कृष्ण कटियार, निवासी— बधौआ, मसेनी, फर्रूखाबाद

सूचना
सर्वसाधारण लोगों को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वास्तव में राजेन्द्र प्रसाद पुत्र विश्वनाथ, निवासी— धनौरा काशी प्रसाद, जनपद सिद्धार्थनगर है। कही कही कागज मे मेरा नाम राजेन्द्र यादव हो गया है। अब आज से मेरे वास्तविक नाम राजेन्द्र प्रसाद के नाम से जाना व पहचाना जाय।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### खटिकन पुरवा में बिजली का तार लगाने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत भटपी के खटिकन पुरवा गांव में लगे बिजली के खंभों पर तार लगाए जाने की मांग प्रधान काली प्रसाद शुक्ल ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है। उन्होंने बताया कि उन खंभों पर बिजली का तार न खींचे जाने से उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही है। उनके इस मांग पर क्षेत्रीय विधायक ने चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कराये जाने का आश्वासन दिया है।

### बीईओ ने किया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय भैरमपुर में फीता काटकर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत कुमार तिवारी, अश्विनी शुक्ल, रवि मिश्र, अंकित तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### मनरेगा में ठेकेदारी से काम कराने की शिकायत

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मनरेगा के तहत ब्लाक की अधिकांश ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराए जाने की शिकायत श्री रग्घू बाबा सेवा आरोग्य संस्थान घुघुआपुर के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने मुख्य विकास अधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत निर्माण कार्य केवल जॉब कार्ड धारकों के माध्यम से कराए जाने का आदेश है। अधिकांश ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराकर जॉब कार्डधारकों का फर्जी मस्टर रोल तैयार कर धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। इसकी शिकायत कुछ लोगों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिलास्तर तक कई बार की गई।

# शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण कराएं लोकसभा चुनाव :डीएम

## प्रशिक्षण व रवानगी स्थल पर उत्सर्जित कूड़े का किया जाएगा शत-प्रतिशत निस्तारण

**दिए निर्देश**

- गोंडा में जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में होगा निर्वाचन का आयोजन
- ईओ को भेजे निर्देश, आवश्यक संसाधनों सहित पर्याप्त संख्या में लगाने होंगे कार्मिक
- मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी किया जारी

गोंडा कार्यालय


जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा।

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से कराने के साथ ही स्वच्छता का भी पूरा ध्यान रखा है। आयोजन के दौरान उत्सर्जित कूड़ा का शत प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित की दिशा में बड़ी पहल की है। डीएम ने इसे जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करने का फैसला लिया है। इस दौरान उत्सर्जित होने वाले कूड़ा का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल और पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं वापसी के समय निर्धारित स्थानों पर काफी अधिक भीड़-भाड़ होगी। इन स्थानों पर कचरे का उत्सर्जन भी बड़ी मात्रा में होना संभावित है। इसके मद्देनजर नगर पालिका गोण्डा के अधिशासी अधिकारी को निर्धारित तिथियों पर आवश्यक संसाधनों सहित पर्याप्त संख्या में कार्मिकों की ड्यूटी लगाते हुए अपनी देखरेख में जीरो वेस्ट इवेंट सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**दो चरणों में होगा कार्मिकों का प्रशिक्षणः** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि गोंडा में पांचवें चरण में आगामी 20 मई को मतदान होगा। इस संबंध में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण दो चरण में 18 से 22 अप्रैल और 9 से 16 मई के बीच श्री लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कराया जाएगा।

वहीं, पोलिंग पार्टियों की रवानगी 19 मई को सुबह से शहीदे आजम सरदार भगत सिंह (टॉमसन) इंटर कॉलेज परिसर से होगी। 20 मई को मतदान सम्पन्न कराने के उपरान्त समस्त पोलिंग पार्टियां गल्ला मण्डी पहुंचकर ईवीएम जमा करेंगी।

**वजीरगंज पुलिस ने 26 पर की गुंडा एक्ट के करवाईः गोंडा कार्यालयः**वजीरगंज थाना क्षेत्र मे लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने 2हजार 76 लोगों को शांतिभंग की आशंका में निरुद्ध किया है जबकि 26लोगों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाई की है।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि थानाक्षेत्र के अंतर्गत दो लोकसभा कैसरगंज व गोंडा लोकसभा चुनाव में 110 मतदान केंद्रों पर मतदान होना है। दुर्जनपुर घाट, परसिया, चढ़ौवा, अनुभुला, मझारा, सोनवर्षा मतदान केंद्र क्रिटिकल की श्रेणी में हैं, जबकि मधवापुर वर्नेबल की श्रेणी में है, जहां शांतिपूर्ण मतदान के लिए विशेष तैयारी की गई है। थानाक्षेत्र से अबतक दो हजार 76 लोगों को शांतिभंग की आशंका में पाबंद किया गया है। 26 लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्यवाई की गई है। पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर जहां खुराफातियों को चिन्हित कर रही वहीं आम मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।


मतदाता जागरूकता का स्टीकर लगाते परिवहन विभाग के कर्मी। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** शनिवार को कर्नलगंज के दयानंद बाल मंदिर उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने मतदाता शपथ ली। विद्यालय के शिक्षकों ने सभी छात्रों को मतदाता शपथ दिलाई। इसके अलावा छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गयी। सेल्फी प्वाइंट व हस्ताक्षर अभियान आदि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई गई। इस दौरान अरविन्द श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। जन जागरूकता बढ़ाने के लिये परिवहन विभाग द्वारा ई-रिक्शा पर मतदाता जागरूकता संबंधित स्टीकर चिपकाए गए। शनिवार को पीटीओ शैलेन्द्र तिवारी ने गुरु नानक चौक पर खड़े होकर आने जाने वाले करीब 100 ई रिक्शा पर स्टीकर चिपकाए और उसमें बैठी सभी सवारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग 20 मई को बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। आपके एक-एक वोट से ही देश का लोकतंत्र मजबूत होगा।

## गरीबों में रमजान के बांटे गए किट

**इटियाथोक, अमृत विचारः** नया सोच सेवा समिति से जुड़े लोग लगातार रमजान महीने में क्षेत्र में गरीब बेसहारा परिवारों को रमजान किट का वितरण कर रहे है। इसी क्रम में पारासराय, सांवक पुरवा, पेमई पुरवा में वितरित किया। समिति के अध्यक्ष प्रवेश प्रताप शर्मा ने बताया कि नया सोच सेवा समिति के द्वारा रमजान महीने में क्षेत्र में गरीब एवं बेसहारा परिवारों को चिन्हित कर उन्हें रमजान किट वितरित किया जा रहा है। इसमें मुख्य मुख्य सहयोगी के रूप में मुस्ताक चौधरी, सगीर, सलाउद्दीन, रियाजुद्दीन, इसरार शेख, आरिफ मोहम्मद, नदीम खान, महफूज खान, रईस फारुकी, जहूर लामा, अतीक सिद्दीकी रहे।

## जोर पकड़ने लगी राजकीय विवि के स्थापना की मांग

**बेलसर, अमृत विचारः** जिले के डोमाकल्पी में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग फिर चर्चा में आ गयी है। परसपुर के नकहा गांव निवासी सुशील तिवारी के पत्र पर राज्यपाल सचिवालय लखनऊ के कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव डा सुधीर एम बोबडे ने उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग को चार अप्रैल को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

ज्ञात हो कि सुशील तिवारी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र लिखकर माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय देवीपाटन की स्थापना देवीपाटन मण्डल मुख्यालय के ग्राम डोमाकल्पी में स्थापित करने की मांग उठाई है। पत्र में कहा गया है कि डोमाकल्पी बाढ़ से प्रभावित नहीं है। गोंडा मुख्यालय व राष्ट्रीय राजमार्ग से कम दूरी पर है। यहां की स्थापना से जनपद सहित अन्य जनपद भी लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने सभी मंडल मुख्यालयों पर राजकीय विश्वविद्यालय स्थापना की घोषणा की थी। इसके लिए देवीपाटन मुख्यालय गोंडा के डोमाकल्पी में सरकारी भूमि चिह्नित की गई थी। लेकिन शासन ने अचानक इसे बलरामपुर में स्थापित करने की घोषणा कर धनराशि भी आवंटित कर दी। इस पर जिले में एक माह से अधिक समय तक युवाओं ने जन आंदोलन चलाया।

# मतदान के प्रति किया जागरूक

गोंडा कार्यालय



पोस्टर के माध्यम से जागरूक करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शनिवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में शासन के निर्देशानुसार विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मीना की दुनिया, मतदान का महत्व, संचारी रोग कारण और बचाव आदि विषय के तहत बच्चों ने पोस्टर बनाकर लोगों को जागरूक किया। शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिए ने बच्चों को मीना के बारे में बताया कि मीना एक काल्पनिक पात्र है। मीना कार्य क्रम की शुरुआत यूनिसेफ ने 24 सितंबर 1994 को बांग्लादेश में की गई थी। मीना एक साहसी, निर्भीक बालिका है जो लैंगिक भेदभाव से लड़ती है। कार्यक्रम के तहत बाल सभा, समाचार पत्र वाचन, शत् प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अमन कुमार, ताज मोहम्मद, माधुरी, अर्चना, रूमा ,नंदिनी, शिवम, बृजमोहन, लक्ष्मी, पूनम, उन्नति, संगीता, चांदनी, राजकुमार आदि बच्चों का कार्य सराहनीय रहा। इस अवसर पर शताब्दी वर्मा, अरुण कुमार सिंह, देवेंद्र प्रताप, सुरेश कुमार, अनुराधा मिश्रा चक्रवर्ती मौर्य, अमर ज्योति, पूनम यादव आदि उपस्थित रहे।

# धानेपुर में खंडहर नुमा मकान में मिला महिला का शव

**धानेपुर, अमृत विचारः** धानेपुर थाना क्षेत्र के ज्योति गैस एजेंसी से समीप बने अक खंडहरनुमा मकान में शनिवार को एक महिला का शव पड़ा मिला। शव मिलने से बाजार में हड़कंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक महिला की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है हालांकि उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव दो तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। मामले में लोग तरह तरह के सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

धानेपुर कस्बे के बाजार बाग स्थित ज्योति गैस एजेंसी से कुछ दूरी पर एक खंडहर नुमा मकान से भीतर से उठ रही दुर्गंध पर आसपास के लोग जब इसका कारण जानने उस मकान को पास पहुंचे तो एक कमरे में महिला का शव पड़ा दिखाई दिया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो एसएचओ वेद प्रकाश शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला। शव सड़ चुका था और उससे तेज दुर्गंध उठ रही थी। पुलिस ने महिला के शिनाख्त की कोशिश की लेकिन यह नहीं पता चल सका कि महिला कहां की है और यहां कैसे पहुंची। एसएचओ ने बताया कि महिला की उम्र करीब 30 वर्ष है और शव देखने से लग रहा है कि महिला की मौत दो या तीन दिन पहले हुई है। फिलहाल शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### बालाजी महोत्सव का भंडारे के साथ हुआ समापन

**मनकापुर, अमृत विचार :** शनिवार को नौ दिवसीय श्री बालाजी महाराज महोत्सव का सवामनी हवन व भव्य भण्डारा के बाद समापन हुआ। नव युवक चेतना सीमित के बैनर तले श्री बालाजी महाराज महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन से पधारी कथा वाचिका पंडित दीदी आराध्या ने बीते शनिवार सायंकाल से प्रतिदिन श्री राम कथा का रसपान भक्तों को कराया। राम कथा की समाप्ति के उपरांत सवामनी हवन पूजन कर भव्य भण्डारा का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा। भंडारे में मछली गांव, झिलाही बाजार, नवाबगंज, वजीरगंज, मसकनवा, बभनान, दतौली, रेहरा बाजार आदि जगहों के सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संतोष जायसवाल, गुड्डू चौधरी, रवि सोनी, पवन चौधरी, बब्लू सोनी, सुधीर जायसवाल, राजू जायसवाल, सोनू, अशोक जायसवाल, अंकुर, नितिन चोपड़ा, बड़कन भैय्या, महेश मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

# डेंगू वार्ड में संसाधनों की कमी से रोष

## परेशान हो रहे मरीज, जिले में चल रहा है संचारी रोग नियंत्रण अभियान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** मौसम बदल रहा तरह-तरह की बीमारी से लोग परेशान हो रहे हैं। संचारी रोग को लेकर स्वास्थ्य विभाग अभियान भी चल रहा है । डेंगू का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। जिले में डेंगू के आठ सक्रिय केस हैं, लेकिन स्वास्थ्य महकमा सुस्त है। मेडिकल कालेज में डेंगू मरीजों के लिए वार्ड बना दिया गया है। यहां सुविधाओं का अभाव है। बेड पर मच्छरदानी तक नहीं लगाई गई है। लोग बाजार से मच्छर मारने की अगरबत्ती ला रहे है। हद तो ये है कि सीएमओ कार्यालय के बगल ही गंदा पानी भरा है। 11 विभाग मिलकर भी संचारी रोग से बचाव को प्रभावी इंतजाम नहीं कर पा रहे हैं, जिसका खामियाजा लोगो को भुगतना पड़ सकता है। 11 विभागों संचारी रोग को लेकर अभियान चला रहे है। स्वास्थ्य विभाग में इसको लेकर बैठक भी हो चुकी हैं। एक अप्रैल से संचारी रोग से बचाव को लेकर अभियान शुरू किया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, हार, ग्राम्य विकास, कृषि, सिंचाई, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, वाणिज्य एवं मनोरंजन, नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाने का दायित्व सौंपा गया है। मुहल्लों की साफ सफाई से लेकर दवाओं के छिड़काव का दावा हवाई है। मच्छर के प्रकोप बढ़ा है, लेकिन दवाओं के छिड़काव नहीं किया जा रहा । अभियान का प्रभाव अभी कहीं नहीं दिख रहा है। ना तो साफ सफाई की जा रही है और ना ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज में बनाए गए डेंगू वार्ड में भी संसाधन का अभाव दिख रहा है। संचारी रोग को रोकने के लिए कई तरीके के प्रयास किया जा रहे हैं साफ सफाई की गतिविधियां नगर से गांव तक प्राथमिकता के आधार पर की जानी हैं। साफ-सफाई का प्रबंध किया जाना है। गंदा पानी न एकत्र हो, इसकी व्यवस्था की जानी है।


डेंगू वार्ड में बेड पर बिना मच्छरदानी भर्ती मरीज। अमृत विचार

# नवोदय में चयन होने पर किया गया सम्मानित

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचारः** शिक्षा क्षेत्र के नरेंद्र पुर प्राथमिक विद्यालय के छात्र का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर शनिवार को प्राथमिक विद्यालय में छात्र को सम्मानित किया गया।

नरेन्द्र पुर गांव निवासी आयुष चौहान का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में हुआ। छात्र के इस सफलता पर माता पूजा चौहान तथा पिता रणजीत चौहान के साथ पूरे विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की। शनिवार को विद्यालय परिसर में छात्र को पुरस्कृत कर माला पहनाकर सम्मानित किया गया।खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा छात्र के सफलता में विद्यालय के साथ माता-पिता का का भी काफी योगदान है। चयनित छात्र आयुष चौहान ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया।

इस मौके सुधीर कुमार प्रधान प्रधान अजय चौहान सहायक अध्यापक सुनीता पांडेय, दिनेश पांडेय, शिक्षामित्र अर्चना पांडेय, सुरेश कुमार पांडेय, आंगनबाड़ी कुसुम चौहान, शारदा देवी सहित तमाम छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# चौपाल लगाकर वोटरों को करेंगे जागरूक

## सात विस क्षेत्र के 210 स्कूलों में लगाई जाएगी चौपाल, अफसरों को मिली जिम्मेदारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान को लेकर अब बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूल कालेजों में "चौपाल" का आयोजन किया जायेगा। इस चौपाल में संबंधित ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी, बीडीओ, एडीओ व तहसील के नायब तहसीलदार मौजूद रहेंगे। अभिभावकों को चौपाल कार्यक्रम में बुलाया जाएगा और उन्हें शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप के तहत चौपाल आयोजन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिले की सातों विधानसभा क्षेत्र के 210 स्कूलों को चौपाल के लिए चयनित किया गया है।

लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन लगातार नए नए कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इन कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान का दायरा बढ़ाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने अब स्कूल कालेजों में "चौपाल" को आयोजन का खाका तैयार किया है। इस चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान को गांव स्तर तक ले जाने की तैयारी है। व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) के तहत जिले के 210 स्कूलों को चौपाल कार्यक्रम के आयोजन के लिए चिन्हित किया गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 30 स्कूलों में चौपाल या आयोजन होगा। इस चौपाल में स्कूल के बच्चों के अभिभावक व अन्य ग्रामीण मतदाता आमंत्रित किए जायेगें।

संबंधित ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी, बीडीओ, एडीओ व संबंधित तहसील के तहसीलदार व नायब तहसीलदार को इस कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। चौपाल के दिन सभी अफसर संबंधित विद्यालय पर मौजूद रहेंगे।चौपा में मतदाताओं को जागरुक किया जाएगा और उन्हे शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया जायेगा। संबंधित तहसील के एसडीएम व एक जिला स्तरीय अधिकारी को इस चौपाल कार्यक्रम के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व चयनित स्कूलों के शिक्षकों को चौपाल कार्यक्रम के आयोजन का निर्देश दिया गया है।

# दहेज लोभियों से बेटियां हो रहीं प्रताड़ित: विद्याभूषण

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचारः** स्थानीय क्षेत्र के महंगूपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में छठवें दिन शनिवार को कथा वाचक विद्या भूषण शरण ने श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया।

पावन नगरी अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक ने कहा कि रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री थी। और श्रीकृष्ण से शत्रुता रखने के कारण रुक्मिणी का भाई रुक्मी बहन का विवाह शिशुपाल से कराने के लिए तैयारी करने लगा। इसकी जानकारी होने पर रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण से विवाह के लिए परिणय संदेश भेजवाया। तब श्रीकृष्ण ने युद्ध करते हुए रुक्मिणी की इच्छा से उनका हरण कर लिया।

कथावाचक ने वर्तमान समय में हो रहे विवाह संस्कार की कुरीतियों से बचने की बात कही। उन्होंने कहा कि विवाह में दहेज की चाह से कितने घर बर्बाद हो रहे हैं।और बेटियां मारी जा रहीं हैं। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। इस कुरीति का त्याग करना चाहिए। भगवान् की आरती उतारी गई । इस मौके पर ओंकार नाथ पांडेय, हरि सेवक पांडेय, अनूप शुक्ला, चंद्र मौलि तिवारी, शेष मणि, अंकित समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय उमरिया में आयोजन, खेलकूद के विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुतियों से मोह लिया मन

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचारः** शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के प्रावि उमरिया में शनिवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर जलवा बिखेरा दिया। वहीं बीते दिनों स्कूल में आयोजित खेलकूद विभिन्न प्रकार के खेलकूद स्पर्धा में अव्वल स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरष्कृत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत किया गया। पांच के छात्र-छात्राओं को अंक पत्र देकर छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर भावपूर्ण विदाई दी गई। जिपंस अभिषेक सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। संचालन योगेश्वर उपाध्याय ने किया। सहयोगी शिक्षको मे सरोजनी कौशल, ओम नारायन मौर्या, सन्तोष कुमार मिश्रा, रीना सिंह, प्रिया सिंह रहीं।समारोह मे उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं में विनीता कुशवाहा,राम सुन्दर प्रजापति, संजय कुमार दुबे, अनिल दुबे, राकेश पाण्डेय, पवन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


नवाबगंज के उमरिया स्कूल के बच्चे प्रमाणपत्र के साथ। अमृत विचार

### शिक्षक और छात्र एकदूसरे के पूरकः पूर्व मंत्री

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** शिक्षक और छात्र एक दूसरे के पूरक हैं। शिक्षकों के नैतिक कर्तव्य से छात्र छात्राओं का भाग्योदय होता है। यह बात शनिवार को वजीर गंज के ढोढ़ीयापारा स्थित तथागत बुद्ध इंटरकालेज में आयोजित वार्षिकोत्सव में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व विधायक रमापति शास्त्री ने कही। उन्होंने कहा कि मां बाप अपने अधूरे सपनों को बच्चों के जरिये पूरा करने का अथक प्रयास करते हैं, इसलिए शिक्षकों को जिम्मेदारी से उन मां बाप के सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। प्रबंधक घनश्याम मौर्य ने आगंतुकों का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश की मेधा को तराशने व निखारने के साथ उन्हें उचित प्लेटफार्म देने के लिये विद्यालय परिवार सम्पूर्ण योगदान दे रहा। थानाध्यक्ष अभय सिंह प्रमुख प्रतिनिधि पंकज सिंह, एसआरजी विनीता कुशवाहा आदि ने बच्चों व विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।छात्रछात्राओं ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम किये। इसके पूर्व खोखो, कबड्डी, ऊंची लंबी कूद, रस्साकशी आदि प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आशीष कुमार मौर्य प्राचार्य जीआईसी बलरामपुर, राजेश सिंह सांसद प्रतिनिधि, जयराम सुमन, अमरीश दत्त सिंह, सूरज सिंह, अशोक मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# ओवरलोडिंग पर प्रशासन सख्त कार्रवाई के दौरान दो तीन ट्रक सीज

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** शनिवार को सुबह पांच बजे से खनन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। बाहर मोरंग व बालू लाद कर दर्जनों ट्रक उप खनिज ओवरलोडिंग कर शहर के विभिन्न हिस्सों में बेचते हैं।

शनिवार को गोंडा-बाराबंकी रोड, गोंडा-फैजाबाद रोड व गोंडा से इटियाथोक तक उप खनिज लदे 20 वाहनों को रोककर जांच की गयी। इसमें मिश्रौलिया पुलिस चौकी के पास दो ट्रक संख्या UP34T4835 और UP32FN1120 प्रपत्र ई-एमएम-11 में अंकित मात्रा से अधिक उप खनिज बालू का परिवहन करते हुए पाया गया। टीम ने दोनों ट्रकों को थाना नगर कोतवाली की अभिरक्षा में खड़ा कराया दिया गया। इसके पश्चात गोण्डा-बलरामपुर रोड पर एक ट्रक संख्या UP33AT-8957 जिसमें बालू लगभग 31 घन मीटर लोड पाया गया, जो बिना वैध प्रपत्र के परिवहन कर रहा था। थाना कोतवाली नगर की अभिरक्षा में दे दिया गया। जिनसे शमन के रूप में 1,01,910.00 की वसूली की जाएगी। उक्त तीनों वाहनों के सम्बन्ध में परिवहन विभाग गोंडा को अवगत कराया गया।

उप संभागीय परिवहन अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर तीनों ट्रकों का ऑनलाइन चालान कर दिया गया। इसमें निहित धनराशि 1,84,000.00 का राजस्व दंड निर्धारित किया गया है। राज्य कर विभाग को पृथक से अवगत करा दिया गया है।


पकड़ा गया ओवरलोड ट्रक।

एक नजर

### गैंगस्टर के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

मनकापुर, अमृत विचार : गैंगस्टर के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक हरिश्चंद्र भारती वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रबोध कुमार, मुख्य आरक्षी विजय नाथ सुरेश कुमार गुप्ता व गुलाब चंद क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि गैंगस्टर के दो वांछित आरोपी मनकापुर-दतौली मार्ग पर स्थित अंधियारी चौराहे पर पर है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर कोतवाली लाया गया और पूछताछ में बताया कि थाना मोतीगंज के ग्राम मंगवाना के रहने वाले रमेश तिवारी व ग्राम सिसई भीखपुर राज कुमार के खिलाफ कार्यवाही करके न्यायालय भेजा गया है और दोनो के खिलाफ कई कई मुकदमा पुलिस में दर्ज है।

# अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित हुई मतदान लीग

## क्रिकेट, वालीबॉल, कबड्डी और खो-खो में सम्मिलित हुए युवा मतदाता, जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को दिलाया संकल्प

गोंडा कार्यालय


युवा खिलाड़ियों को संकल्प दिलातीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जनपद के युवा मतदाता अन्य मतदाताओं को जागरूक करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस (इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवेलपमेंट एंड पीस) के अवसर पर शनिवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी की एक अनूठी पहल "गोण्डा मतदान लीग" (जीएमएल) का आयोजन किया गया। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में जनपद भर के विभिन्न विद्यालयों से आये हुए युवा खिलाड़ी अन्य मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के संबंध में जागरूक करेंगे। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आगामी 20 मई को होने वाले मतदान में जनपद के करीब 44,336 युवा पहली बार करेंगे मतदान। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अनूठी पहल पर युवा मतदाता स्वयं मतदान करने के साथ ही साथ अन्य मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास भी करेंगे। उन्होंने बताया कि विगत 30 मार्च से निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत वाकथॉन के साथ वृहद कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में (इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस) के अवसर गोण्डा मतदान लीग (जीएमएल) का आयोजन किया गया। जनपद भर से आई टीमें उप क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर ने बताया कि मतदान लीग (जीएमएल) को लेकर युवा खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो के मैच का आयोजन किया गया। इसमें, ब्लॉक स्तर से लेकर कई महाविद्यालय और विद्यालयों की टीम ने प्रतिभाग किया। सुबह आठ बजे से स्टेडियम में शुरुआत की गई। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, जेएन राव डीसी एनआरएलएम, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, उप क्रीड़ाधिकारी अशोक सोनकर, राजेश कुमार सिंह जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा विभाग सहित सभी संबंधित विभाग के समस्त अधिकारीगण तथा विभिन्न विद्यालयों से आये हुए अध्यापक एवं छात्र-छात्रायें एवं सभी खेलों के नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आपस में मिलकर मनाएं त्योहार

मनकापुर, अमृत विचारः सभी लोग त्योहार आपसी सौहार्द पूर्ण वातारण के साथ मनाये। ईद का नमाज सड़क पर नहीं पढ़ी जायेगी। उक्त बातें पुलिस क्षेत्राधिकारी आरके सिह ने शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित शान्ति बैठक के दौरान सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दोनों समुदाय में कुछ ऐसे व्यक्ति होते है जो माहौल खराब करने की कोशिश करने का प्रयास करते है। इसलिए आपस में मिलकर ईद व नवरात्र का मनाये। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि पूर्व में लोगों ने बताया कि क्षेत्र में कभी भी कोई त्यौहार वाद-विवाद नहीं हुआ है बहुत अच्छी बात है फिर भी हमें सतर्क रहना होगा।

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 12 लोगों से 24 लाख रुपये हड़पे

## फर्जी प्रवेशपत्र बनाकर दिया, आरोपी पिता और पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज



संवाददाता, खरगूपुर

अमृत विचारः रेलवे भर्ती बोर्ड का सदस्य बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर महिला सहित 12 लोगों से 24 लाख रुपये ठग लिए गए और फर्जी एडमिट कार्ड बनाकर दे दिया गया। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली नगर गोंडा के वंशा पुरवा केशवपुर पहड़वा निवासी आकाश शर्मा ने थाने पर दर्ज कराये गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि वह खरगूपुर थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव के रहने वाले द्वारिका प्रसाद पुत्र महादेव प्रसाद का गोंडा मुख्यालय स्थित मकान निर्माण के दौरान सटरिंग का कार्य कर रहा था।

इसी बीच आरोपी द्वारिका प्रसाद ने आकाश से अपने को रेलवे भर्ती बोर्ड का सदस्य बताकर उसे तथा पत्नी को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख पचास हजार रुपये आरोपी अपने खाते में 21 जुलाई 2021 से एक वर्ष के भीतर किस्तों में जमा करा लिया। आरोप है कि कई माह बीत जाने पर नौकरी नहीं लगी तो दबाव बनाने पर आरोपी ने उसे व उसकी पत्नी को नौकरी के लिए परीक्षा दिलाने लखनऊ ले गया। लेकिन ढाई वर्ष बाद भी नौकरी नहीं मिली। दर्ज कराए गए मुकदमे कहा गया है कि नौकरी न लगने पर उसने आरोपी द्वारिका प्रसाद के बारे में जानकारी की तो पता चला कि यह दस अन्य लोगों को भी नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये ठग चुका है। जिसमें आकाश शर्मा व उसकी पत्नी के आलावा कोतवाली देहात गोंडा के सुल्तानजोत निवासी भानु प्रताप सिंह से पांच लाख रुपये, इसी गांव के ही आकाश सिंह से ढाई लाख रुपये, कोतवाली देहात क्षेत्र के ही वीरपुर बिसेन गांव निवासी गिरीश चंद शर्मा से दो लाख रुपये तथा इसी गांव के अमरीश शर्मा से एक लाख नब्बे हजार रुपये, कोतवाली देहात के वंशापुर नरायनपुर ईंधा निवासी विजय कुमार से एक लाख तैंतालिस हजार रुपये, इसी क्षेत्र के भदुहा तरहर निवासी रामदेव से एक लाख पच्चीस हजार रुपये, कोतवाली नगर के घोसियाना केशव पहड़वा गांव निवासी वाजिद खान से एक लाख सैन्तालिस हजार पांच सौ रुपये, परसपुर थाना क्षेत्र के पुरैना गांव निवासी चंद्र प्रकाश दुबे से दो लाख पचास हजार सात सौ रुपये, वजीरगंज थाना के पूरे हेम चंदापुर गांव निवासी सुरजीत शर्मा से एक लाख रुपये, इसी गांव के सुनील दत्त शर्मा से बासठ हजार पांच सौ रुपये आरोपी द्वारिका प्रसाद द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया था। लेकिन अभी तक नौकरी किसी को नहीं मिली।

पीड़ित द्वारा दबाव बनाए जाने पर आरोपी पिता पुत्र ने उसे फर्जी मुकदमे में फंसाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने अपने को नौकरी के नाम पर ठगे जाने की जानकारी होने पर स्थानीय थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपी द्वारिका प्रसाद व उनके बेटे के विरुद्ध 406, 419, 420, 467, 468, 471, 504 व 506 धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बिना हस्ताक्षर ही खाताधारक के खाते से निकले 20 लाख रुपये

करनैलगंज, अमृत विचार : डाकघर में बचत खाता धारक के बिना हस्ताक्षर के ही उसके खाते से करीब 20 लाख रुपए निकल गए। पीड़ित खाता धारक लगातार अधिकारियों का चक्कर काट रहा है। पीड़ित ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने की तहरीर भी दी है मगर पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। पीड़ित की शिकायत पर सहायक निदेशक परिमंडल लखनऊ ने पोस्ट मास्टर जनरल गोरखपुर परिक्षेत्र को मामले की जांच सौंपी है। करनैलगंज डाकघर में 3 वर्ष पूर्व ग्राहकों के खातों में मिलने वाले ब्याज के घोटाले का खुलासा होने के बाद करीब आधा दर्जन कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई के बाद भी डाकघर के कर्मचारी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। करनैलगंज नगर के मोहल्ला बालूगंज निवासी रामदीन मौर्य ने डाक विभाग के उच्च अधिकारियों, जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि उसका करनैलगंज डाकघर में खाता खुला था। जिसमें बचत खाता के साथ-साथ 7 लाख 50 हजार रुपए एफडी भी थी। उसके पहले खाते में 489897 रुपए, दूसरे खाते में 2 लाख रुपए, तीसरी खाते में 5 लाख रुपए और 7 लाख 50 हजार रुपए की एफडी थी। पीड़ित का कहना है कि बिना उसकी जानकारी के एफडी का पैसा उसके बचत खाते में ट्रांसफर कर लिया गया और उसके खाते से पूरी रकम थोड़ा-थोड़ा करके निकल गई। जब वह पिछले माह अपने खाते से 5 हजार रूपए होली पर खर्च के लिए लेने गया तो उसे बताया गया कि खाते में पैसा नहीं है। पीड़ित ने इसकी शिकायत एक दर्जन से अधिक अधिकारियों को भेजा है। इसके अलावा तीन अन्य खाताधारक जो बिना शिकायत किए ही अपना लेनदेन हो जाने पर डाकघर के एक कर्मचारी से समझौता करने में भी लगे हुए हैं। पीड़ित रामदीन मौर्य की शिकायत पर सहायक निदेशक परिमंडल लखनऊ ने पोस्ट मास्टर जनरल गोरखपुर परिक्षेत्र को मामले की जांच सौंपी है। उधर करनैलगंज डाकघर के पोस्ट मास्टर शिवकुमार पाठक का कहना है कि मामला उनकी जानकारी में है और मामले की जांच उच्च स्तरीय कराए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं इस संबंध में कुछ भी नहीं बता सकते। जिसकी आईडी से धन निकला होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

## अधोमानक पानी किया बरामद

गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः ट्रेन से यात्रा कर रहे यात्रियों के सेहत को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने अब निगरानी बढ़ा दी है। शनिवार को प्लेटफार्म निरीक्षक ने कार्मशियल कर्मचारियों के साथ प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन की चेकिंग के दौरान जब वे प्लेटफार्म नंबर चार व पांच पर पहुंचे तो पूर्वी ओवरब्रिज के पास लावारिस अवस्था में बोरे रखा अधोमानक 216 बोतल पानी को बरामद किया है। प्लेटफार्म निरीक्षक ने पानी के मालिक के बारे में पता लगाने की कोशिश की, लेकिन जानकारी नहीं हो पायी। किसी ने अपना दावा भी नहीं किया। प्लेटफार्म पर स्टॉल संचालकों से भी जानकारी की गई है।

# ग्राम न्यायालय को लेकर चौराहा जाम

गोंडा कार्यालय


आंबेडकर चौराहे पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

अमृत विचारः शनिवार को ग्राम न्यायालय को लेकर अधिवक्ताओं का भारी हुजूम कलेक्टर परिसर होते हुए अंबेडकर चौराहा पहुंचा। अधिवक्ताओं ने आंबेडकर चौराहा को जाम कर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी, बार एसोसिएशन के महामंत्री चंद्र तिवारी व सिविल बार के महामंत्री दिनेश नारायण पांडे की मौजूदगी में धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही। अगली रणनीति मीटिंग के बाद तय की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कौशल किशोर पांडे, माधव राज मिश्रा, दीनानाथ तिवारी, विजय प्रकाश त्रिपाठी लाल बिहारी शुक्ला रमेश कुमार चौबे, धनलाल तिवारी, गौरी शंकर चतुर्वेदी, मनोज कुमार मिश्रा, ज्ञान दत्त पाण्डेय, अनिल सिंह, अजय शंकर श्रीवास्तव बंटी, पाटेश्वरी दत्त पाण्डेय, आदित्य तिवारी, महेश शुक्ला, आलोक मिश्रा, महेश तिवारी, सच्चिदानंद मिश्रा, कृष्णानंद मिश्रा, मनोज चतुर्वेदी, राजन सिंह, सुनील कुमार पांडे, विनय कुमार मिश्रा, उमापति शुक्ला, वैभव पति त्रिपाठी, श्रीकांत पांडे, आलोक पांडे आदि मौजूद रहे।

# प्रदर्शन कर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, गोंडा कार्यालय


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। अमृत विचार

अमृत विचारः शिक्षा विभाग राजकीय माध्यमिक, बेसिक शिक्षा के कर्मचारियों ने शनिवार को डीआईओएस कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर सात सूत्रीय मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा है। कर्मचारियों का कहना कि निदेशालय स्तर से धरना पहले स्थगित कर दिया गया और आश्वासन दिया गया था कि समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा, लेकिन ऐसा न होने पर फिर से धरना प्रदर्शन किया गया है। पूर्व में भी प्रयागराज में अन्न जल त्याग कर धरना दिया गया था। तब भी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन मिला था। लेकिन उस पर भी कोई कार्य नहीं हो रहा है। दिए गए मांग पत्र में कर्मचारियों को मूल्यांकन केन्द्रों से मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के बंडलों को क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रेषित करने के लिए ड्यूटी लगाये जाने का आदेश वापस लेने, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1, प्रशासनिक अधिकारी के अवशेष रिक्त पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नति के आदेश निर्गत किये जाने, एनपीएस की धनराशि के गबन के आरोप में निलंबित कर्मचारियों की बहाली किये जाने, निजी व्यय पर स्थानांतरण चाहने वाले कर्मचारियों के स्थानांतरण के आदेश निर्गत किए जाने सहित संगठन के 30 सूत्रीय मॉग पत्रों का निस्तारण किया जाय। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों/प्रवक्ताओं का विनियमितीकरण निरस्त किए जाने के उपरान्त उनके द्वारा उच्च न्यायालयों में याचिकाएं योजित की जा रही हैं जिसमें न्यायालय द्वारा प्रति शपथ पत्र दायर किए जाने के आदेश पारित किए जा रहे हैं। शासन/विभाग द्वारा उस मद में व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान अशोक सिंह, वसीम अहमद, फूलचंद, दीपक यादव, दिवाकर मिश्र, समी अहमद, अनिता जायसवाल, सुधीर कुमार, गुलाम उस्मानी, अनूप सिंह, दिनेश वर्मा, अजय प्रताप सिंह, वैभव कुमार पांडेय जनपदीय सचिव, प्रवीण सिंह जनपदीय अध्यक्ष व अन्य लिपिक उपस्थित रहे।

# 'नो बैग डे' पर बच्चों ने किया योग

## प्राइमरी स्कूल धौरहरा में बस्ते का बोझ कम करने की पहल


नो बैग डे पर स्कूल में मौजूद बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः मुजेहना के मॉडल प्राइमरी स्कूल धौरहरा में 'नो बैग डे' मनाया गया। बच्चे बिना बस्ते और कॉपी-किताब स्कूल पहुंचे और धमाल मचाया। बच्चों ने शिक्षकों संग योग किया और कार्टून फिल्म देखी।

नई शिक्षा नीति के तहत प्रत्येक शनिवार को परिषदीय स्कूलों में 'नो बैग डे' कांसेप्ट लागू है। स्कूल पहुंचकर बच्चों ने प्रार्थना के बाद शिक्षकों के साथ योग किया। प्रधानाध्यापक राम स्वरूप भास्कर ने उन्हें प्राणायाम व अन्य योग की क्रिया कराई। बाद में बच्चों को कार्टून फिल्म दिखाई गई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस दिन बच्चों को संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा दी जायेगी। उन्हें देश की महान विभूतियों और उनके योगदान के बारे में बताया जाएगा। इसके अतिरिक्त हिंदी और अंग्रेजी की अंताक्षरी, इमला, कविता व कहानी सुनाओ प्रतियोगिता, प्रेरक प्रसंग व नैतिक मूल्यों पर आधारित कथाएं सुनाई जाएंगी। नो बैग डे पर बच्चों के लिए खेलकूद की गतिविधियां भी होंगी तथा विद्यालय से मन से लगाव पैदा करने के लिए उनके मनपसंद डांस, शैक्षिक कार्टून/ फिल्म प्रदर्शन, विद्यालय कैंपस की साज-सज्जा, बागवानी, शैक्षिक टीएलएम निर्माण पर भी कार्य किया जायेगा।

# आईसीआईटी में हुई मेहंदी स्पर्धा


मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः शनिवार को आईसीआईटी कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर गोंडा में एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के विभिन्न कोर्स ओ लेवल, सीसीसी, टैली में अध्ययन करने वाली कुल 27 छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान भूमिका तिवारी, दूसरा स्थान रिनी श्रीवास्तव, तीसरा स्थान अंजलि मौर्या और प्रिन्सी सिंह और चौथा स्थान अनामिका को मिला। विजई छात्राओं को प्रतियोगिता के अतिथियों ने ट्राफी और प्रमाण पत्र दें कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सपना तिवारी सरस्वती शिशु मंदिर, स्वाति मिश्रा, सेंट जेवियर की रजनी मिश्रा, स्वाति शुक्ला रही आदि उपस्थित रहकर बेटियों को प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता के प्रारम्भ में संस्थान की उप निदेशिका ऊषा गुप्ता ने अतिथियों को बैच लगा कर सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक संतोष कुमार गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद स्वरुप सन्देश दिया। इस प्रतियोगिता में अंजलि मौर्या, अफसा बानो, शिवांगी सिंह, रिनी श्रीवास्तव, भूमिका, अनामिका, प्रिन्सी, माधुरी, स्वप्निल, रुचि, शिवांशी, राशि गुप्ता आदि छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक शिवम् सिंह, माया राम, ह्तिक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### रिजल्ट देकर अगली कक्षा के लिए दीं शुभकामनाएं

कटरा बाजार, अमृत विचार : शिक्षा सत्र के छठवें दिन परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को परीक्षाफल वितरण के साथ विदाई सम्मान समारोह का आयोजन कर शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। प्राथमिक विद्यालय मथुरा में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। शिक्षा क्षेत्र कटरा बाजार के प्राथमिक विद्यालय मथुरा की प्रधानाध्यापक नितिन ने कक्षा 5 के उत्तीर्ण छात्रों को अच्छा प्रदर्शन करने पर उनको फूल माला पहनाकर पुरस्कार देकर विदाई दी। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिए पाठ्य-पठन सामग्री का वितरण किया। पुरस्कार पाकर खुश हुए बच्चे। सहायक अध्यापक अवधेश कुमार, सुनील कुमार,शिक्षामित्र कज्जन अली व केतकी सिंह ने अपने हाथों से बच्चों को माला पहनाकर पुरस्कार देकर दुलार और प्यार और आशीर्वाद देकर बच्चों को भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### सर्राफा लूटकांड का खुलासा होने पर जताया हर्ष

करनैलगंज, अमृत विचार : करनैलगंज के सर्राफा लूट कांड का शत प्रतिशत खुलासा होने पर सर्राफा व्यवसाइयों में खुशी का माहौल है। शनिवार को पीड़ित के साथ सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों व व्यवसाइयों ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को बुके देकर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। गांधी नगर निवासी विश्वनाथ शाह उर्फ बिस्सू के गुड़ाही बाजार स्थित गोपी ज्वेलर्स पर बीते चार मार्च को रात्रि लगभग दस बजे वह अपनी दुकान में हिसाब कर रहे थे। इसी बीच अचानक हेलमेट लगाकर दो अज्ञात बदमाश दुकान में घुस आए। बदमाशों ने तमंचे के बल पर दुकान से लाखों के जेवर व नगदी डरा धमका कर लूट लिए थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। दौरान पुलिस अफसरों के साथ स्वाट एंव सर्विलांस, डाग स्क्वायड, फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुँच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना को बेहद गंभीरता से लेते हुए एसपी विनीत जायसवाल ने इसके खुलासे के लिए एसओजी एवं सर्विलांस टीम सहित अन्य जिले के पुराने पुलिस कर्मियों समेत सात टीमों को लगाया था। बृहस्पतिवार को घटना के सफल अनावरण पर व्यवसाईयों में हर्ष का व्यक्त किया। शनिवार को सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पिंटू मिश्र के अगुवाई में पीड़ित विश्वनाथ शाह, अरुण वैश्य, अरुण बाथम, रितेश सोनी, विजय साहू आदि ने एसपी को बुके भेंट कर आभार जताया।

### मंदिर, ईदगाह समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर हुई सफाई

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर शनिवार को जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। खैरा भवानी, हनुमान मंदिर, काली भवानी मंदिर, ईदगाह समेत कई धार्मिक स्थलों पर विशेष अभियान चलाया गया। सफाई मित्रों द्वारा धार्मिक स्थल तक जाने मार्ग तक की धुलाई की गई। नवरात्र की अवधि में महत्वपूर्ण मंदिरों पर सफाई कर्मियों की पालीवार ड्यूटी चार्ट बनाई गई है। अधिकारियों को इस दौरान पूरी अवधि में उपस्थित रहकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। कुछ दिन पहले जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को अपने नगर निकाय/विकासखण्ड सीमा क्षेत्र में अवस्थित देवी मंदिरों तथा ईदगाह के आसपास अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। अनुपालन में शनिवार को विशेष अभियान की शुरुआत की गई। नगर पालिका परिषद गोण्डा द्वारा जिला महिला अस्पताल से उतरौला रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। ददुवा बाजार वीरपुर, नवीन गल्ला मंडी के आसपास के क्षेत्र में कूड़े के ढ़ेर हटाए गए। नगर पालिका गोण्डा के साथ ही करनैलगंज, कटरा बाजार समेत ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई कार्य सुनिश्चित किया गया।

आयोजन

धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस, लोकसभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य का लिया संकल्प

# जनसभा व रैली में पार्टी की नीतियों से कराया परिचित

संवाददाता, गोंडा कार्यालय


पार्टी की स्थापना दिवस पर रैली में शामिल गौरा विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

अमृत विचारः शनिवार को भारतीय जनता पार्टी का 44वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर में पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, महामंत्री आशीष त्रिपाठी, भाजयूमो जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री राकेश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना को समारोह पूर्वक मनाया। वहीं गौरा विधानसभा क्षेत्र के सबरापुर बाज़ार में विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने जनसभा व रैली में शिरकत कर पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जसवंत सिंह, मण्डल महामंत्री राम चंदर वर्मा, विश्वनाथ पाठक, प्रधान विजय वर्मा, आनंद प्रताप सिंह, राम तीरथ वर्मा, सरवन वर्मा, पूर्व प्रधान बल्लू सिंह, अरविंद सिंह, रोहित भारती, शिव प्रसाद प्रजापति, राम नाथ भारती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। परसपुर के भौरीगंज बाजार स्थित सरयू मंडल के शक्तिकेंद्र पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर फूल माला अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान करनैलगंज के विधायक अजय सिंह ने कहा कि बीत रहे 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रहित, अंत्योदय व एकात्म मानववाद के ध्येय को लेकर सुरक्षा, सुशासन व विकास के नए प्रतिमान स्थापित किये हैं। उन्होंने चुनाव में 400 पार लक्ष्य के अनुरूप परिश्रम कर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

कटरा बाजार, अमृत विचार : कटरा बाजार के नारायणपुर कला में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष बलदेव राज पासवान ने कहा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी आज दुनिया में भले ही नहीं हैं लेकिन उनकी मेहनत से खड़ी हुई पार्टी दुनियाभर में सिरमौर बनी हुई है। विद्याभूषण ने कहा पार्टी अब हिंदी भाषी राज्यों के साथ-साथ पूर्वी राज्यों में भी पैठ बना चुकी है। 2024 लोकसभा चुनाव के रण के बीच में बीजेपी 45 वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर सुमित भूषण सिंह, ज्योति प्रकाश पाण्डेय, आशीष मिश्रा ब्लॉक प्रमुख झंझरी पिंटू सिंह आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय में अंक-पत्र वितरण एवं विदाई कार्यक्रम आयोजित

इटियाथोक, अमृत विचार : शनिवार को स्थानीय कंपोजिट विद्यालय बरईपारा में अंक पत्र वितरण एवं विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डायट मेंटर ओंकार चौधरी और एआरपी अंग्रेजी मनोज यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और सरस्वती वंदना के साथ किया गया तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैक्षिक सत्र 2023-24 के अंक पत्र का वितरण और गत सत्र कक्षा आठ उत्तीर्ण कर चुके बच्चों की विदाई की गयी। कार्यक्रम में अश्वनी कुमार दुबे, सलमान, रोहिणी नंदन मिश्र, करन सिंह, गोपाल प्रसाद, सौरभ वर्मा, अरुण मिश्रा, विजय कुमार भारती एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तेल में गिरने से बालिका झुलसी

बहराइच,अमृत विचार : बौंड़ी थाने के भौंरी गांव में शुक्रवार दोपहर में मालती की पत्नी कड़ाई पर पकौड़ी बना रही थी। उसकी चार वर्षीय बेटी सुनैना चूल्हे के पास बैठी मां की ओर से कड़ाई से बनी पकौड़ी खाने के इंतजार मे बैठी थी। इसी दौरान पकौड़ी निकालते समय गर्म तेल छलक कर सुनैना के ऊपर गिरा। वह झुलस गई। आनन फानन में एंबुलेंस मंगाकर झुलसी बालिका को मेडिकल कॉलेज लाकर बर्न वार्ड मे भर्ती कराया गया है।

### हिंदू नव वर्ष में ही हुआ था सृष्टि का सृजन

बहराइच,अमृत विचार : ब्लाक मुख्यालय पर प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना के नेतृत्व में सुंदरकांड का पाठ, हवन पूजन प्रसाद वितरण किया गया। नया सत्र व हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में ब्लाक मुख्यालय पर संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना ने बताया कि हिंदू नव वर्ष बेहद महत्वपूर्ण होता है। हवन पूजन अधिक फलदाई माना गया है इससे वातावरण शुद्ध होने के साथ ही काफी लाभ मिलता है। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रकृति अपना आवरण बदलकर नए कोपल धारण करती है। यही सनातन संस्कृति है।चैत्र प्रतिप्रदा मात्र हिंदू नव वर्ष ही नहीं सृष्टि के सृजन का दिवस भी है। इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज सन्दीप सिंह बिसेन तेजवापुर करुणाकर पांडेय एडीओ पंचायत धुर्व कुमार पांडेय आशिस यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम जी त्रिपाठी,महामंत्री मान सिंह, सीताराम पांडे,संतोष श्रीवास्तव, महेश जयसवाल, दिनेश तिवारी,अजय शुक्ला, मोनिका सिंह, प्रमोद सिंह, सुमित ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह महिंदर कुमार, दिलीप कुमार, वाजिद खा, प्रिंस उदयराज वर्मा, सुनील कुमार, पप्पू सिंह, ज्ञानचंद वर्मा, पवन सिंह, संजय सिंह समेत थानाध्यक्ष फखरपुर करुणाकर पांडेय अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# कम उम्र में शादी के बजाए पढ़ाई रखें जारी

संवाददाता,बहराइच


बालिका विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार : शहर के बालिका विहान आवासीय विद्यालय में कक्षा आठ की छात्राओं का शनिवार को अंक पत्र वितरण के साथ विदाई समारोह का आयोजन हुआ। श्रम अधिकारी ने बालिकाओं को आगे की पढ़ाई जारी रखने और कम उम्र में शादी न करने की सीख दी।

शहर के हुजूरपुर रोड पर समाजशास्त्र विभाग की ओर से बालिका विहान आवासीय विद्यालय का संचालन होता है। कक्षा तक चलने वाले विद्यालय में श्रमिकों की बेटियां निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करती हैं। शनिवार को कक्षा आठ में पढ़ने वाली विद्यालय की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि श्रम अधिकारी सिद्धार्थ मोदयानी रहे। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में भी कम उम्र में बालिकाओं की शादी होती है। यह गलत है, बालिकाएं आगे की पढ़ाई करें। क्योंकि जीवन में समस्याएं आती रहती है। इसके बाद विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी इंटरमीडिएट के साथ आगे की भी पढ़ाई करें। कभी कोई दिक्कत हो तो स्कूल में आकर जानकारी या सहयोग ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में बिताए याद लोगों को याद आएंगी। जूनियर छात्राओं ने सीनियर को नाम देकर संबोधित किया। इसके बाद छात्राओं को लायंस आशा क्लब की अध्यक्ष संध्या गोयल और सचिव रुचि पांडेय की ओर से पानी का बोतल दिया गया। इसके अलावा सभी छात्राओं को ब्रेक फास्ट करवाया गया। वार्डेन प्रिया प्रसाद ने सभी बच्चों को ज्यामेट्री दी। इसके बाद सभी को विदाई दी गई तो सभी छात्राएं भावुक होकर रोने लगीं। इस दौरान रूमन देवी, निधि मिश्रा, प्रियंका श्रीवास्तव, भू रत्न श्रीवास्तव, संजीव कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# आवास के लिए प्रधान प्रतिनिधि ने की वसूली

मिहीपुरवा, बहराइच

अमृत विचार : जिले के कंजडवा गांव के ग्रामीणों से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा आवास दिलाए जाने के नाम पर हजारों रुपए वसूली का आरोप लगा है। इतना ही नहीं फर्जी मास्टर रोल पर हाजिरी लगाते हुए मनरेगा योजना का लाभ दिलाने के लिए भी वसूली की गई है। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। सभी ने डीएम से शिकायत की है।


खूबसूरती देवी।

विकास खण्ड मिहींपुरवा अंतर्गत ग्रामसभा कंजड़वा में ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि पर आवास में धन वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों के मुताबिक कंजड़वा ग्राम सभा में आवास दिलाने के नाम पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा पहले प्रति लाभार्थी से दस -दस हजार रुपयों की वसूली की गयी। इसके बाद आवास निर्माण के बाद मजदूरी के पैसों को पुनः लाभार्थियों से मनरेगा मजदूरी के नाम पर खाते से निकलवाकर गबन कर लिया गया। पीड़ितों ने बताया की सभी मनरेगा जॉब कार्ड धारको के खाते में पहले फर्जी मास्टररोल दिखा कर मजदूरी के पैसे मंगा लिया जाता है और फिर बाद में प्रत्येक पेमेंट पर खाता धारक को 500 रुपये का लॉलीपॉप दे कर सभी पैसे ऐंठ लिए जाते हैं। इसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। सभी का कहना है कि आवाज उठाने के बाद भी ग्राम विकास अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। ऐसे में परेशान लोगों ने डीएम मोनिका रानी से शिकायत की है। लोगों का कहना जहां सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार मिटाने के लिए लाभार्थियों के खाते में पैसे भेजवा रही हैं वहीं कंजड़वा के प्रधान प्रतिनिधि जैसे लोग सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कोर- कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### स्वयं गांव जाकर करूंगा जांच

डीसी मनरेगा केडी. गोस्वामी से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया की मामला संज्ञान में आया है उनके द्वारा स्वयं दो दिवस में मामले की जाँच कर दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# नाबालिग के दुष्कर्मी को बीस वर्ष का कारावास

## विशेष न्यायाधीश पाक्सों ने 80 हजार के अर्थदंड से किया दंडित

संवाददाता,बहराइच

अमृत विचार : नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म के मामले में शनिवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मुकदमें में अभियुक्त को 80 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष सिंह ने बताया कि थाना रामगांव के ग्राम जुलाहनपुरवा निवासी अभियुक्त निजामुद्दीन के खिलाफ पिता ने 11 मई 2021 को थाने में तहरीर दिया था। तहरीर में पिता ने कहा था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बिटिया को निजामुद्दीन द्वारा अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। घटना में विवेचनाधिकारी द्वारा पीड़ित नाबालिग बिटिया का सक्षम मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए नक्शा नजरी तैयार किया था। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि विवेचनाधिकारी द्वारा पांच जून 2021 को आरोपपत्र सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया था। मुकदमें का 22 जून 2021 को प्रसंज्ञान न्यायालय द्वारा लिया गया था। इसके बाद विशेष लोक अभियोजक पाक्सो की टीम ने उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के विवरण का उल्लेख करते हुए मुकदमें में सत्र परीक्षण प्रारंभ किया था। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि शनिवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो वरूण मोहित निगम की कोर्ट ने मुकदमें सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त को अधिकतम बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने अभियुक्त को 80 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि कोर्ट ने पीड़िता को नियमानुसार प्रतिकर की धनराशि देने की संस्तुति भी की है।

### डीपफेक की पहचान के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

श्रावस्ती, अमृत विचार : गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की पहल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में किया गया। जिसका शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह ने किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन शनिवार को जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने द्वीप प्रज्जलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि इस कार्यशाला का आयोजन प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था को सक्रिय करने के लिए किया जा रहा है, जो चुनावी प्रक्रिया की शुद्धता को बनाए रखने के लिए कदम उठा रहे हैं। डीपफेक डिटेक्शन कार्यशाला से तकनीकी, कानून से सम्बन्धित काफी बाते साझा हुई, जिससे जिला प्रशासन, न्याय विभाग और पुलिस विभाग का ज्ञानवर्धन हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्यशाला प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते और तेजी से बदलते परिदृश्य में गलत सूचनाओं के जोखिम, अपराध को पहचानने और नियंत्रित करने के लिए सहायक होगी। इस वर्कशॉप के आयोजन में विशेषज्ञों की टीम में सागर विश्नोई, भरत नायक, शुभम सिंह और प्रणव द्विवेदी तथा अमिय कृष्ण उपाध्याय शामिल रहे।

# शत प्रतिशत मतदान का आह्वान

संवाददाता, बहराइच


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचारः जिला पंचायत सभागार में महामना मालवीय मिशन के तत्वावधान में नशा मुक्त, भयमुक्त शत-प्रतिशत मतदान चौपाल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक, धार्मिक संगठन प्रतिनिधियो ने लोक तांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत एवं अक्षुण बनाये रखने के लिए शत प्रतिशत भय मुक्त नशा मुक्त मतदान का आवाहन किया तथा नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प भी दोहराया।

मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि शंकर सिंह ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र समूचे विश्व का पथ प्रदर्शन करता है। नमामि गंगे संयोजक पर्यावरणविद राकेश चंद्र श्रीवास्तव ने पर्यावरण को मानवानुकुल बनाये रखने के लिये नदी सरोवर तालाब व पोखरों को संरक्षित करने के लिए अधिकाधिक संख्या मे हरिशंकरी व पंचवटी प्रजाति के पौधरोपण व उनके संरक्षण का आवाहन किया। संचालन रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अध्यक्ष अनिल मिश्र व धन्यवाद कोषाध्यक्ष अर्जुन कुमार दिलीप ने किया।

अध्यक्षता शिक्षाविद मालवीय मिशन अवध संयोजक प्रोफेसर डॉ एसएन सिंह ने किया। इस मौके पर कुलदीप सिन्हा, शंभूदयाल वाजपेयी, केशव पांडेय, रमेशचंद्र मिश्र, सहाबुद्दीन अंसारी, मो. सलीम व तकम्मस खां, धीरेंद्र शर्मा, अनिल त्रिपाठी, दीप नारायण पाल, ओमप्रकाश सक्सेना, लाल बहादुर तिवारी, डॉ. राधेश्याम श्रीवास्तव महासचिव आलोक शुक्ल उपाध्यक्ष डॉ कपिल शुक्ल, प्रवक्ता संगठक सचिन श्रीवास्तव, समाजसेवी अंगद गुप्त, सियाराम, समाजसेविका वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अनीता जायसवाल, राकेश त्रिपाठी ,सज्जन कुमार मिश्र, शांतनु श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश मिश्र, अनिल वर्मा, राहुल पांडेय ,विवेक सक्सेना शिक्षाशास्त्री पंकज श्रीवास्तव,आयुष जायसवाल सांवली प्रकाश शुक्ल एडवोकेट आदि ने संबोधित कर नशा, भय मुक्त ,शत प्रतिशत मतदान का आह्वान किया।

# केंद्रीय विद्यालय श्रावस्ती में पुस्तक उपहार का आयोजन

श्रावस्ती अमृत विचारः शनिवार को केंद्रीय विद्यालय श्रावस्ती में पुस्तकालय अध्यक्ष कुसुम लता की देखरेख में पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


छात्रों को पुस्तक उपहार करते प्राचार्य।

इस दौरान प्राचार्य अशोक द्विवेदी ने छात्रों द्वारा पिछले सत्र में उपयोग की हुई पुस्तकों को विद्यालय के दूसरे बच्चों को स्वेच्छा से प्रदान किया। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं की 943 पुस्तके वितरित की गई। प्राचार्य द्वारा पुस्तकोपहार कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया की पुस्तकोपहार केंद्रीय विद्यालय में होने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है ,इसके द्वारा हम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसी छात्र की मदद भी कर सकते हैं । कार्यक्रम में श्याम लाल, एस पी मिश्रा, सहित सभी शिक्षकों ने अपना सहयोग प्रदान किया एवं छात्रों से पुस्तकोपहार कार्यक्रम में और अधिक प्रतिभाग करने के लिए उन्हें उत्साहित भी किया गया । पुस्तकोउपहार के माध्यम से पुस्तके प्राप्त करने वाले छात्र बहुत ही प्रफुल्लित हुए।

# डाक मतपत्र एवं ईडीसी के संबंध में बैठक

श्रावस्ती, अमृत विचारः लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में डाक मतपत्र एवं ईडीसी के सम्बन्ध में सहायक नोडल अधिकारी डाक मतपत्र के साथ जिलाधिकारी कक्ष में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सहायक नोडल अधिकारी, डाक मतपत्र को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के सम्बन्ध में निर्गत दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन कर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के उपरोक्त निर्देश पत्रों के अनुसार निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात समस्त कार्मिक, जो 58-श्रावस्ती लोक सभा क्षेत्र के मतदाता है, ऐसे निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कार्मिक प्रारूप-12 क पर रिटर्निंग आफिसर को ईडीसी हेतु आवेदन निर्वाचन ड्यूटी की प्रति एवं मतदाता पहचान पत्र की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत करेगें एवं रिटर्निंग आफिसर माननीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार द्वारा परीक्षण करके प्रारूप-12 ख पर ईडीसी मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण में निर्गत किया जायेगा।

प्रारूप-12 ख (ईडीसी) के माध्यम से निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात 58-श्रावस्ती लोक सभा क्षेत्र के मतदाता कार्मिक जनपद मे मतदान दिवस दिनांक 25 मई को अपने तैनाती के मतदान केन्द्र पर अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र होगें। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम द्वारा प्रशिक्षण सत्र में प्ररूप-12 क प्रशिक्षण स्थल पर स्थापित निर्धारित काउन्टर पर जमा किया जायेगा। मतदान अधिकारी, द्वितीय एवं मतदान अधिकारी, तृतीय व अन्य निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों द्वारा अपने कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से प्ररूप-12 क (ईडीसी हेतु आवेदन) निर्वाचन ड्यूटी की प्रति एवं मतदाता पहचान पत्र की प्रति सहित प्रस्तुत किया जायेगा। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात 58-श्रावस्ती लोक सभा से इतर लोक सभा क्षेत्र के मतदाता कार्मिकों द्वारा प्ररूप-12 (डाक मतपत्र हेतु आवेदन) के साथ निर्वाचन ड्यूटी की प्रति एव मतदाता पहचान पत्र की प्रति सहित आवेदन प्रभारी अधिकारी,डाक मतपत्र, लोससानि-2024 के माध्यम से सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर को प्रेषित कराया जायेगा।

### चाकू से हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती, अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह थाना इकौना मय पुलिस द्वारा धारा 323, 307,504,506 से सम्बन्धित अभियुक्त रौनक गुप्ता पुत्र दिलीप कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला चौक कस्बा इकौना गिरफ्तार किया। घटना के संबंध में 2 दिन पूर्व थाना इकौना पर वादी विवेक अवस्थी निवासी कनौजिया पुरवा दाखिला इटवरिया थाना इकौना के द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि विपक्षी रौनक गुप्ता द्वारा उनके बड़े भाई पर जान से मारने की नियत से चाकू से हमला किया गया तहरीर के आधार पर रौनक गुप्ता पुत्र दिलीप कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला चौक कस्बा इकौना थाना इकौना के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया था।

### अज्ञात कारणों से लगी आग 6 घर राख


चयपुरवा में लगी आग।

श्रावस्ती, अमृत विचार : थाना क्षेत्र सिरसिया के ग्राम चयपुरवा में शनिवार दोपहर में अज्ञात कारण से सुमन देवी पत्नी धर्मराज पाल के घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। परिवार के लोग आनन फानन में जान बचाकर घर से बाहर निकले और शोर मचाना शुरू किया। लेकिन तब तक आग तेजी से फैलते हुए बगल के बिट्टा देवी,राम सागर,विद्या सागर,राम सूरत, व राजेश कुमार के घरों तक पहुंच गई और देखते ही देखते छह घर आग की चपेट में आ गए। आग को फैलता देख गांव निवासी शिव पूजन सिंह ने दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद दमकल कर्मचारी वाहन के साथ चयपुरवा गांव पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।अग्नि काण्ड में लगभग छ: लाख रुपए की छति का अनुमान लगाया जा रहा है।

## वर्ग पहेली-32

**बाएं से दाएं**

1. बाज़ या गिद्ध की जाति का एक बड़ा पक्षी
3. नागरिक, नगर का निवासी।
4. 1. सघन, गहरा 2. बहुत घना 3. भयंकर, ज़बरदस्त।
5. अपनी मरज़ी से।
6. नौका संबंधी
7. 1. घंटे की-सी ध्वनि निकलना 2. घन-घन की आवाज़ निकलना।
8. एक प्रकार का प्रत्यय जो 'भरा हुआ' या 'पूर्ण' होने का अर्थ देता है
9. 1. त्रुटि, भूल, गलती 2. दोष, अपराध।
10. लोहा

**ऊपर से नीचे**

2. उनचना, पैताने (पैर की ओर) की रस्सी खींचकर खटिया की बुनावट के ढीलेपन को दूर करना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ |
| ■ | ■ | 4 | | | | ■ |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | ■ | 6 |
| 7 | | | | 8 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 9 | | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 10 | | | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -31 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 म | ■ | 2 टे | ■ |
| ■ | 3 उ | दि | त | यौ | व | 4 ना |
| 5 रे | ■ | ■ | वि | ■ | ■ | ग |
| टि | ■ | ■ | भा | ■ | ■ | र |
| ना | ■ | ■ | 6 ज | 7 ब | कि | ■ |
| ■ | 8 वै | 9 खा | न | स | ■ | 10 ताँ |
| ■ | ■ | म | ■ | र | ■ | 11 ता |

## सुडोकू -111

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | | | 2 | |
| 7 | | 4 | | 2 | | 1 | | 6 |
| | | 6 | | | 3 | | 9 | |
| | 2 | 1 | | 4 | | 5 | | |
| | | | | | | | | |
| | | 7 | | 8 | | 6 | 4 | |
| | 7 | | 5 | | | 8 | | |
| 5 | | 3 | | 1 | | | | 7 |
| | 6 | | | | 9 | | | 4 |

### सुडोकू -110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-त्रयोदशी 06 .53 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 8 अप्रैल 03 .21 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष** – आज खर्चों की अधिकता रहेगी। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत न करें। वैवाहिक जीवन तनाव युक्त हो सकता है। गैस और कब्ज के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**वृष** – आज व्यापारियों को नए अनुबंध मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। संपत्ति को लेकर डील होने की संभावना है। प्रेमीजन का सहयोग मिलेगा। धन कमाने के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**मिथुन** – आज आप आलस्य वश काम टालने का प्रयास कर सकते हैं। बोलचाल के दौरान नम्रता का भाव अवश्य रखें। जॉब में बदलाव करना फिलहाल उचित नहीं है। व्यवसाय में महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

**कर्क** – आज धार्मिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। समस्याओं का निवारण होगा। नया निवेश करने से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज घर के बड़े बुजुर्गों के साथ वैचारिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। पड़ोसियों के साथ थोड़ी कहासुनी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ अनमने से रहेंगे।

**कन्या** – आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार आने के योग बन रहे हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने के कारण इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। जॉब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें।

**तुला** – आज नसों में खिंचाव और दर्द की समस्या हो सकती है। घर में रिश्तेदार आ सकते हैं। अपनी क्षमताओं और योग्यता का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। व्यापार के लिए लोन लेने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें।

**वृश्चिक** – आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। मन में नए और रचनात्मक विचार जन्म लेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में परेशानी होगी। धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा। अपना व्यवहार हमेशा मधुर बनाए रखें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**धनु** – आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। किसी मित्र के प्रति गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। कर्मचारियों के साथ मतभेद बढ़ सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। कारोबारी कार्यों से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**मकर** – आज आप किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कमर और पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। धैर्यवान होकर के काम करना लाभकारी होगी। व्यस्तता के बावजूद अपने काम को प्राथमिकता देंगे। गुरु तुल्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कुंभ** – आज मन में किसी के भी प्रति बैरभाव न रखें। छाती में जलन की शिकायत हो सकती है। अपने स्वभाव को संयमित रखें। किसी परिजन को लेकर चिंतित हो सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे।

**मीन** – आज जॉब में अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 12 .58 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

कहानी किस्मत की
दोपहर : 12 .02

लोहा
रात : 07 .57

एंटरटेनमेंट
सुबह : 09 .20

दिल चाहता है
शाम : 04 .30

इन द हार्ट ऑफ द सी
सुबह : 10 .05

स्पाइडर मैन
रात : 09 .00

डॉन
सुबह : 11 .30

रईस
रात : 07 .40

भगवंत केसरी
दोपहर : 12 .55

पिचैककरण
रात : 07 .03

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 07 .40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली-चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति-पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।



**27वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.15 बजे
इफ्तार : 06.36 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .28 बजे
इफ्तार :06.24 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# नोमैंस लैण्ड के मतदान केन्द्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, बहराइच



मतदान के लिए शपथ दिलातीं डीएम और एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान में 13 मई को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच में होने वाले मतदान प्रकिया में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के साथ नोमैंस लैण्ड के निकट स्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा के मतदान केन्द्रों सलारपुर, घूमनाभारू व चितलहवा का निरीक्षण कर मतदेय स्थलों पर उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्युत कनेक्शन, उचित क्षमता की लाईट व पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, रैम्प, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता, मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, ईपिक वितरण इत्यादि का सत्यापन करते हुए मौके पर मौजूद तहसील प्रशासन व ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने मौजूद लोगों को मतदाता शपथ दिलाते हुए सभी से अपील की कि मतदान दिवस 13 मई की सुबह जलपान करने से पहले ही आपको अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने दिव्यांग, नवीन व बुजुर्ग मतदाओं को फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया तथा नवीन सहित अन्य मतदाओं के ईपिक वितरण का भी सत्यापन किया। डीएम व एसपी ने वन-बाई-वन मतदाताओं से मुलाकात कर इस बात की जानकारी प्राप्त की कि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने बताया निर्वाचन के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। क्रिटिकल मतदान केन्द्र सलारपुर के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने ग्राम की महिला, बुजुर्ग व युवा मतदाताओं से वार्ता कर मतदाता सूची का सत्यापन किया तथा सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। डीएम व एसपी ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये जायेंगे आप सभी लोग बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा मोतीपुर संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ अजीत कुमार सिंह, सीडीपीओ गरिमा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार अर्सलान सहित क्षेत्रीय कर्मचारी, ग्राम प्रधान व उनके प्रतिनिधि तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सीमा पर कड़ी चौकसी बरतें भारत -नेपाल के सुरक्षा बल


सीमा पर नेपाली जवानों से बात करतीं डीएम।

**बहराइच, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर स्थित चेक पोस्ट का डीएम और एसपी ने निरीक्षण कर सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने दोनों देश के जवानों से सीमा पर कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए। भारत–नेपाल सीमा के निकटवर्ती क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने नो–मैंस लैण्ड के निकट स्थित सूरजपुर पकड़िया स्थित गुलरिहा चेक पोस्ट का निरीक्षण कर सीमा पर तैनात भारत व नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों से सीमावर्ती क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत पूरी सतर्कता बरती जाय। डीएम व एसपी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला–बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर भी सर्तक दृष्टि बनाये रखी जाए।

## दिव्यांग मतदाताओं को किया सम्मानित

मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने दिव्यांग मतदाता योगेन्द्र प्रसाद, स्वामी नाथ, मोतीलाल व जय प्रकाश बुज़ुर्ग मतदाता राम नगीना तथा नवीन मतदाता खुशबू, प्रतिभा, मनीषा, निरमा, चन्दा, सीमा, पप्पू कुमार, अजय कुमार, जर्नादन कुमार व अंकित कुमार को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### झुलसी रसोइया मेडिकल कॉलेज रेफर

**बहराइच,अमृत विचार :** श्रावस्ती जिले के सोनवां थाने के दुगहरा प्राथमिक विद्यालय में रसोईयां कमला देवी पत्नी राधेश्याम गुरूवार दोपहर मिड डे मिल बना रही थी। पाइप लीकेज होने से उठी आग की लपट से वह झुलस गई। आनन फानन में उन्हे भिनगा जिला अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने शुक्रवार को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### खौलता पानी गिरने से झुलसा बच्चा

**बहराइच,अमृत विचार :** हरदी थाने के पंडितपुरवा गांव में शुक्रवार दोपहर में चूल्हे पर गर्म हो रहा पानी उलट गया। जिससे एक वर्षीय बेटा धर्मन्त पुत्र पुष्पेन्द्र झुलस गया। आनन फानन में झुलसे बालक को वाहन से मेडिकल कालेज लाया गया। उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

### परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

**बहराइच,अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के पठन–पाठन, भवन, शिक्षण स्थाफ व छात्र–छात्राओं की उपस्थित, मध्यान्ह भोजन तथा कक्ष–कक्षों व परिसर इत्यादि की साफ–सफाई का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने उच्च प्राथमिक विद्यालय घुमनाभारू, सलारपुर व चितलहवा का भी निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने जहां एक ओर शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करते हुए उन्हें संस्कारशील बनायें वहीं दूसरी ओर बच्चों को सीख दी कि पूरे मन से पढ़ाई कर अपना तथा अपने परिवार का नाम रौशन करें। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सलारपुर की साफ–सफाई व रंग–रोगन की सराहना की।

# सड़क हादसों में तीन की मौत बालिका समेत 7 लोग घायल

## दो घायलों की हालत गंभीर, लखनऊ किए गए रेफर

बहराइच/विशेश्वरगंज


पोस्टमार्टम हाउस के पास मौजूद मृतक परिवार के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि बालिका समेत सात लोग घायल हो गए। इनमें दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रिसिया थाना क्षेत्र के बांग्ला चक गांव निवासी शेष राज कश्यप अपनी पत्नी सरोज कश्यप और गांव निवासी जासमीन (7) के साथ बाइक से रिश्तेदारी में गया था। शनिवार सुबह बाइक से घर के लिए रवाना हुआ बांग्ला चक गांव के निकट पहुंचने पर बाइक में ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दिया जिससे शेष राज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी और बालिका घायल हो गई। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लेकर दिया गया। थाना विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत कंछर के मजरा हरदेवपुरवा निवासी अजय कुमार (28) पुत्र अलखराम अपनी पत्नी सीमा देवी उर्फ मुन्नी देवी (20) को ससुराल से लेकर घर वापस आ रहा था। विशेश्वरगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मारी। जिससे अजय कुमार व सीता देवी उर्फ मुन्नी देवी गंभीर रूप से चोट आई। वहीं दूसरे बाइक सवार शिवशंकर पुत्र छोटे निवासी खरखटन पुरवा व उसके मामा ननके पुत्र जोगीराम निवासी ग्राम मरौटिया को चोटें आई। सभी लोगों का विभिन्न हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। शनिवार को अजय कुमार का लखनऊ में इलाज के दौरान सुबह मौत हो गई, समाचार लिखे जाने तक अभी घर तक शव नहीं पहुंचा है। उधर इसी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हरदाही के मजरा डल्लूपुरवा निवासी रिजवान (20) पुत्र उमतअली देर शांम को क्षेत्र के बिंद्रा बाजार से अपने घर डल्लूपुरवा को जा रहा रहा था। बड़ागांव नहर पुल के मोड़ पर अनियंत्रित होने से आमने- सामने दो मोटरसाइकिलों में लड़ने से रिजवान को काफी चोटें आई वहीं दूसरे अन्य मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल होने के बावजूद फरार हो गया। ग्रामीणों ने आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे तथा चोटिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज पहुंचाया गया। जहां रिजवान की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। रामगढ़ थाना क्षेत्र के भोग जोत गांव निवासी दीपक पुत्र रघुनंदन के भाई को हाईवे पर दूसरे बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

## महिला की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा निवासी एक विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने पति को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के संकल्प गांव निवासी विनीता सैनी का विवाह एक वर्ष पूर्व कोतवाली नगर के मोहल्ला धनकुट्टी पुरा निवासी अक्षय सैनी के साथ हुआ था। विनीता का शव शुक्रवार सुबह ससुराल के लोगों ने कमरे में फंदे से लटकता देखा। जिस पर मायके के लोग रोते बिलखते बेटी की ससुराल पहुंचे। सुनीता के पिता ने पति, सास और जेठ समेत 7 लोगों को नामजद करते हुए कोतवाली नगर में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडे ने बताया कि सभी के विरुद्ध है जो उत्पीड़न गैर राजस्थान हत्या समय तान्या धाराओं में केस दर्ज किया गया। शनिवार सुबह पति अक्षय सैनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# प्रधान का दो सिपाहियों पर अभद्रता का आरोप

संवाददाता, बहराइच


डीएम से शिकायत दर्ज कराने आए ग्राम प्रधान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम सभा मिर्जापुर तिलक के ग्राम प्रधान ने नवाबगंज थाने में पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्रता किये जाने की शिकायत अखिल भारतीय प्रधान संगठन व जिलाधिकारी से की है। डीएम ने एसडीएम को जांच कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिए हैं।

विकासखंड नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत मिर्जापुर तिलक के ग्राम प्रधान आदिल खान पुत्र कादिर खान ने बताया की उनके ग्राम पंचायत के मजरा मिर्जा फाटा गांव में साबिर पुत्र इदरीस सरकारी इन्डिया मार्का हैंडपम्प उसके मकान के सामने लगा हुआ है, जिसे शाबिर उसको अपने अहाते में घेर कर उसमें समर सेबल लगा रहा है। जिसका ग्राम प्रधान ने विरोध किया तो वह ग्राम प्रधान को गाली गलौज देने लगा व मारपीट पर आमदा हो गया। जिसकी सूचना प्रधान आदिल खान ने नवाबगंज थाने की पुलिस को दी। पीड़ित प्रधान ने बताया की थाने पर मौजूद दो सिपाहियों के सामने ही विपक्षी उन्हें गाली गलौज और जान माल की धमकी देने लगा जिस का ग्राम प्रधान ने विरोध किया तो थाने के सामने गेट पर मौजूद पुलिसकर्मी अमित यादव व प्रदीप ने उल्टा ग्राम प्रधान को धकेलते हुये व अब्द शब्द कहते हुये थाने के अंदर धकेल कर लें गये और थाने में बिठा लिया। कई घंटे बिठाने के बाद उनको वहां से डांट फटकार कर फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी देते हुये भगा दिया। इससे पीड़ित ग्राम प्रधान ने अखिल भारतीय प्रधान संगठन को देते हुये जिलाअधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष व जिला संरक्षक ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच कर अभद्रता करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# पूर्व ग्राम प्रधान और प्रधान प्रत्याशी समेत तीन गिरफ्तार

विशेश्वरगंज, बहराइच

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत नेठिया की ग्राम प्रधान के ससुर की दो दिन पूर्व हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने पूर्व ग्राम प्रधान और ग्राम प्रधान प्रत्याशी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभी भी चार अपराधी फरार चल रहे हैं।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेठिया की ग्राम प्रधान आरती चौहान हैं। ग्राम प्रधान के ससुर राम प्रसाद चौहान की बुधवार रात को चुनावी रंजिश में हत्या कर दी गई थी। ग्राम प्रधान के जेठ प्रधान प्रतिनिधि बच्चन चौहान ने प्रधानी के रंजिश में गांव निवासी पूर्व प्रधान श्री चंद शुक्ला महिला प्रत्याशी परमा देवी समेत 7 लोगों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधान श्रीचन्द शुक्ला, नरेन्द्र शुक्ला उर्फ मोटे पुत्र जगदम्बा शुक्ला निवासी बभनपुरवा नेठिया और परमा पत्नी रामविलास चौहान, निवासी भागीरथपुरवा नेठिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### जागरूकता रैली निकाल मतदान के लिए किया प्रेरित



जागरूकता रैली निकालते स्कूल के छात्र।

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जरवल ब्लॉक के बीआरसी परिसर में बच्चों ने शनिवार को स्कूल प्रवेश के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों से मतदान अवश्य करने की अपील की। स्कूल चलो अभियान व मतदाता जागरूकता रैली को बीईओ अरविंद बहादुर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल रोड में कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक विद्यालय जरवल रोड प्रथम, अलीनगर, व कन्या जरवल रोड के बच्चों ने नवीन सत्र में सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए नामांकन हेतु रैली में हाथ में नारे और आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे, और सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर जरवल रोड बाजार, तूफानी चौराहा सहित कई इलाकों में भ्रमण किया। रैली में छात्रों संग चल रहे शिक्षकों ने भी दुकानों व चौराहे पर मिलने वाले लोगो से स्कूल में छात्र नामांकन व मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को कहा। बीईओ सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मनपसंद सरकार चुनने के लिए प्रत्येक नागरिक को पांच वर्ष में यह अवसर मिलता है इसलिए आगामी 13 व 20 मई को निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र की नींव रखने में योगदान दें। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आसिफ अली, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह, जूनियर संघ अध्यक्ष उबैदुरहमान, प्रधानाध्यापक संतोष वर्मा, कुसुम यादव, अमिता रानी, रैली प्रभारी विनय शर्मा, समेत समस्त एआरपी, शिक्षक आदि मौजूद रहे।

### जब सड़कों पर भर गया पानी तो स्वयं सफाई के लिए उतरे ग्रामीण


ग्राम पंचायत उर्रा में स्वयं सफाई करते ग्रामीण।

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के ग्राम पंचायत उर्रा बाजार में वर्षों से सफाई कर्मी गांव सफाई करने नहीं जा रहा है। जिससे जाम नालियों का पानी सड़क पर ही आ गया है। इसको देखते हुए शनिवार सुबह ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान कर नालियों की सफाई की। जिले में ईद पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में खुशी है। जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधित को बैठक में दे रही हैं। इसके बाद भी ग्राम पंचायत में डीपीआरओ की शिथिलता के चलते परवान नहीं चढ़ पा रही है। कुछ ऐसा ही मामला विकास खंड मिहीपुरवा के ग्राम पंचायत उर्रा में देखने को मिला। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फिरोज खान और ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी गांव सफाई के लिए नहीं पहुंचा। आलम यह है कि नालियां जाम होने से पानी सड़क पर आ रहा है। ऐसे में शनिवार सुबह गांव के लोगों ने स्वयं नाली की सफाई कर कूड़ा निकाला। इसके बाद उसे एक स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया। जिससे नाली साफ सकी। सफाई कर्मी के न आने से लोगों में नाराजगी है

# 12 लाख मूल्य की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र बल और पुलिस के जवानों ने संयुक्त अभियान के दौरान एक स्मैक तस्कर को पकड़ा है, उसके पास से 12 लाख मूल्य की स्मैक बरामद हुई है। जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद स्मैक को पुलिस ने सेट कर दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी और पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडे के निर्देशन में रुपईडीहा थाना के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने पुलिस टीम का गठन कर जांच के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उप निरीक्षक विजय कुमार, सिपाही सूर्यकांत पांडे और राहुल सिंह के साथ सशस्त्र सीमा बल के हेड कांस्टेबल माखनलाल, अरुण कुमार मिश्रा, हीरालाल पासवान और संतोष कुमार मंडल भारत नेपाल सीमा पर शनिवार सुबह 10:30 बजे संयुक्त पेट्रोलिंग कर रहे थे कस्बे के सीमांत पीजी कॉलेज के निकट तालाब के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 26 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 12 लाख रुपए है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त की पहचान नगर पंचायत रुपईडीहा के मुस्लिम बाग निवासी फैजुल हसन पुत्र शमशेर अली के रूप में हुई है उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है जबकि बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है।

## पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया मुआयना

**मिहींपुरवा, बहराइच :** आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं को बूथो पर पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सीमा क्षेत्र के गांव का भ्रमण किया गया इस दौरान मुर्तिहा सलारपुर, घूमनाभारू, चितलहवा में चौपाल पर सभी को मतदान के लिए जागरूक किया इसी दौरान पुलिस अधीक्षक बहराइच ने मूर्तिहा कोतवाली एवं थाना सुजौली में थाने का मुवायना किया तथा रखरखाव एवं इस वक्त चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया सभी बेरीको एवं मेष, सीसीटीवी कैमरा व अपराध रजिस्टर, शौचालय, जवानों के पीने के पानी की विधवत जांच की तथा मौजूद चौकीदारों को एवं कांस्टेबलों पुलिस स्टाफ को चुनाव के दौरान सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधियां उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी मिहींपुरवा राहुल पांडे, थाना कोतवाली मुर्तिहा प्रभारी अमितेंद्र कुमार सिंह पूरे दलबल के साथ मौजूद रहे।

# राजगीर पर अस्तुरा से ताबड़तोड़ हमला, गंभीर

बहराइच

**वारदात**
- जिला अस्पताल में घायल का चल रहा इलाज

**अमृत विचार:** शहर से सटे नूरुदीन चक गांव निवासी एक शटरिंग मिस्त्री पर कुछ दबंगों ने अस्तुरा से ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया।

दरगाह थाना क्षेत्र के नूरुद्दीन चक गांव निवासी शब्बू पुत्र पप्पू शटरिंग मिस्त्री है। वह पूर्व में शमीम के यहां काम करता था। लेकिन किसी कारण वश अब वह दूसरे स्थान पर काम करने लगा है। इसको लेकर शमीम काफी नाराज रहता है। शुक्रवार को अलविदा की नमाज पढ़ने के बाद शब्बू अपने काम पर जा रहा था। काम पर जाते समय शमीम और मछली नामक व्यक्ति ने शब्बू पर अस्तुरा से ताबड़तोड़ कई वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि घायल को जिला अस्पताल में मेडिकल और इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा। उधर घायल का कहना है कि जहां पहले काम करते थे, वहां पर बंद पैकेट में अंजान वस्तु डिलेवरी के लिए दे रहे थे। जिसकी डिलेवरी न करने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

## 12 सदस्यीय बास्केटबाल टीम का हुआ चयन

**बहराइच :** 34वीं जूनियर राज्य स्तरीय बास्केटवॉल प्रतियोगिता में जिले के 12 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 17 अप्रैल तक बागपत में होगा। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से स्थानिय इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें बालक वर्ग में 50 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। जिसमे 12 खिलाड़ियों को सेलेक्शन कमेटी के सिद्धार्थ सिंह ,प्रखर मिश्र , राजा सिंह ,प्रियांशु त्रिपाठी द्वारा चयनित किया गया। जिसमें ,अश्विन आलोक ,आदर्श प्रताप सिंह,आयुष कुमार ,पार्थ वर्मा, अनन्य श्रीवास्तव , अनुराग सिंह ,हर्ष यज्ञसैनी ,हिमांशु ,एकाग्र गुप्ता , नवीन कुजूर , जय मिश्र ,अभय देव मिश्रा है। टीम मैनेजर आर्यन राज व कोच राजा सिंह बनाये गए है। सेलेक्शन के दौरान एसोसिएशन के जॉय रतानी , अटल सिंह , प्रणव शुक्ल , अमरेंद्र ,गौरव मिश्र , प्रखर गुप्ता, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**बहराइच,अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद बहराइच में चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा द्वारा CAPF, सिविल पुलिस, पीएसी बल,होमगार्ड के ठहरने हेतु कैसरगंज सर्कल के थाना फखरपुर, कैसरगंज, जरवल रोड, हुजूरपुर में चिन्हित विद्यालयों का निरीक्षण किया। विद्यालयों में पानी,बिजली शौचालय,आदि की व्यवस्था का जायजा लिया गया कुछ विद्यालयों में जो कमियां पानी,बिजली, जनरेटर आदि) पाई गई उसके संबंध में व्यवस्थापक व प्रभारी निरीक्षक को समय रहते व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान कोतवाल राजनाथ सिंह, थानाध्यक्ष फखरपुर करुणाकर पांडेय, जरवल रोड बृज प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

**आयोजन** जगह जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

# भाजपा पदाधिकारियों ने मनाया स्थापना दिवस

नानपारा/हुजूरपुर



डॉ.श्यामा प्रसाद व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।


नानपारा में पार्टी का स्थापना दिवस मनाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को जिले भर में स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी की स्थापना करने वाले सदस्यों को याद किया गया।

हुजूरपुर में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय हुजूरपुर में झंडा लगाया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री श्री हरेंद्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ नेता डॉक्टर महेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव,मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह, सेक्टर संयोजक प्रमोद सिंह, महामंत्री जटाशंकर तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह दीपू, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह (छोटे बाबू), मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा दुर्गेश सिंह रैकवार, बूथ अध्यक्ष विजय सिंह, बूथ अध्यक्ष रामकुबेर मिश्रा, संजय मिश्रा आदि समस्त लोग उपस्थित रहे। उधर भारतीय जनता पार्टी की नानपारा नगर इकाई ने शनिवार कों कई स्थानों पर स्थापना दिवस मनाया। भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष पाण्डेय के नेतृत्व में बूथ संख्या 183 प्राइमरी पाठशाला नानपारा खास पर मनाया गया। नगर अध्यक्ष पाण्डेय ने कहा की पार्टी ने दो सीटों से शुरू किया था जो आज 400 सीटों का सफर पूरा करने जा रही है। इसके लिए प्रत्येक पार्टी से जुड़े लोग नरेंद्र मोदी कों तीसरी बार प्रधानमंत्री कों गद्दी पर बिठाने के जुट जाये। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी गायघाट अजय कुमार गुप्ता, नागेंद्र सिंह, महामंत्री विनय प्रकाश गुप्ता, आनंद रस्तोगी,शक्ति चौरसिया, प्रमोद नाग,विस्तारक छेमेश्वर पाठक, सुनील शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अपनों से शोषण का शिकार के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के थाना नानपारा व थाना रानीपुर क्षेत्र में अपने ही पारिवारीजनों से शोषण का शिकार हुई दो पीड़ित नाबालिग बालिकाओं के मामले में बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव के आदेश पर पुलिस ने इनके साथ घटित घटना की एफआईआर बलात्कार व पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज की।

कोतवाली नानपारा क्षेत्र की 15 वर्षीय बालिका, जिसके साथ उसके सौतेले भाई द्वारा नशे की गोली खिलाकर कई बार बलात्कार किया गया था और सौतेली मां द्वारा उसे ही प्रताड़ित किया गया था। इस मामले में नानपारा पुलिस होली के पूर्व से पीड़ता व उसके ननिहाल के लोगों की गुहार को नजर अंदाज कर इन्हें दौड़ा रही थी। दूसरी घटना में थाना रानीपुर की क्षेत्र की 17 वर्षीय पीड़िता के साथ उसके पिता द्वारा ही शराब पीकर लगातार बलात्कार किया जाता था और गर्भवती हो जाने पर उसका गर्भपात भी कराया गया था। इन दोनों घटनाओं के संबंध में जब पीड़ताओं द्वारा न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष अपनी आपबीती बयां की गई, तो इसे गंभीरता से लेकर सीडब्ल्यूसी पीठ द्वारा कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया।

# काल-अश्व विश्वरथ का नियंता


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उ.प्र.

> भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है।

मधुमय नवसम्वत्सर आ रहा है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9.53) के ऋषि भृगु ने गाया है, "काल-अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्त्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।" कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, "काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्व जन्मा। काल में तप हैं। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।" सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ-जड़ और समस्त ऊर्जा-चेतन एकत्रित रहता है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ। अव्यक्त व्यक्त होने लगा। परिवर्तन का मूल गति है। परिवर्तन से ही काल बोध होता है। वैदिक 'निरूक्त' में यास्क ने काल का सम्बन्ध गति से जोड़ा है। काल अखण्ड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकम्पा आयु है, काल का कोप मृत्यु है।

भारतीय कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद का 'काल' ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति जैसे हैं। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। इसीलिए भारतीय नववर्ष की शुरुवात किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने संवत्सर भी चलाए। लेकिन वैदिक संवत्सर की धारणा अनूठी है, सृष्टि जिस क्षण शुरू होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। संवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत् का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम संवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है।

भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं "सूर्य को हमने सात पुत्रों-किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।" यहां ऋत प्रकृति की व्यवस्था है और अरे 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, चिन्तन की किसी भी पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन और विश्लेषण नहीं मिलता। सृष्टि सृजन के पहले काल बोध नहीं है, सम्वत्सर भी नहीं है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त (10.129) में कहते हैं "तब न सत् था न असत्। न भूमि थी, न आकाश-नो व्योमा परो यत्। न मृत्यु थी, न अमरत्व। न रात्रि, न दिन। वायु भी नहीं थी लेकिन 'वह एक' स्वयं वायुहीन अवस्था में अपनी शक्ति से प्राण ले रहा था- आनीदवातं स्वधया तदेकं।" ऋग्वेद का 'वह एक-तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान-विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरूण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'-एक ही सत्य है-एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ0 1.164.46)

सृष्टि सृजन के साथ ही परिवर्तन का प्रारम्भ है। परिवर्तन का मूल कारण गति है। जहां गति है, वहीं समय है। समय का प्रथम दर्शन संवत्सर है। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। तो क्या एक दिन इस संचित ऊर्जा का क्षय भी होगा? एंगेल्स ने 'डायलेक्टिस आफ नेचर' में कहो है, "करोड़ों वर्ष बीतेंगे, सूर्य की ऊर्जा क्षीण होगी। सूर्य का ताप धुरवों के हिम को गला न पाएगा। हिम बढ़ेगा, मानव जाति को जीवन के लिए पर्याप्त ऊष्मा न मिलेगी।" धरती, चंद्रमा के समान, निर्जीव हिम पिंड की तरह निर्जीव होते सूर्य के चारों ओर निरंतर घटती हुई कक्षा में, चक्कर लगाएगी और अंत में उसी में जा गिरेगी। कुछ ग्रह उससे पहले वहां गिर चुके होंगे, अन्य उसके बाद गिरेंगे। सौरमंडल मृत्यु को प्राप्त होगा। प्रश्न है कि क्या प्रकृति की बहुविध शक्तियों का खात्मा सदा के लिए हो जाएगा?" भारतीय दर्शन इसे प्रलय कहता है लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर से सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। प्रलय के बाद भी ऊर्जा, गति और समय शेष बचते हैं। सृष्टि बार-बार आती है। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार-बार सृष्टि व प्रलय लाता है।

सृष्टि के पहले देवता भी नहीं है। ऋग्वेद के ऋषि का ईमानदार वक्तव्य है "देवानां युगे प्रथमऽसतः सद जायत-देवों के युग के पहले असत् से सत् की उत्पत्ति हुई। यहां असत का अर्थ सृष्टि का पूर्वकाल है। अव्यक्त है। अव्यक्त या अप्रकट का भी अस्तित्व है। यही व्यक्त होता है तो सत्।' ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में इसी व्यक्त का एक नाम है अदिति। अदित से आदित्य उगे। एक आदित्य प्रत्यक्ष दिखाई पड़ने वाले सूर्य हैं। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार "सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज-अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।" वह एक अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। सृष्टि सृजन हुआ। तब नई शक्तियां उगीं। वे देवता थीं। बृहस्पति कहते हैं "व्यापक जलों में देवता थे- यद् देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत्। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु-परमाणु प्रकट हुए।" (10.72.6) ऋग्वेद (10.190.1,2) में कहते हैं "तप से ऋत व सत्य (व्यक्त जगत्) प्रकट हुए। अंधकार-रात्रि और अगाध जल समुद्र आये। समुद्रों से संवत्सर प्रकट हुआ-समुद्रादर्ण वादधि संवत्सरों अजायत्।"

टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखण्ड है, टाइम इसके खण्ड का माप है। ऋग्वेद में अदिति, अज और पुरूष प्रतीकों की अनुभूति गहरी है। ऋषि कहते हैं "जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरूष है।" वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखण्ड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत-पास्ट एक टेन्स-तनाव है। इसी तरह फ्यूचर टेन्स भविष्य का आकर्षण है। तनाव मस्तिष्क गत कार्रवाई है। प्रजेन्ट फ्यूचर या पास्ट टेन्स कालगणना नहीं है। भारतीय कालबोध का क्षण सृष्टि की शुरूवात है। फिर युग है। भारत की अनुभूति वैज्ञानिक है। आइए, भारतीय नवसंवत्सर अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष का स्वागत करें, नाचें गायें और दें सबको शुभकामनाएं।

# प्रवेशोत्सव, स्कूल रेडिनेस से विद्यालय अनुकूलन


डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

3-8 वर्ष की अवस्था सर्वाधिक मानसिक विकास की अवस्था है। इस अवस्था में 80 प्रतिशत मानसिक विकास होता है। सीखने की प्रक्रिया बहुत तेजी से संचालित होती है। 3 से 6 वर्ष की आयु उद्दीपन के द्वारा सीखने की आयु होती है। शिशु अवस्था में बच्चों का संज्ञानात्मक एवं व्यक्तिगत सामाजिक विकास तथा संवेगात्मक विकास सबसे अधिक होता है।

इस आयु में विकास की तीव्रता स्पष्ट दिखलाई पड़ती है। इसमें ध्यान, प्रसूति, कल्पना, संवेदना, प्रत्यक्षीकरण आदि का विकास बहुत तेजी से होता है। उनके सीखने में कल्पना शीलता तथा आत्म प्रेम की भावना स्पष्ट परिलक्षित होती है। इस आयु में अभिभावकों का भी दायित्व है कि वे बच्चों के खेल-खिलौनों में पूरा सहयोग एवं प्रतिभागिता उपलब्ध कराएं। उनके सवालों का जवाब दें। उन्हें किसी भी दशा में चुप कराने का प्रयास न करें। अन्यथा वे सवाल करना बंद कर देंगे जिससे उनका सीखना रुक जाएगा।

भारतीय प्राथमिक शिक्षा में सामान्यतः दो प्रकार के बच्चे पाए जाते हैं। एक वे जो अपने घर पर रहते हुए पांच वर्ष की आयु पूर्ण करते हुए सीधे कक्षा एक में प्रवेश लेते हैं और दूसरे वे जो किसी भी संस्था से पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर कक्षा एक में प्रवेश पाते हैं। दोनों की आधार शिक्षा में व्यापक अंतर देखने को मिलता है और आगे की कक्षाओं में भी यह लर्निंग गैप निरंतर बढ़ता जाता है। इसके मूल में करण के रूप में उनका पढ़ना, लिखना एवं गणित सीखने की क्षमताएं नहीं,बल्कि विद्यालयी शिक्षा से समायोजन तथा मानसिक एवं शारारिक रूप से विद्यालयी शिक्षा हेतु तैयारी है। प्री स्कूल एवं कक्षा एक के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने एवं सुचारू कक्षा अंतरण के उद्देश्य से एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजूकेशन) पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क को आंगनबाड़ी और प्री प्राइमरी स्कूल दोनों द्वारा समान रूप से अपनाया जाएगा,ताकि कक्षा एक में सुचारू कक्षा अंतरण के साथ-साथ भाषा कौशल एवं संख्या ज्ञान पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्यक्रम 12 सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। इसके द्वारा बच्चों के साथ स्कूल की तैयारी से जुड़े कौशलों के विकास पर भी कार्य किया जायेगा जिसमें प्रथम छह सप्ताह जो मुख्यतः पढ़ने लिखने एवं गणित सीखने की प्रक्रियाओं से पूर्व के कौशलों का विकास है।

सार्वभौमिक लक्ष्य-एनईपी 2020 इस बात पर चिंता व्यक्त करती है कि भारतीय बच्चों की बड़ी संख्या मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्राप्त नहीं कर सकी। इसी सार्वभौमिक समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दक्षता पहल की संकल्पना की गई है।

उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा एवं निपुण भारत मिशन को आपस में समायोजित करते हुए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के भाषा एवं गणित में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्राथमिक कौशल बच्चों को उनकी कक्षा में रखने में सक्षम बनाते हैं जिससे बीच में पढ़ाई छोड़ने बाले बच्चों को कम किया जा सकता है अर्थात ड्रापआउट दर में कमी संभव हो पाएगी।

शारीरिक एवं सामाजिक भावात्मक विकास,साक्षरता एवं संख्या कौशल विकास आदि जैसे परस्पर संबंधित एवं परस्पर निर्भर विकास के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करके बच्चे का समग्र विकास प्रगति कार्ड में परिलक्षित होगा और बच्चे तेजी से सीखने की गति हासिल करेंगे जिसका बाद के जीवन के परिणामों और रोजगार के अवसरों पर सकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

# भारतीय संस्कृति का संवाहक नव संवत्सर


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

> चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी।

विक्रम संवत का इतिहास अति प्राचीन होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें तिथियों और नक्षत्रों का सही और सटीक स्पष्टीकरण है। गणित की दृष्टि से देखा जाए तो यह सबसे स्पष्ट है। जहां इसका इतिहास हमारे लिए गौरव की बात है, वहीं दूसरी तरफ विक्रम संवत आज के ज्योतिषियों के लिए रामबाण है। इसी के आधार पर ज्योतिषी सभी निर्णय लेते हैं। हिंदू धर्म में सभी कार्यों की शुरुआत और उनका मुहूर्त विक्रम संवत पर आधारित होता है। भारतवर्ष में ऋतु परिवर्तन के साथ ही हिंदू नववर्ष प्रारंभ होता है।

चैत्र माह में शीतऋतु को विदा करते हुए और वसंत ऋतु के सुहावने परिवेश के साथ नववर्ष आता है। चैत्र मास ही नववर्ष मनाने के लिए सर्वोत्तम है,क्योंकि चैत्र मास में चारो ओर पुष्प खिलते हैं,वृक्षों पर नए पत्ते आ जाते हैं,चारो ओर हरियाली मानो प्रकृति ही नव वर्ष मना रही हो,चैत्र मास में सर्दी जा रही होती है तथा गर्मी का आगमन होने जा रहा होता है। चैत्र मास में ही फसल कटती है तथा नया अनाज भी घर में आता है तो किसानों का नया वर्ष भी इसे ही माना जाता है। चैत्र में नया पंचांग आता है जिससे प्रत्येक भारतीय पर्व, विवाह तथा अन्य मुहूर्त देखे जाते हैं। संवत्सर चक्र के अनुसार सूर्य इस मौसम में अपनी राशि चक्र की प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है। साल या संवत्सर उसे कहते हैं जिसमें सभी महीने पूर्णता निवास करते हो प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। इसके उत्पादक पिता सूर्य हैं,इसी वत्स से वत्सर या संवत्सर नाम पड़ा। सामान्यतः अपनी किन्हीं उपलब्धियों या घटनाओं को यादगार बनाने के लिए लोगों द्वारा समय-समय पर अपने-अपने नव संवत्सर प्रारंभ किया गया या चलाया गया। अधिकतर संवत्सर को इसके प्रवर्तकों द्वारा अपनी उपलब्धियों को प्रकाश की तरफ दिखाने के लिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को इसकी शुरुआत की जाती है।

विक्रमादित्य के जन्म से पहले उज्जैन पर अत्याचारी शकों का शासन था,लेकिन शूरवीर विक्रमादित्य ने 57 बीसी में शकों को हरा कर जीत के उपलक्ष्य में नए काल सत्र का निर्माण किया। इस ऐतिहासिक जीत पर महाराजा विक्रमादित्य ने "शकारी" की उपाधि धारण की थी। विक्रम संवत की शुरुआत के संबंध में प्रमाण की बात की जाए तो "ज्योतिर्विदाभरण" नामक ग्रंथ, जिसकी रचना 3068 कलि अर्थात् 34 ईसा पूर्व में हुई थी,से स्पष्ट होता है कि उज्जैन के महाराजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने 3044 कलि अर्थात् 57 ईसा पूर्व में विक्रम संबंध की शुरुआत की थी। यही बात बरनाला के स्तंभ पर अंकित लेख से भी स्पष्ट होती है। इस संवत का आरंभ गुजरात में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से और उत्तरी भारत में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के मुताबिक, परमपिता ब्रह्मा जी ने पृथ्वी का निर्माण चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी कि नवरात्रि के पहले दिन किया था। भगवान श्रीराम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक,मां दुर्गा की साधना के लिए चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, आर्यसमाज का स्थापना दिवस,संत झूलेलाल की जंयती और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसे संगठन के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन है।

चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी। इन सभी विशेष कारणों से भी चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा का दिन विशेष बन जाता है। इसी के साथ ये भी मान्यता है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम ने वानरराज बाली का वध करके वहां की प्रजा को मुक्ति दिलाई जिसकी खुशी में प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज फहराए थे। देश के अलग-अलग हिस्सों में नया साल अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है। हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि से होता है। बंगाल में नए साल को पोइला वैशाख कहते हैं। महाराष्ट्र में हिंदू नववर्ष के प्रारंभ के साथ ही गुड़ी पड़वा मनाया जाता है। वहीं पंजाब में बैसाखी को नए साल के रूप में मनाते हैं। सिख नानकशाही कैलेंडर के अनुसार होला मोहल्ला से नए साल की शुरुआत मानी जाती है। आंध्र प्रदेश में इसे उगादी के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। उगादी चैत्र महीने का पहला दिन होता है। तमिलनाडु और केरल में नए साल को विशु कहा जाता है। विक्रम संवत भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित हिंदू पंचांग है।

भारत में यह अनेकों राज्यों में प्रचलित पारंपरिक पंचाग है। नेपाल ही ऐसा एकमात्र देश में है,जो दो विक्रम संवत के हिसाब से देश को चलाता है। नेपाल की सरकार के साथ-साथ आम जनता ही हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा को ही साल का पहला दिन मानती है और इसी के हिसाब के पूरे कार्यक्रम निर्धारित करती है। देश जब आजाद हुआ तो शुरुआत में कुछ साल देश में विक्रम संवत ही चलन में था,लेकिन साल 1954 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने विक्रम संवत के स्थान पर ग्रेगोरियन को प्राथमिकता दी। देश में सभी सरकारी कामकाज विक्रम कैलेंडर के स्थान पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के हिसाब से होने लगे। इस वर्ष के संवत्सर नाम 'क्रोधी' जिस दिन नव संवत का आरंभ होता है,उस दिन के वार के अनुसार वर्ष के राजा का निर्धारण होता है। 2081 नव संवत्सर 'क्रोधी' नाम से जाना जाएगा। इस साल संवत के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे।

## भविष्य वर्तमान का प्रतिफल


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

विगत शतक में जिस व्यक्ति की जैसी परिस्थिति हुआ करती थी,उससे संतुष्ट रहकर वह जी लेता था,एक प्रकार से सुखी था। हम सब अपने सुखद भविष्य की कामना करते हैं, उसके सपने देखते हैं और यथाशक्ति प्रयत्न भी करते हैं,किंतु यह संभव नहीं कि सब कुछ मनचाहा हो जाए। वैसे भी,इंसान की फितरत है कि जो हासिल है उसकी वह कद्र नहीं करता और जो नहीं मिला उसका अफसोस उसे सदैव बना रहता है। वास्तव में समझने की बात यह है कि भविष्य हमारे वर्तमान का प्रतिफल होता है,लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या करें, क्या न करें?

कार्य करने योग्य है या नहीं यह निर्णय भविष्य पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है। हम सबको छोटी सी जिंदगी मिली है,आधी खाने-पीने और सोने में गुजर जाती है। एक चौथाई फिजूल के कामों में,अब बाकी बची पच्चीस प्रतिशत इसी मूल्यवान समय का उपयोग आपके भविष्य का निर्माण करता है। एक पुरानी सूक्ति है 'विचार बोयें,कार्य की फसल काटें। कार्य बोयें,आदत की फसल काटें, आदत बोयें,चरित्र की फसल काटें और चरित्र बोयें,नियति की फसल काटें।' स्टीफन आर. कवी ने लिखा है 'हालांकि हम अपने कार्य चुनने के लिए स्वतंत्र हैं,परंतु उसके परिणामों को चुनने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। परिणाम प्राकृतिक नियमों से संचालित होते हैं। हम तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन के सामने खड़े होने का फैसला कर सकते हैं,परंतु यह फैसला नहीं कर सकते कि जब ट्रेन हमें टक्कर मारेगी तो हमारा क्या होगा?

## लिखने का रंग


हफीज किदवई
लेखक

एम एफ हुसैन मालवा को पेंट करते,लालटेन की रोशनी में,तो कभी रोशनी को भी ढक देते और अंधेरे में अंधेरे के रंगों को महसूस करके पेंट करते। वह अक्सर किसी को सामने से पेंट करते तो उसमें उसकी सूरत नहीं होती,हुसैन की आंखों का अक्स होता। वह जैसा दिख रहा है,यह पेंट नहीं होता,उसे कैसे देख रहे हैं हुसैन,यह कैनवास पर रंगों में ढल जाता।

मैं कविता नहीं लिखता या लिखता हूं तो दिखाता नहीं हूं। मेरे शेर मेरे अलावा किसी ने नहीं जाना मैं पेंटिंग नहीं करता हूं,मगर मेरा दिल करता है कि मैं भी हुसैन की तरह किसी को भी सामने बैठाकर उसकी आंखों,उसके कानों,उसकी हल्की मुस्कुराहट से हिलते होंठ और आंखे,आंखे तो पेंट करने में हुसैन की जान ही निकल जाती थी और आंखों के बारे में हम भी कुछ कहते कतराते हैं। जब भी किसी के बारे में लिखते हैं तो मेरे सामने उसकी आंखें चल रही होती हैं। आंखे मुझे जो बतलाती हैं,मैं अक्सर वह नहीं लिखता हूं,वरना कितने ही दिल मायूस हो जाएं। मेरा दिल करता है कि जिससे भी मिला हूं,उसके बारे में नस्र की एक पेंटिंग करूं। किसी को मैं अंधेरे में छूकर बिल्कुल वैसे लिखना चाहता हूं,जैसे हुसैन पेंट करना चाहते थे। मेरा दिल करता है कि जिसमे मेरी दिलचस्पी हो,उसे सामने बैठाकर मैं उसकी हर सांस से जिस्म में जो लरजत और आंखों में जो लज्जत पैदा होती है,उसे लिखूं। मेरा लिखना लोगों की नजर में नस्र है। जबकि मुझे लगता है कि मैं पेंट कर रहा हूं। मेरे अल्फ़ाज़ का अक्स भले काला हो,मगर उसमें हर लफ्ज़ के अपने अलहदा रंग हैं।

यह मेरे लिखने का रंग है। जिसे जमाने की कोई फिक्र नहीं और जिस पर जमाना भी अपना वक्त बर्बाद नहीं करता। यह मेरी कलम है जिसके पांव में हुसैन के पांव की तरह चप्पल नहीं है। मेरा लिखा किसी झुंड को पसंद आने के लिए नहीं है। किसी झुंड के तोहफे,ईनाम, वकार के लिए नहीं है। किसी झुंड के मुट्ठी भर पन्नों में छपने के लिए नहीं हैं। मेरा लिखा,मेरी जरूरत है। मेरा लिखा मेरी सांसों को आजाद छोड़ने के लिए है,नहीं लिखूंगा तो सांस घुट जाएगी,बस इतने भर के लिए है।

# मौसम मस्त चुनाव का, लोकतंत्र का पर्व


डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है।

चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ज्यों-ज्यों समय नजदीक आ रहा है वातावरण में नर्मी-गर्मी भी बढ़ रही है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है।

इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले, चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। इस मौसम में रंग बदलते लोगों को देखना बड़ा विस्मयकारी होता है। प्रकृति के ऋतुचक्र में तो उसका अपना मूल चरित्र होता है तभी तो आम पर आम का मंजर, लीची पर लीची का मंजर आता है। मनुष्य का मौसम अजीब होता है! और वह भी चुनाव का मौसम! इस मौसम में कहना बड़ा कठिन और असंभव है कि किस डाली पर किस फल का मंजर आएगा! बबूल पर आम का मंजर तो नीम पर लीची का मंजर चढ़ आता है! ताज्जुब तो तब होता है जब गुलाब की डाली भी मंजरियों से भर जाती है! - मौसम मस्त चुनाव का,नेताओं के रंग! भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!! चुनाव का मौसम दरवाजे पर दस्तक देने लगा है। गांव-शहर पोस्टरों, जुलूस और शोर-शराबों में डूबने ही वाला है। वैसे तो गांव और शहर जनप्रतिनिधियों तथा सरकार की कृपा से पहले से ही डूब-उतरा रहा है। लोग डूबने के अभ्यासी हो गए हैं। उनके लिए डूबना कोई नई बात नहीं है! डूब मरना कहावत भी बीते जमाने में छूट गई है। अब तो डूब कर पानी क्या घी पीने की आदत-सी लग गई है! ज्ञानी ऋषि चार्वाक आज होते तो 'यावत् जीवेत सुखम् जीवेत, ऋणं कृत्वा घृतम् पीवेत' से आगे कहते कि 'यावत् जीवेत रक्तम् पीवेत, ऋणं कृत्वा एसयूवी चढ़ेत'!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और न ही समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे प्रशासन तथा कानून को धता बताते हुए सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने भी सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है? बच्चों की फिक्र होती तो किसी नेता विशेष के लिए घंटों सड़क नहीं जाम हो जाता, स्कूल बस को भी सड़क के किनारे नहीं रोक दिया जाता! सुबह के निकले बच्चे रात ढले घर लौटते हैं। इस बीच मां-बाप और परिवार की बेचैनी किस चरम पर होती है इसका अनुमान ये सुरक्षित घेरे में बड़ी गाड़ियों पर सवार जयकारों के उन्माद में डूबे हुए तथाकथित नेता नहीं लगा सकते हैं। जनता जाए भाड़ में उन्हें तो राजधानी की बड़ी कुर्सी पर सवार होना है। इसलिए उन्हें एन केन प्रकारेण अपने झंडाबरदारों के बलबूते शोर मचाते हुए राजगद्दी पर आसीन होना है।

विश्व को लोकतंत्र का संदेश देने वाले और पाठ पढ़ाने वाले गौरवशाली भारत के कई मायनों में विशिष्ट प्रांत बिहार और बिहार का कभी वैभवशाली जनपद रहा वज्जि संघ लोकतंत्र का जनक है। लोकतंत्र की जननी यह धरती कभी हजारों सभासदों के साथ बैठकर गंभीर से गंभीर समस्या का समाधान करती थी। किसी भी नीति और प्रावधान को सुचारू रूप से चलाने तथा जनता के बीच लाने के लिए पहले विचार मंथन करते हुए सब एकमत होते थे तभी उसे कार्य रूप दिया जाता था। जीने का जन्मसिद्ध अधिकार सबको प्राप्त है मगर मानवीय नकारात्मक प्रवृत्तियों के कारण असमानता और विसंगतियां बढ़ती चली गईं। 'वसुधैव कुटुंबकमृ' का उद्घोष करने वाला यह देश राजनीतिक दुष्चक्र में फंस कर खंड-खंड टूटता और बंटता चला गया। जातियों के नाम समाज विखंडित हो गया। अमीरी-गरीबी की खाई निरंतर बड़ी होती गई। आर्थिक स्थितियां भी सबकी अलग-अलग हो गई। बाहुबली और धनबली के भीतर शासन करने की प्रवृत्ति पैदा हुई जिससे असंतोष और अराजकता को बढ़ावा मिला।

ऐसे ही वातावरण में जबकि राजतंत्र का बोलबाला था, वैशाली गणराज्य ने शासन-व्यवस्था में प्रजा की सहभागिता के लिए पूरा-पूरा जगह निकालते हुए व्यापक जन समाज को सम्मानित करने का काम किया। जनता को अधिकार प्राप्त हुआ कि वह अपने अनुसार नेतृत्व का चुनाव करे। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है। जनता को मत देने का ऐसा अधिकार है जिसके बल पर सुयोग्य नेतृत्व का चयन होता है। चुनाव और मताधिकार भारत का एक ऐसा मानवीय मूल्य है,जो समानता के सिद्धांत के साथ अपने समस्त नागरिकों को समरस करता है।

## वोट की कद्र बढ़ाने को होना चाहिए प्रयास


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

राजनीति की धरती उसी तरह हो गई है,जैसे आंधी,तूफान और चक्रवात के आने पर भारी उथल-पुथल प्रभावित इलाके के हिस्से में हो जाती है और वहां का भूगोल बदल जाता है। कहां पेड़ थे, कहां झोपड़ियां थीं, कहां मकान थे और कहां क्या बसा था? सब जमींदोज हो जाने की वजह से समझ में नहीं आता।

इसी तरह की स्थिति राजनीतिक क्षेत्र में चुनाव की आंधी और चक्रवात आने पर होती है। कौन से लोग किस दल में थे, वे कहां उखड़कर चले गए,इसको समझने में मतदाताओं को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। राजनीति के इस दल-बदल की आंधी और तूफान के बीच चमकती-कड़कती बिजली से एक ही स्वर गूंजता है, राष्ट्र की सेवा के लिए नया दल उपयुक्त महसूस हो रहा है लिहाजा पुराने दल को छोड़ा जा रहा है।

मतदाताओं में किसी तरह का भ्रम न रहे कि कौन राजनीतिज्ञ किस दल में है,इसके लिए कम से कम चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ दल-बदल की प्रवृत्ति को रोक दिया जाए। पूरे पांच साल में तकरीबन 260 सप्ताह सदन में प्रतिनिधि रहे राजनीतिज्ञों को कम से कम 26 सप्ताह पहले तक दल-बदल के लिए मौका दे दिया जाए। उसके बाद दल-बदल करने वाले को टिकट से वंचित किया जाना चाहिए। इसी तरह मान्यता प्राप्त दलों के जिला/नगर के पदाधिकारियों को भी चुनाव घोषित होने की संभावित तिथि के कम से कम 13 सप्ताह के पहले तक दल बदल के लिए मौका दिया जाए।

इसके बाद दल-बदल करने वालों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए। इससे राजनीति के प्रति आम जनता के मन में तमाम तरह की उठने वाली बातों पर विराम लगेगा। इसका लाभ यह होगा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा वरना मतदाता संशय में रहता है कि उसके वोट की कद्र हो पाएगी या नहीं? चुनाव आयोग को इसके लिए भी आचार-संहिता बनानी चाहिए।



**27वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.15 बजे
इफ्तार : 06.36 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.24 बजे
इफ्तार : 06.29 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### हमले के आरोपी को सेशन कोर्ट से राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ थाना क्षेत्र के श्रीपति पुर में चार माह पूर्व भूमि विवाद में मारपीट, जानलेवा हमला और हत्या की धमकी देने के आरोपी धर्म नारायण मिश्र की जमानत न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने अर्जी पेश कर कहा कि बीते 11 दिसंबर को हुए विवाद में शेषनारायण मिश्र को गंभीर चोटें आने की बात कही गई है। मामले में दोनों पक्ष की तरफ से क्रॉस केस दर्ज हुआ था।

### दीवानी से बाइक चोरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शनिवार को दीवानी के वकील पंकज गुप्ता अपनी बाइक पं .राम नरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में खड़ी किए थे जो शाम को गायब मिली। अधिवक्ता ने बताया की रोज की तरह बाइक खड़ी करके न्यायालय में गया था, काम करने के बाद शाम तीन बजे देखा तो बाइक गायब मिली। अधिवक्ता ने कोतवाली नगर में तहरीर दी है।

### होली मिलन आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन सात अप्रैल को नगर की आदर्श मैरिज लान में किया गया है। जिला अध्यक्ष श्याम बहादुर गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं द्वारा कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें संस्कृत कार्यक्रम, सामाजिक परिचर्चा एवं सहभोज कार्यक्रम शामिल है।

### विधायक ने पुष्प अर्पित कर मनाया स्थापना दिवस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने शनिवार को महादेवपुर में मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा के आवास पर भाजपा 44वां स्थापना दिवस मनाया। सदर विधायक ने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस मौके पर भाजपा मण्डल महामंत्री रत्नेश तिवारी, रामकेश यादव, आनंद, अंबुज, ताहिर, पवन निषाद आदि मौजूद रहे।

# पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह का विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया बयान

## आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लघंन के मामले में पूर्व मंत्री पांच अन्य आरोपियों के साथ एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर हुए

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शनिवार को पूर्व मंत्री एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में अपने अधिवक्ता संतोष पांडेय के साथ हाजिर अदालत आये। कोर्ट में पूर्व विधायक व मंत्री ओपी सिंह समेत अन्य आरोपियों का सफाई साक्ष्य का बयान दर्ज किया गया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि राजनीतिक दबाव में प्रशासन ने गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने बयान दर्ज करने के बाद बहस के लिए अगली सुनवाई की तारीख



अधिवक्ता से मंत्रणा करते हुए पूर्व मंत्री ओपी सिंह।

12 अप्रैल की नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है । मोतिगरपुर थाने के उपनिरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

### गृहमंत्री अमित शाह के मामले में नहीं हुई तलबी बहस

**संवाददाता, सुलतानपुर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में शनिवार को तलबी बहस नहीं हो सकी। कोर्ट में परिवादी ने बहस के लिए मौके का प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख नौ अप्रैल नियत कर दी। मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के केस में दर्ज हुआ बयान

**सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र धम्मौर के भांई पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में शनिवार को सफाई साक्ष्य के रूप में भांई निवासी मोहम्मद असलम का बयान एमपी–एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। बचाव पक्ष के वकील रामअवध यादव ने बताया कोर्ट ने शेष सफाई साक्ष्य के लिए 10 अप्रैल की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गये तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज मे बाधा ,धमकी, व गाली–गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

# सुलह के लिए बुलाकर युवक को मार दी गोली

## लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है इलाज, पुलिस ने पांच आरोपियों पर दर्ज किया नामजद मुकदमा



ट्रामा सेंटर में भर्ती गोली लगने से घायल युवक।

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार की देर शाम को ढाबे पर खाने के बाद पैसा देते समय दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। देर रात एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को समझौते के लिए बुलाकर गोली मार दी। जिसमें गंभीर रूप से घायल युवक का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। युवक को तीन गोलियां लगी है। पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के राईबीगो निवासी अनुपम सिंह एक ढाबे पर दो साथियों के साथ खाना खा रहे थे। उसी ढाबे पर कटसारी निवासी विवेक सिंह भी चार साथियों के साथ खाना खा रहे थे। पुलिस को मिली तहरीर के मुताबिक जब अनुपम ढाबे वाले को पैसा देने गया तभी विवेक सिंह ने अनुपम को गाली गलौज देते हुए मारने लगे, तो दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। किसी तरह लोगों ने मामले को शांत कराया। रात करीब 10 बजे भगत सिंह, विवेक सिंह, रोहित सिंह, उत्कर्ष सिंह निवासी ग्राम कटसारी थाना कादीपुर आयुष सिंह (वीरू) निवासी बडौनाडीह थाना मोतिगरपुर द्वारा अविनाश सिंह (शुभम) को फोन करके सुलह करने के लिए बुलाया। आरोप है जैसे ही अविनाश सिंह (शुभम) अपने साथी लकी सिंह, विपिन उपाध्याय (विपुल) के साथ मौके पर पहुंचे तभी भगत सिंह आदि लोगो ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे। जिसमें शुभम सिंह लहूलुहान होकर घटना स्थल पर गिर पड़े। जान बचाते हुए साथी भाग निकले। हमलावरों को पकड़ने के लिए अविनाश के बड़े भाई वैभव सिंह व लव सिंह हमलावरों की तरफ पकड़ने के लिए दौड़े, तभी हमलावर अपनी गाड़ियों से फरार हो गये। आनन फानन में परिजन शुभम को लेकर मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था देखते हुए ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया। जहां गंभीर अवस्था में ईलाज चल रहा है। ट्रामा सेंटर में शुभम को लेकर पहुंचे वैभव सिंह ने बताया कि तीन गोलिया लगी है। सीने में, पैर और हाथ में गोली लगी है। स्थिति नाजुक बनी हुई है।

कादीपुर कोतवाल अशोक कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल जारी है।

# 15 जजों का तबादला, अन्य जिलों से आए 11 न्यायाधीश

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** दीवानी कोर्ट सुलतानपुर से बड़े पैमाने पर जजों का हुआ तबादला हुआ है। अन्य जिलों से 11 जज जिले में तैनात किए गए हैं।

जज पारस यादव सुलतानपुर से शाहजहांपुर, शुभम वर्मा गाजियाबाद से सुलतानपुर, शमवील रिजवान व जर्रार आलम सुलतानपुर से रायबरेली, जज योगेश यादव, किरण गोंड लखीमपुर, सीजेएम बटेश्वर कुमार सुलतानपुर से आगरा भेजे गए है। एडीजे नीलिमा सिंह सुलतानपुर से प्रयागराज, एडीजे अभय श्रीवास्तव सुलतानपुर से बरेली, एडीजे अभिषेक सिन्हा, अनुपम शौर्य सुलतानपुर से रायबरेली, अंकुर शर्मा, मधु गुप्ता सुलतानपुर से इटावा, एडीजे त्रिभुवन नाथ पासवान सुलतानपुर से पीलीभीत और एडीजे पवन शर्मा सुलतानपुर से झांसी स्थानांतरित हुए हैं।

अन्य जिलों से आने वाले जज अनुजया कृष्णा बाराबंकी से, मनाली चंद्रा बदायूं से, अविनाश गौतम लखीमपुर से, नवनीत सिंह प्रयागराज से, मुक्ता त्यागी आगरा से सुलतानपुर, शालिनी सागर लखनऊ से सुलतानपुर, संतोष कुमार मथुरा से सुलतानपुर, नीरज श्रीवास्तव और राकेश पांडेय, वाराणसी से सुलतानपुर तथा विजय गुप्ता बदायूं से सुलतानपुर ट्रांसफर हुए हैं।

# बेटे को दुष्कर्म में गिरफ्तार बता मां से 2.30 लाख ठगे

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** साइबर अपराधी तरह तरह से लोगों को झांसे में लेकर ठगी का अंजाम दे रहे हैं। साइबर ठगों ने एक मां को फोन कर कहा कि आपका बेटा दुष्कर्म में गिरफ्तार हो गया है। बचाना चाहती हो तो बताएं गए खाते में दो लाख 30 हजार भेज दो। घबराई हुई मां साइबर ठगों के खाते में पैसा भेज दिया। बाद में जब ठगी का एहसास हुआ तो इसकी शिकायत दर्ज कराई।

11 मार्च को दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोशैसिंहपुर निवासी नरेंद्र प्रताप सिंह की पत्नी कुसुमलता को व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया गया कि उनका बेटा दुष्कर्म में गिरफ्तार कर लिया गया है। अगर

**▸▸ मामले में सक्रिय हुई पुलिस ने वापस कराए 2.17 लाख**

उसको बचाना चाहती हो तो दो लाख 30 हजार रुपए बताए गए खाते में तुरंत भेजो। बेटे के प्यार में घबराई मां बैंक जा अपने खाते से बताए गए खाते में भेज दिया। कुछ समय बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजन साइबर थाने पर पहुंच अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर एसपी, नोडल साइबर सेल के निर्देशन में साइबर प्रभारी ने ठग का खाता फ्रीज करवाते हुए धनराशि रुकवा दी। न्यायालय के आदेश पर आवेदिका के खाते दो लाख 17 हजार रुपए वापस कराए।

# सहंगिया में एक ही रात में 5 घरों में चोरी

- ग्रामीणों के जागने पर चोर फायरिंग करते हुए भागे पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच-पड़ताल

दोस्तपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार की रात सहंगिया गांव में चोरों ने एक ही रात में पांच घरों को निशाना बनाया। दो घरों में चोर चोरी करने में सफल रहे। बाकी घरों में चोर घुसे जरूर मगर उनके हाथ कीमती सामान नहीं लगा। ग्रामीणों के मुताबिक घर के लोगों के जाग जाने पर चोर असलहे से फायर करते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने मौके पर पहुंचकर पुलिस के उच्चाधिकारियों से बात कर मामले के खुलासे की बात कही। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के सहंगिया गांव निवासी अनिल, संदीप प्रजापति, मित्रसेन सिंह, परविंदर सिंह, और पवन तिवारी के घर में देर रात घुसे चोरों ने संदीप प्रजापति के घर से अलमारी और बॉक्स में रखे कीमती जेवरात चुरा लिया। मित्रसेन सिंह के घर से



चोरी के बाद बिखरा सामान। अमृत विचार

भी चोरों ने कुछ जेवरात चुराया। अन्य घरों में चोर घुसे जरूर मगर सफल नहीं हुए। पवन तिवारी के घर के पीछे से चोर छत के रास्ते चोरी की कोशिश में थे, इसी बीच घर की महिलाएं जाग गईं। शोरगुल पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों के मुताबिक तब चोर फायर करते हुए भाग निकले। सूचना पर कादीपुर सीओ व दोस्तपुर थाना प्रभारी राम पुलिस टीम के साथ सहंगिया गांव पहुंचे। चोरी की घटना का बारीकी से जायजा लिया।

## सार-संक्षेप

### गैंगस्टर को पांच वर्ष का कारावास

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना से संबन्धित गैंगस्टर अभियुक्त सुरेश मल्लाह पुत्र रामभरोसे निवासी उत्तरदहा को विशेष कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने पांच साल जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 5 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। थानाध्यक्ष की ओर से दर्ज मुकदमे में एस आई हरिशंकर तिवारी द्वारा विवेचना कर चार्जशीट 22 फरवरी 2911 में दाखिल की गयी थी। कोर्ट ने एडीजीसी सुशील सिंह द्वारा पेश साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

### सीआरओ ने तीन आरोपियों को किया जिला बदर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू–राजस्व) सुलतानपुर ने तीन आरोपियों को छह माह के लिए जिला बदर किया है। गंभीर अपराधों में लूटपाट में लिप्त सोनू सिंह निवासी ग्राम उस्कामऊ, थाना हलियापुर, आनंद सिंह निवासी ग्राम मायंग थाना धनपतगंज को मार–पीट करने व जान से मारने की धमकी देने तथा विकास यादव निवासी ग्राम अंसार नगर मजरे बंधुआ कला को गोहत्या व अन्य गंभीर आरोपों के दर्ज होने के कारण मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र सिंह की कोर्ट ने सुनवाई करते हुए छह माह के लिए जिले से निष्कासित करने का आदेश पारित किया है। यह अभियुक्तगण 6 माह तक (ट्रायल केस की पेशी को छोड़कर) जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगें। इस अवधि में अभियुक्तगण जहां निवास करेंगें, अपनी उपस्थिति की सूचना पुलिस अधीक्षक व सम्बन्धित थानाध्यक्ष को उपलब्ध करायेंगें। इन तीनों आरोपियों के विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमें पंजीकत किए गए हैं।



धन निरंकार के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते महात्मा दीनदयाल जी।

### मानव से मानव प्रेम ही सर्वोपरिः महात्मा दीनदयाल

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मानव से मानव प्रेम ही सर्वोपरि है। इसमें कोई संशय नहीं है। मनुष्य ही नहीं पशु पक्षी भी प्रेम की भाषा समझते हैं। अंगुलिमाल जैसे दुर्दांत अपराधी को महात्मा बुध ने प्रेम से जीत लिया था। उक्त बातें शनिवार को धनपतगंज बाजार में आयोजित 20वें धन निरंकार के वार्षिक सम्मेलन बोलते हुए गोरखपुर से पधारे ज्ञान प्रचारक महात्मा दीन दयाल जी ने कही। उन्होंने आगे कहा की संसार के सभी लोग प्रेम की तलाश में है। प्रेम एक ऐसा भाव है जो व्यक्ति के भीतर इंसान को बचाए रखता है। इसलिए इंसान का इंसान के प्रति प्रेम इंसान का सबसे श्रेष्ठ और उत्तम गुण है। कार्यक्रम में बलिया, कानपुर, लखनऊ, उन्नाव, दिल्ली के संत भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम समापन के बाद भोज भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर राकेश जयसवाल ,हनुमान शंकर, शक्ति ,विजय जयसवाल ,अजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, हेमलता, रेनू जायसवाल आदि रहे।

### लंबी बीमारी के चलते आईटीआई प्रबंधक की मौत

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के हांसापुर (पांडेयबाबा) में स्थित राम मिलन सिंह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक देवेंद्र प्रताप सिंह (55) की लंबी बीमारी के चलते इलाज के दौरान दिल्ली के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार रात को मौत हो गई। शनिवार दोपहर को शव घर पहुंचा तो गमगीन माहौल में उनके आवास पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो बेटों मोहित 26 वर्ष व रोहित 23 वर्ष को पीछे छोड़ गया है। परिवारजन दियरा राजघाट पर शनिवार दोपहर बाद अंतिम संस्कार किए।

### स्कूल बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के खड़सरा गांव के उत्तम कुमार पुत्र उदय राज 22 वर्ष दोपहर में बाइक से राजगीर का काम करने के लिए जा रहा था जैसे ही घर से पक्की सड़क पर निकला पीछे से तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया इलाज के लिए एंबुलेंस 108 से जिला ले जाया गया।

### सरकारी खड़ंजा उखाड़ने के मामले में केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली के राईबिगो गांव के रामसागर का आरोप है कि गांव में स्थित गाटा संख्या 1907 का संक्रमणीय भूमिधर सहखातेदार के रूप में प्रार्थी भी है। प्रार्थी के हिस्से की जमीन पर ग्राम सभा ने सरकारी खड़ंजा लगवाया है। जिस पर सार्वजनिक रूप से लोगों का आवागमन होता है। जिसे आए दिन गांव के शिवनायक उखाड़ देते हैं। खड़ंजे पर न्यायालय ने यथा स्थिति कायम रखने का स्टे दिया है। चार अप्रैल को विपक्षी जबरन खड़ंजा उखाड़ रहे थे। मना करने पर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी और मेरा कुर्ता फाड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर शुक्रवार को देर शाम पुलिस ने शिवनायक के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है।

# शार्ट सर्किट से दो बीघा गेहूं जला

धनपतगंज , सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के मझवारा में गेंहू के खेत में बिजली की शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से दो बीघे गेहूं जल गया।

शार्ट सर्किट से लगी आग से गांव निवासी त्रियुगी नारायण, हरीश कुमार का दो बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सके। गनीमत रही कि हवा की रफ्तार कम थी, नहीं तो बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। किसान हरीश पांडेय ने कहा कि खंभों पर लगे बिजली तार जर्जर होकर लटक रहे हैं। तार बदलने के लिए बिजली विभाग से शिकायत भी की



धनपतगंज थाना क्षेत्र के मझवारा में आग लगने से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

गई, लेकिन कोई अधिकारी सुनता नहीं है। पीडित का कहना है कि स्थानीय पुलिस तो मौके पर पहुंची, लेकिन राजस्वकर्मी नहीं पहुंचे।

### चांदा में दुकान में आग लगी

कोतवाली क्षेत्र के चांदा कस्बे में राजेन्द्र प्रसाद निषाद की पवन बैटरी सर्विस नाम की दुकान है। शनिवार की भोर में अचानक उनकी दुकान में आग लग गयी। आग की सूचना राजेन्द्र को दी गयी। बिना देरी किये राजेन्द्र ने पहुंचकर दुकान का ताला खोला, जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। तब तक दुकान में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।

### बेटे के अपहरण का दर्ज कराया मुकदमा

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के बहरौली गांव के देवराज शुक्ल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके 62 वर्षीय पिता तीन अप्रैल को सुबह घर से खेत के लिए निकले थे। जो देर शाम तक घर नहीं लौटे काफी खोजबीन करने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते अमहट निवासी राजा अली, सदरुल और निसार ने हमारे पिता का अपहरण कर लिया है। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया की बेटे की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जल्द ही बुजुर्ग का पता लगाकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर ट्रालियां सीज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर तहसील के बिरैता पाल्हीपुर गांव के कस्तूरबा तालाब से पुलिस की लचर कार्यशैली से कई दिनों से जेसीबी मशीन लगाकर अवैध ढंग से मिट्टी खनन हो रहा था। अन्य दिनों की तरह बीती रात भी कस्तूरबा तालाब में मशीन से मिट्टी खोदाई का कार्य चल रहा था।

शुक्रवार की रात में जेसीबी मशीन से हो रहे अवैध खनन की सूचना जयसिंहपुर एसडीएम को ग्रामीणों ने दी। उप जिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी मौके पर

> अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को खनन करते पकड़ा गया है। मशीन की पहचान कर ली गयी है। उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है। – **विपिन कुमार द्विवेदी**, एसडीएम जयसिंहपुर

पहुंच देर रात मिट्टी की ढुलाई कर रहे दो ट्रैक्टर ट्रालियों को अपने कब्जे में ले लिया जब कि जेसीबी चालक मशीन लेकर मौके से भाग गया। उपजिलाधिकारी ने मिट्टी लदी दोनों ट्रेक्टर ट्रालियों को सेमरी चौकी पुलिस को देकर मुकदमा दर्ज कर सीज करने का आदेश दिया।

# फूड इंस्पेक्टर से युवक की झड़प, फोन तोड़ा

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जयसिंहपुर सर्किल के फूड इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार शुक्रवार को गोसाईगंज कस्बे की एक दुकान पर निरीक्षण करने गए थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदार से लाइसेंस मांगा तो युवक भड़क गया। जिस पर फूड इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार उसका वीडियो बनाने लगे। वीडियो बनाने से खार खाए दुकानदार ने फूड इंस्पेक्टर का मोबाइल पटक दिया। जिससे वह टूट गया। फूड इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर 10 प्रतिशत लाइसेंस बढ़ाना है। जिसके क्रम में चेकिंग की जा रही थी। दुकानदार किशोर था, उसके पिता दुकान पर नहीं थे। किशोर ने गलती मान ली है। इसलिए कोई विधिक कार्यवाही नहीं कराई गई।

**चुनावी दौरा** | **मेरे इलेक्शन का मालिक मेरा बूथ अध्यक्ष और उसकी टीम : सांसद मेनका**

# 8 बार जीत का कारण प्रतिद्वंद्वी को नहीं समझा कमजोर

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने शनिवार को अपने चुनावी दौरे के छठवें दिन लंभुआ विधानसभा अंतर्गत पूर्व निर्धारित एक दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में शामिल हुई।

श्रीमती गांधी ने दो मुंहा, घाटमपुर उत्तरी, सखौली, दूल्हापुर नौगवां, रजवाड़े रामपुर, कादीपुर रोड चांदा एवं ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा के संयोजन में शमीगंज बाजार में आयोजित नुक्कड़ सभाओं कों संबोधित करते हुए कहा मैं राजनीति में सेवा के लिए आई हूं। मैं अन्याय व भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करती हूं। अगर किसी के साथ भी अन्याय हो तो मेरे दरवाजे आपकी मदद के लिए हमेशा खुले हैं। लंभुआ के ग्राम पंचायत दूल्हापुर बगिया में



लंभुआ में सांसद मेनका गांधी का स्वागत करते प्रधान संघ अध्यक्ष व अन्य लोग। अमृत विचार

प्रधानसंघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र दुबे के नेतृत्व में स्वागत समारोह व नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सांसद मेनका गांधी ने कहा मेरे इलेक्शन का मालिक बूथ अध्यक्ष और उसकी टीम है। उन्होंने कहा मैं 8 बार जीती हूं कारण मैंने अपने प्रतिद्वंद्वी को कभी कमजोर नहीं समझा। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि पीपी कमैचा में संतोष दूबे प्रधान के आवास पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण कुमार जायसवाल के संयोजन में प्रधान व बीडीसी की समन्वय बैठक आयोजित हुई।यहां उन्होंने कहा यह इलेक्शन मेरा नहीं आपका है। तब बैठे लोगों ने 4 जून को 4 लाख पार की जीत का नारा लगाया। विभिन्न कार्यक्रमों में लंभुआ विधानसभा प्रभारी के के जायसवाल, विधानसभा संयोजक अयोध्या प्रसाद वर्मा, शिवाकांत मिश्रा, व्यापारी नेता विजय प्रताप सिंह, एलके दूबे,विजय सिंह रघुवंशी,राम मूर्ति वर्मा, राजेश चतुर्वेदी,राजेंद्र मिश्रा,सलीम फौजी,सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव,शिव नारायण वर्मा, प्रवीण सिंह, कैलाश दूबे, संजय सरोज,शेर बहादुर सिंह,मधु अग्रहरि, अभिनव सिंह, अनिल यादव, रमेश दूबे अध्यक्ष ब्राह्मण समाज, प्रमोद सिंह, मनोज गिरि अध्यक्ष प्रधान संघ, मनोज सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, प्रदीप रावत आदि मौजूद रहे।

# समर्थन मूल्य से कम पर गेहूं खरीदा तो कारोबारी भी होंगे दंडित

## किसानों का शोषण करने वाले जमाखोर और बिचौलियों पर डीएम सख्त, कहा- तय सीमा से अधिक भंडारण पर भी होगी कार्रवाई

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सरकारी दर से कम रेट पर गेहूं की खरीद कारोबारी नहीं कर सकेंगे। अगर निर्धारित समर्थन मूल्य से कम पर खरीद करते हैं, और कोई शिकायत करता है तो कार्रवाई की जाएगी। साथ ही थोक और आढ़ती के भंडारण की सीमा निर्धारित की गई है। जांच में तय सीमा से अधिक भंडारण मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। जमाखोरी और बिचौलियों की ओर से किसानों के होने वाले शोषण को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर वर्ष गेहूं और धान का समर्थन मूल्य निर्धारित करती है। उसी रेट पर समितियों से गेहूं की खरीद करती है। शासन द्वारा रवी वर्ष 2024-25 हेतु गेहूँ का समर्थन मूल्य रू0 2275 निर्धारित किया गया है। वहीं बिचौलिये किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर समर्थन मूल्य से 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल कम दर पर खरीदते हैं, जिससे किसानों का बड़ा नुकसान होता है। इसके साथ ही जमाखोरी भी करते हैं, जिससे एकाएक मूल्य में वृद्धि होती है, और उसका लाभ उठाते हैं। किसानों को वाजिब मूल्य मिले और उनका शोषण बंद हो। साथ ही जमाखोरी का धंधा खत्म हो इसके लिए सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामले मंत्रालय ने आढ़तियों और थोक कारोबारियों के भंडारण की क्षमता निर्धारित कर दी है।

इसमें थोक कारोबारी 500 टन एवं खरीदने और बेचने का काम करने वाले आढ़तियों की भंडारण क्षमता पांच टन निर्धारित है। जांच में इससे अधिक भंडारण मिलने पर जमाखोरी के मामले में केस दर्ज होगा। इसके साथ ही सरकार की ओर से निर्धारित समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कम खरीदते हुए मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। अधिकारी की जांच और शिकायत में ऐसा पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने दिशा-निर्देश दिया है। जिला विपणन अधिकारी की अगुवाई में जांच और कार्रवाई की जाएगी। इस पर नज़र राखने के लिए भारत सरकार की टीम खरीद की हकीकत जाने के लिए जिले में दौरा करेगी। उसकी स्थिति के बारे में जानकारी लेने के अलावा किसानों से भी बात करेगी। अगर कहीं गड़बड़ी मिलता है तो जिले की टीम के साथ कार्रवाई करेगी।



### गेहूं क्रय केन्द्र का डीएम ने किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र विपणन शाखा महादेव कुर्मी का जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों से सम्पर्क कर गेहूं क्रय केन्द्रो पर बेचने के लिए प्रेरित करें। किसानों का गेहूं सीधे क्रय केन्द्र पर ही खरीदा की जाये। बिचौलयों के माध्यम से खरीदारी नहीं होनी चाहिए। किसानों को किसी भी प्रकार समस्या न होने पाए। गेहूं की तौल में शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। यदि ऐसा हुआ तो संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। क्रय केन्द्र पर किसानो को पीने के लिए पानी, बैठने के लिए छाया आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। किसानों को गेहूं क्रय का भुगतान समय से कराने के लिए निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर उपजिलाधिकारी शंशाक शेखर राय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोरखनाथ त्रिपाठी, एसएमआई अरविन्द गौतम भी मौजूद रहे।

> तय किए गए समर्थन मूल्य से कम पर कोई भी अढ़ती और थोक कारोबारी किसानों से गेहूं नहीं खरीद करेगा। इससे कम पर खरीदते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। भंडारण क्षमता निर्धारित है, उससे अधिक रखने पर जमाखोरी की श्रेणी में आएगा। जांच में मामला सही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –गोरख नाथ,
> जिला विपणन अधिकारी

### सीडीओ ने गेहूं उत्पादन का किया आकलन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सीडीओ जयेंद्र कुमार ने शनिवार को तहसील नौगढ़ के विकास खण्ड जोगिया ग्राम नादेपार खास में किसान परशुराम व रामकिशोर खेत पर पहुंचकर गेहूं की फसल कटवाकर उत्पादन का औसत आकलन किया। सीडीओ ने बताया कि क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही ओलवृष्टि, अतिवृष्टि व अन्य प्रकार से फसल नुकसान व फसल बीमा की मुआवजा राशि का निर्धारण किया जाता है। मौके पर उपस्थित बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा किसानों से फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गयी। किसी प्रकार की आपदा से फसल के बचाव में बीमा लाभकारी होता है। किसानों से पराली का उचित प्रबन्धन किये जाने की सलाह देते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु पराली न जलाने की अपील किया गया। किसानों को गेंहू की फसल नजदीक के सरकारी क्रय केंद्र पर ही बेचने का अनुरोध किया। क्रॉप कटिंग में समय बीमा कम्पनी यूनिवर्सल शैम्फो के प्रतिनिधि, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, प्रधान प्रतिनिधि, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, ग्रामवासी आदि मौजूद रहे।



खेत में गेहूं उत्पादन का आकलन करते मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार।



### अलग-अलग क्षेत्रों में आग लगने से करीब 150 बीघा गेहूं की फसल राख

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद में गेहूं की फसल जलने की घटना दो थाना क्षेत्र में बताया जा रहा है। जिसमें शोहरतगढ़ थाना अंतर्गत नीबी दोहनी में लगभग 40 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जबकि उसका थाना अंतर्गत गंगाधरपुर के कस्बा माधुरी में लगभग 100 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। प्रशासन के अधिकारियों ने पहुंचकर पीड़ितों को राहत देने की बात कही। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के शारदा, राकेश, बलिकरन बढ़ई, विष्णु, सुकई पासवान आदि लोगों का मिलाकर लगभग 40 बीघा गेहूं का फसल राख हुआ। तो दूसरी तरफ उसका थाना अंतर्गत अशोक, मानवेंद्र सिंह, मांधाता सिंह, युधिष्ठिर सिंह, राजकुमार चौरसिया, महेंद्र आदि किसानों का 100 बीघा गेहूं जल गया। मौके पर संबंधित थाना इंचार्ज तथा लेखपाल पहुंचे।



27वां रोजा

शिया
सहरी : 04.22 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.19 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### महिला सहित दो वांछित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** दहेज हत्या के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत डुमरियागंज पुलिस ने हत्या में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा। डुमरियागंज थाने में दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त दिलीप अग्रहरि निवासी पचौत थाना डुमरियागंज व मंजू देवी पत्नी राजकुमार अग्रहरि निवासी पचौथा को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने किया रूट मार्च

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना शोहरतगढ़ पुलिस व अर्द्धसैनिक बल की संयुक्त टीम द्वारा कस्बा कोटिया बाजार, गनेसपुर, सिसवा आदि में रूट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान क्रिटिकल मतदान केन्द्रों, वल्नरेबल मजरों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। लोगों से निर्भय होकर मतदान में प्रतिभाग करने की अपील की गई।

# खुद भी करें मतदान और दूसरे को भी करें प्रेरित

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोकतंत्र का महापर्व, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप के अन्तर्गत स्पोर्ट स्टेडियम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चो, एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड द्वारा मानव श्रृखंला बनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 25 मई को जनपद में मतदान दिवस है। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत इससे पहले सभी स्कूलों में मतदाता जागरूकता अभियान चल रहा है। 1 अप्रैल को जो लोग 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा लें। अपने अभिभावकों एवं गांव/मोहल्ले के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। जिससे जनपद का मतदान का प्रतिशत बढ़े। कहा कि इसके साथ-साथ जो लोग बाहर (अन्य राज्यों में) काम कर रहे हैं, उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें। सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्यक करें। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार ने कहा कि आप लोग गांव में घर-घर जाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करें। बच्चों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपने अभिभावको का लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी करने हेतु प्रेरित करे। पिछले लोकसभा चुनाव से इस वर्ष का मतदान प्रतिशत बढ़ाकर जनपद का नाम प्रदेश में प्रथम लाने का प्रयास करना है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, सच्चिदानन्द शुक्ला, डा विवेकमणि त्रिपाठी, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेन्द्र श्रीवास्तव, अर्पणा सिंह, सिंहेश्वरी इन्टर कालेज, तेतरी बाजार, रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मन्दिर इन्टर कालेज, तेतरी बाजार, राजकीय कन्या इन्टर कालेज तेतरी बाजार, के बच्चे तथा शिक्षक आदि उपस्थित थे।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

# संगम पोर्टल से जोड़े जाएंगे शिक्षित व प्रशिक्षित युवा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सेवा योजन विभाग से रोजगार संगम पोर्टल पर युवाओं को जोड़ा जाएगा। इसके लिए जिले में स्थित सभी महाविद्यालय व टेक्निकल शिक्षण संस्थान में डिग्री प्राप्त कर चुके युवाओं का ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा।

युवा इससे जुड़ कर संबंधित विभाग में आसानी से नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। युवा मेडिकल, टेक्निकल, एजुकेशन, कंप्यूटर, खेल कूद, बाल विकास, उद्यान, महिला कल्याण सहित कई विभागों में नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, 12वीं व स्नातक की डिग्री, जाती प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। इसमें विश्व विद्यालय अपने सभी महाविद्यालय को जोड़ेगा। रोजगार संगम पोर्टल पर आवेदन कर युवा भारत के साथ साथ विदेश में भी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। युवाओं के डिग्री के आधार पर उन्हें विदेश में बेहतर अवसर मिलेगा। सेवायोजन अधिकारी मिथलेश मिश्रा ने बताया कि युवा टेक्निकल कोर्स से आसानी से नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार संगम पोर्टल पर युवा आवेदन कर सकते हैं। संगम पोर्टल को शिक्षण संस्थानों से भी जोड़ा जाएगा। पोर्टल पर आवेदन कर देश व विदेश दोनों जगह नोकरी पा सकेंगे।

# महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे ने वाकाथन को दिखाई हरी झंडी



सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को बैटिंग कर क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत करतीं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर। अमृत विचार

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोल्फ कोर्स एवं रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में 5 अप्रैल से शुरू हुई तीन दिवसीय खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को वाकाथन का आयोजन किया गया।

महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने सुबह 7 बजे वाकाथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वाकाथन में मुख्यालय एवं मंडलों के रेल अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त बास्केट बॉल (महिला वर्ग), फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबाल, बैडमिन्टन, शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम, चेस फन गेम्स आदि के मैच खेले गये तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट के फाइनल मैच में लखनऊ मंडल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आवरों में 6 विकेट खोकर 71 रन बनाये। इसके जवाब में मुख्यालय ब्लू की टीम ने 2 विकेट खोकर 72 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें मुख्यालय ब्लू के बीर बहादुर ने नाबाद 46 रन बनाये। इसके पूर्व सेमी फाइनल मैच लखनऊ मंडल एवं महाप्रबंधक एकादश तथा हेडक्वार्टर ब्लू एवं वाराणसी मंडल के बीच खेला गया। जिसमें हेडक्वार्टर ब्लू ने वाराणसी मंडल को 9 विकेट से तथा लखनऊ मंडल ने महाप्रबंधक एकादश को 24 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह वॉलीबाल, टेबल टेनिस, फुटबॉल, बैडमिन्टन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन देर शाम तक जारी रहा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



वाकाथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करतीं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर।

## सार-संक्षेप

### सफाई कर्मियों का पद परिवर्तित करने की मांग

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय में जाकर सफाई कर्मियों तथा अन्य कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हाल–चाल पूछा। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि रेलवे बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार उनका पद परिवर्तित करके चिकित्सालय सहायक किया जाना था, लेकिन कई बार पत्राचार करने के बाद भी उनका पद परिवर्तित नहीं किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने महाप्रबंधक से मांग की है कि रेलवे बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे के ललित नारायण मिश्र चिकित्सालय और तीनों मंडलों पर स्थित चिकित्सालयों के सफाई कर्मियों का पद परिवर्तित कर चिकित्सालय सहायक पद पर करने का आदेश निर्गत करने की व्यवस्था करें। जिससे नीचे के स्तर के कर्मचारियों के साथ भी न्याय हो सके। महामंत्री विनोद राय के साथ पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एससी अवस्थी, कौशल कुमार सिंह, केएम मिश्रा, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, विजय पाठक, जयप्रकाश सिंह, देवेश सिंह, राजेश चंद्र पांडे, रोहित, सत्य प्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** नगर के शिवपति इन्टर कालेज द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव के नेतृत्व में शिक्षकों व छात्र–छात्राओं ने गोलघर, राम–जानकी मन्दिर, तिरंगा चौराहा होते हुए रैली निकाली। रैली में विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, उत्कृष्ट विद्यालय छात्र–छात्राएं तथा सेठ राम कुमार खेतान बालिका इण्टर कालेज की छात्राएं भी शामिल रहीं। रैली में प्रमुख रूप से तहसील क्वार्डिनेटर एवं प्रधानाचार्य शिवपति इन्टर कालेज विक्रम प्रसाद यादव, महेंद्र कुमार, अन्जू उपाध्याय, राम विलास यादव, हेमन्त राज, प्रमोद पाल, राजेश कुमार, राजेश सिंह, एके शुक्ला, शिवराम, मकबूल आलम, राम प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार यादव, दुर्गेश यादव, शिव कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, सम्सुद्दीन आदि अध्यापक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### मेला विशेष गाड़ियों का होगा संचालन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 05077/05078 गोंडा–तुलसीपुर–गोंडा अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी गोंडा से 9 से 23 अप्रैल तक तथा तुलसीपुर से 10 से 24 अप्रैल तक 15 फेरों के लिए चलाने का निर्णय लिया है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### विशाल मावन श्रृंखला बनाकर दिया संदेश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर विशाल मानव की श्रृंखला बनाई गई। इस अवसर पर कई विद्यालयों के छात्रों–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जोगिया ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, पुलिस प्रशासन सभी का सहयोग रहा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कमला प्रसाद, जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक राम प्रताप शर्मा, इं प्रधानाध्यापक राजबाला सिंह, प्रदीप पांडेय, रामसेवक साहनी, युगुल किशोर मिश्र, पंकज कुमार द्विवेदी, लक्ष्मी सिंह, श्याम सुन्दर मल्ल, अरुण लाल श्रीवास्तव, सोनाली देवी, दिनेश धर द्विवेदी, दुर्गेश, राजन कुमार गौड, मुनीराम, विशाल पाठक, सिद्धार्थ डिग्री कॉलेज मसिना के उप प्राचार्य शैलेंद्र चौबे, सिद्धार्थ इंटर कॉलेज के शिक्षक और कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम, नोडल मतदाता जागरूकता ब्लॉक जोगिया बृजेश कुमार द्विवेदी, कोतवाली जोगिया प्रभारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में सम्मानित किए गए सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों का किया गया सम्मान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद द्वारा जनपद के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गणों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान रहे। कार्यक्रम में किसान इंटर कॉलेज उसका बाजार से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गोपेश्वर प्रसाद चौबे तथा मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल हल्लौर डुमरियागंज से सेवानिवृत्त अयोध्या प्रसाद पाण्डेय का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने दोनों ही प्रधानाचार्य गणों का माल्यार्पण कर, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा रामायण की पुस्तक भेंट कर उनके स्वस्थऔर खुशहाल जीवन की शुभकामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक डा.नलनी कांत मणि त्रिपाठी, राष्ट्रपति पुरस्कृत चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, योगेंद्र नाथ पांडे जिला अध्यक्ष रमाकांत द्विवेदी, जिला मंत्री बृजेश द्विवेदी, संगठन मंत्री डा. शेषनारायण पाण्डेय, संरक्षण मंत्री, मनोज कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय कुमार वर्मा, डीएन सिंह, आलोक त्रिपाठी संयुक्त मंत्री जयराम यादव, सहित जिले के कई प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

स्थापन दिवस

भाजपा का मनाया गया स्थापना दिवस, सांसद जगदंबिका पाल व जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान रहे मौजूद

# राष्ट्र प्रथम का भाव और अंत्योदय का ध्येय ही भाजपा की आत्मा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान व सांसद जगदंबिका पाल ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी कार्यालय पर झंडा लगाकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दिन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

कन्हैया पासवान ने कहा कि राष्ट्र प्रथम के भाव को आत्मसात कर अंत्योदय के ध्येय और सुशासन व गरीब-कल्याण के संकल्प के साथ भाजपा आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुका है। मां भारती की सेवा में सतत समर्पित भाजपा के स्थापना दिवस की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कहा कि भाजपा वो पार्टी नहीं है जो टीवी स्क्रीन, यू ट्यूब चैनल, ट्विटर हैंडल से पैदा हुई है बल्कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या से आगे यहां तक पहुंची है। भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में कार्यकर्ताओं का अमिट योगदान है। आज के दिन पूरे जिले भर के 2183 बूथों पर बूथ अध्यक्ष स्थापना दिवस बना रहे है।

जगदंबिका पाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं ने पार्टी को अपने खून पसीने से सींचा है जिनके पद चिन्हों पर चलना हम सब का कर्तव्य है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा, विधानसभा चुनाव संयोजक हेमंत जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादूर सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री युवा मोर्चा अखिल देव त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, भाजपा नेता मंगल चौरसिया, अरविंद उपाध्याय, राकेश दत्त त्रिपाठी, फूल चंद जयसवाल, लोकसभा विस्तारक शैलेश द्विवेदी, सौरभ त्रिपाठी, विक्की, अनुराग गगन आदि लोग उपस्थित रहे।



डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दिन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते भाजपा नेता व पदाधिकारी। अमृत विचार

### आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** रविवार को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। 730 मार्ग के चौड़ीकरण हेतु वृक्षों का कटान का कार्य किया जा रहा है। जिससे 33/11 के भी विद्युत उपकेंद्र नौगढ़ के अनुरक्षण का कार्य प्रस्तावित है जिसके मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल 33/11 के विद्युत केंद्र पोषित 11 केवी फीडर टाउन मुख्यालय काशीराम टाउन, माधवपुर हुसैनगंज फीडर पर विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता आरके कुशवाहा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी।

## एक नजर

### जूनियर कैडेटों का स्वागत सीनियर कैडेटों को दी विदाई

**बलरामपुर।** एमएलके पी जी कॉलेज बलरामपुर सभागार में शनिवार को महाविद्यालय में संचालित एनसीसी इकाई के कैडेटों द्वारा स्वागत व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जूनियर कैडेटों ने सीनियर कैडेटों को विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय, एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, सूबेदार मेजर राम निवास व ऑनरी लेफ्टिनेंट गुरनैल सिंह ने दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो पाण्डेय ने कहा कि एन सी सी एकता और अनुशासन के मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

### आवेदन की हार्ड कॉपी 30 तक प्रस्तुत करें : सीएमओ

**संतकबीरनगर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रामानुज कन्नौजिया ने जनपद में संचालित सभी निजी चिकित्सालयों, क्लीनिकों, हास्पिटलों, नर्सिंगहोमों, मैटरनिटी होम, मेडिकल हेल्थकेयर सर्विसेस, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे, प्राइवेट लिमिटेड पब्लिक लिमिटेड, सोसाइटी ट्रस्ट द्वारा संचालित क्लीनिकों, चिकित्सालय प्रबंधकों को सूचित किया है कि वे अपने केन्द्र का पंजीकरण और नवीनीकरण उत्तर प्रदेश क्लीनिकल स्टैब्लिसमेन्ट एक्ट-2016 में निहित प्राविधानों व दिशा-निर्देशों के अनुसार www.up-health.in पर ऑनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में दिनांक 30 अप्रैल तक सभी आवश्यक अभिलेखों सहित प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा उक्त तिथि के पश्चात पंजीकरण या नवीनीकरण के लिए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कल से शुरू होगा श्री श्री शतचंडी महायज्ञ

**मगहर।** नगर पंचायत मगहर के काजीपुर स्थित विनोद गुप्ता के प्रांगण में आगामी 8 अप्रैल से श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। आयोजक अवधेश सिंह व भोलू पासवान ने बताया कि 8 अप्रैल दिन सोमवार को दिन में 9 बजे आयोजन स्थल से 251 कन्याओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के बाद 9 अप्रैल से दिन में 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्री रामकथा का आयोजन किया गया है। बुंदेलखंड से पधार रहीं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका साक्षी दीदी के द्वारा रामकथा कही जाएगी। रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक पूर्वांचल की मशहूर रामलीला मंडली के द्वारा श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा। यह क्रम लगातार 9 दिनों तक चलता रहेगा। 15 अप्रैल को पूर्ण आहुति दी जाएगी। 17 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

# अवैध रूप से संचालित अस्पताल सीज

**कार्रवाई**

▸▸ पांच अन्य अस्पतालों को भेजा गया नोटिस

**बलरामपुर, अमृत विचार।** डीएम बलरामपुर अरविंद सिंह के निर्देश पर जनपद में झोलाछाप डॉक्टरों ,अवैध नर्सिंग होमों तथा पैथोलॉजी सेंटरों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में बिना किसी डिग्री के झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इसको लेकर जिला अधिकारी अत्यंत सख्त एवं कठोर है। ऐसे बिना डिग्री धारक डॉक्टरों द्वारा मरीजों जीवन के साथ यदि खिलवाड़ किया जाता है तो जिला अधिकारी का सख्त निर्देश है कि उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करा कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा गैंसड़ी में अवैध रूप से संचालित आमिना हेल्थ सेंटर को सीज किया गया। अवध हेल्थ सेंटर, रूही क्लिनिक व फैमिली हेल्थ सेंटर को नोटिस जारी किया गया। पचपेड़वा में फातिमा हेल्थ सेंटर , अलीगढ़ हॉस्पिटल को भी अवैध रूप संचालित पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। जनपद में अवैध रूप संचालित अस्पतालों के यह अभियान जिला अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर के अग्रिम आदेशों तक जारी रहेगा।

# चुनाव में 861 बूथों की होगी लाइव वेबकास्टिंग

**तैयारी**

▸▸ जिला मुख्यालय सहित सभी विधान सभाओं में स्थापित होगा कंट्रोल रूम, ली जाएगी पल-पल की अपडेट

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जनपद में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व निर्भीक ढग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सिंह ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों की निगरानी के लिए अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार और ईडीएम कलेक्ट्रेट प्रतीक नरेश को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तकनीकी का उपयोग करते हुए आईपी कैमरों से संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों की निगरानी की जाएगी जिसमें 455 अतिसंवेदनशील तथा 227 संवेदनशील बूथ और अतिसंवेदनशील 208 तथा 117 संवेदनशील मतदान केन्द्रों की मॉनीटरिंग लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से की जाएगी।

इसके लिए जिला मुख्यालय सहित सभी विधान सभाओं में कण्ट्रोल रूम स्थापित होगा जिसके माध्यम मतदान कार्य की पल-पल की अपडेट ली जाएगी। किसी भी बूथ पर समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करायेगें तथा जिलाधिकारी कार्यालय में स्थापित कण्ट्रोल रूम में विधान सभावार टीवी के माध्यम से की निर्बाध सतत निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। वेबकास्टिंग के सकुशल संचालन के लिए आवश्यक विभागों के एक-एक प्रतिनिधित भी कण्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेगें जिससे किसी समस्या के उत्पन्न होने पर तुरन्त निराकरण किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि बूथों की लाइव वेबकास्टिंग निर्वाचन आयोग के अधिकारी भी देख सकेंगे। बताते चलें कि आईपी कैमरो की मदद से न सिर्फ वेबकास्टिंग करायी जाएगी बल्कि पूरी पारदर्शिता के साथ मतदान की कार्यवाही का रिकार्डिंग भी सुरक्षित जा सकेगी।

### चुनाव के मद्देनजर 50 के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

एसपी केशव कुमार के निर्देश पर बलरामपुर पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 में मतदाताओं को भयमुक्त, निष्पक्ष, सुचितापूर्ण वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने हेतु चुनाव को प्रभावित करने वाले अराजकतत्वों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है ।जिसके अन्तर्गत 06 लाख 73 हजार रुपये कीमत की 2600 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए 210 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 201 मुकदमें कायम किये गये ।03 लाख 60 हजार रुपये की अवैध मादक पदार्थ बरामद करते हुए 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। 25 अवैध शस्त्र बरामद करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। 02 अपराधियों को जिला बदर कराया गया। 50 अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी ।617 अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध 110 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी। 21300 व्यक्तियों के विरुद्ध चालान करते हुए पाबंद कराया जा रहा है। जनपद में चुनाव के दृष्टिगत क्रिटिकल / वल्नरेबल/संवेदनशील क्षेत्रों में राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में अर्द्धसैनिक बल व पुलिस बल द्वारा लगातार रुट मार्च किया जा रहा है और भविष्य में उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पुलिस द्वारा निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। अब तक सम्पूर्ण जनपद के 600 अलग-अलग क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही पूर्ण कर आम जनमानस में सुरक्षा की भावना व विश्वास को सुदृढ़ किया गया।

# रेंजरों को जिलाधिकारी का अल्टीमेटम अपना सर्वोत्तम दें वरना कार्रवाई तय

## छोटे अपराधियों के बजाए बड़े वन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

▸▸ डीएम ने वन्य जीव हमलों का लिया संज्ञान, कहा गंभीर है मामला

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** डीएम अरविन्द सिंह ने तराई क्षेत्र में तेदुओं के बढ़ते हमलों की खबरों तथा शीर्ष पर बैठे वनमाफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के बजाय थारू जनजाति के तथा छोटे-छोटे लोगों पर पुलिस व वन विभाग द्वारा कार्यवाही की घटनाओं को बेहद गम्भीरता से लेते हुए वन विभाग के उच्चाधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किये हैं।

बताते चलें कि तुलसीपुर तराई क्षेत्र में तेंन्दुएं के हमले की घटनाओं के बारे में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों का स्वतः संज्ञान लिया है और वन विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किये हैं। ज्ञातव्य है कि कुछ दिनों पूर्व ऐसी भी घटनाएं हुई हैं जिनमें तेंन्दुएं द्वारा बच्चों को निवाला बना लिया गया जो मानवीय दृष्टिगकोण से हृदय विदारक घटना है।

गौरतलब है कि पूर्व में घटित वन्य जीव हमले की घटनाओं में जिलाधिकारी द्वारा वन विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही में विलम्ब होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए वन विभाग के अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद आदमखोर तेन्दुओं को पकड़ा जा सका था। पुनः इस प्रकार की घटनाएं संज्ञान में आते ही डीएम ने शनिवार को वन विभाग के उच्चाधिकारियों को सख्त निर्देश जारी कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

डीएम ने विभाग के अधिकारियों को आगाह किया है कि आगामी 09 अप्रैल से तुलसीपुर राजकीय मेला शुरू हो रहा है साथ ही लोकसभा चुनाव एवं गैसड़ी विधानसभा का उपचुनाव भी होना है। गैसड़ी विधानसभा का अधिकांश क्षेत्र वन क्षेत्र से आच्छादित है जिसमें कुछ मतदान केन्द्र वन्य क्षेत्र में पड़ते हैं।

वहीं नवरात्रि मेले के दौरान तुलसीपुर मन्दिर पर भारी संख्या में तराई क्षेत्र से श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। ऐसी दशा में वन्य जीव के हमले का भय श्रद्धालुओं एवं मतदान कार्मिकों में हो सकता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को इन घटनाओं को बेहद गम्भीरता एवं सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए वन्य जीव



डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

हमलों से बचाव को लेकर प्रभावी रणनीति के साथ तत्काल कार्यवाही शुरू करने क निर्देश दिए हैं।

वहीं जिलाधिकारी ने वन विभाग एवं पुलिस द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सक्रिय वन माफियों पर कार्यवाही करने के बजाय जनजातीय (थारू) एवं ग्रामीण लोंगों पर कार्यवाही किये जाने पर कड़ा रूख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि क्षेत्र के व्यक्तियों के विरूद्ध तथाकथित वन सम्बन्धी छोटे-मोटे अपराधों के आधार पर कार्यवाही करने से पूर्व परीक्षण कर लिया जाय तथा शीर्ष पर बैठे माफिया जो स्वयं प्रत्यक्ष रूप से घटनाओं में शामिल न होकर दूसरे से अपराध कराते हैं उन्हें चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत पुलिस के सहयोग से गैंगचार्ट तैयार करते हुए कार्यवाही के लिए समस्त विधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पुलिस अधीक्षक के माध्यम से उनके न्यायालय पर पत्रावली प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने वन विभाग के सभी रेन्जरों को चेतावनी दी है कि यदि उन लोगों द्वारा अपना सर्वोत्तम नहीं दिया गया और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष टॉप पर बैठे वन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही नहीं कराई गई तो वे स्वयं इसकी समीक्षा क्राइम मीटिंग में करेंगे। वन माफियाओं द्वारा अवैध धन का प्रयोग लोकसभा चुनाव में भी किया जा सकता है, इसलिए ऐसे अराजक तत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही प्रारम्भ कर दें। जिलाधिकारी ने कहा है कि वन माफियाओं पर उनकी व्यक्तिगत नजर है।

गोपनीय सूचनाओं के आधार पर ऐसी घटनाओं के संज्ञान में आने या वन विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग अधिकारियों की किसी प्रकार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्तता पायी जाती है तो निश्चित ही सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## ईद के मद्देनजर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएं कर्मचारी : जगत

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** आगामी ईद के त्योहार को देखते हुए नगरपालिका खलीलाबाद के चेयरमैन जगत जायसवाल ने शनिवार को खलीलाबाद शहर के ईदगाहों का निरीक्षण किया। ईदगाहों में पसरी गंदगी और कूड़ा करकट देख चेयरमैन ने मौजूद कर्मचारियों को सफाई ब्यवस्था पर विशेष ध्यान दिये जाने का निर्देश दिया। चेयरमैन ने नगरपालिका क्षेत्र के मोतीनगर, बंजरिया, बिधियानी और मोहद्दीपुर स्थित ईदगाहों का निरीक्षण करते हुए जमीन के समतलीकरण समेत अन्य सुविधाएं दुरुस्त कराने को लेकर नगरपालिका कर्मियों को निर्देशित किया। नागरिकों ने बताया कि इन दिनों मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। इसपर चेयरमैन ने सभी मोहल्लों में नियमित रूप से फागिंग कराए जाने और नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ईद से पूर्व ईदगाहों में साफ सफाई समेत सारी ब्यवस्थाएं दुरुस्त करा दी जाय जिससे अकीदतमंदों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस दौरान उनके साथ अब्दुल्ला खान, उमेश चौधरी सभासद असलम अंसारी, उमेश, पंकज, नबी जान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### संतकबीरनगर में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** भाजपा के खलीलाबाद नगर कार्यालय पर नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी के नेतृत्व में पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा की धुलाई कर माल्यार्पण किया गया और नगर कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया गया। नगर कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद इंद्रजीत मिश्र ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मार्ग पर चलते हुए देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने अंत्योदय और स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क योजना का शुभारंभ किया। जिसको आगे बढ़ाते हुए 2014 से 2024 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने निरंतर प्रगति किया है। जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि माफिया राज और गुंडाराज का सफाया हो गया है। नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। संगोष्ठी का संचालन नगर महामंत्री कन्हैया वर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्र, सुनीता अग्रहरि, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सुनीता अग्रहरि, नगर प्रभारी अरुंण गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऊषा पांडेय, विष्णु मिश्र, सुधांशु सिंह, मुरलीधर जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### निरीक्षण में गैरहाजिर मिले दो सीएचओ का रोका वेतन



आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण करते सीएमओ।

**बलरामपुर।** शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकासखंड श्रीदत्तगंज के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर गुमड़ी , कालिंजरग्रंट का निरीक्षण किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर गुमड़ी तथा कालिंजर ग्रंथ बंद पाया गया। वहां पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत सिंह, शारदा भारती अनुपस्थित पाए गए ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय गुमड़ी में आयोजित टीकाकरण सत्र का भी निरीक्षण किया ।एएनएम संजू देवी टीकाकरण कर रहीं थीं। निरीक्षण के समय तक एएनएम संजू देवी ने कुल तीन गर्भवती महिलाओं तथा तेरह बच्चों का टीकाकरण किया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सभी अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकने हेतु अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज डॉ मनीष कुमार श्रीवास्तव को दिया। सीएमओ द्वारा स्वास्थ्य उपकेंद्र गुमडी का भी निरीक्षण किया गया, उपकेंद्र काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में पाया गया, इस पर सीएमओ में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज को यथाशीघ्र मरम्मत हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के समय जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, आशा संगीता पटेल आगनवाड़ी श्याम दुलारी उपस्थित थे।

### चूल्हे की राख की चिंगारी से लगी आग, 14 परिवार तबाह

**बलरामपुर।** गौरा चौराहा थाना क्षेत्र के मथुरा बिलासपुर गांव में शनिवार दोपहर चूल्हे की राख मे छिपी चिनगारी से इतवारी के घर मे अचानक आग लग गई ।आग में इतवारी की बाइक ,मोबाइल, अनाज व कपड़ा आदि जलकर राख हो गया। आग ने देखते ही देखते शेषराम, अशोक, सरोज, रामकुमार, मनोज बसंते, मंगल ,रमेश ,संजय लखपता, सुकई व सत्तन सहित 14 घरों को अपनी आगोश में ले लिया। शेषराम के घर में 12 अप्रैल को लड़के की शादी थी ।घर में रखा 40000 नगदीऔर शादी का सामान भी जल गया गया। थाने की पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आज पर काबू पाया। ग्राम प्रधान नरेंद्र ने बताया कि घटना की सूचना फायर सर्विस के साथ-साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई है। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल मनीष गुप्ता ने बताया कि क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग में करीब दो हेक्टेयर जला जंगल



सोहेलवा सेंक्चुरी के रामपुर रेंज में आग लगने से जला जंगल। अमृत विचार

**बलरामपुर।** सोहेलवा सेंक्चुरी के रामपुर रेंज के जरवा बीट में अज्ञात कारणों से लगी आग मे करीब दो हेक्टेयर में लगी बेशकीमती जड़ी बूटियां, सूखे पत्ते , सूखी टहनियां जलकर नष्ट हो गई है। हरे वृक्षों के तने एवं पत्तियां भी झुलस गई है। वन विभाग करीब दस वर्ष से इस परिधि में नया पौधारोपण से इंकार किया है। फिर भी जमीन पर फैले सूखे पत्ते और बेशकीमती जड़ी बूटियां जलकर खाक हो गये ।बीते अठारह घंटों में अग्नि कांड की दो बार घटना हो चुकी है। वनकर्मियों, अग्निशमन विभाग के कमर्चारियों ने ग्रामीणों की मदद से दूसरी बार भी आग बुझाने में सफलता हासिल की है। पहली घटना शुक्रवार को हुई थी। जिसमें सगरापुर, कुशहवा, जरवा , नसीम डीह गांव के जंगल के चारों तरफ आग लगी थी ।जिसे बुझाया गया था ।आग शनिवार को फिर से कवहीं पहाड़ी नाला से होते हुए जंगल में आग फ़ैल गयी थी। डिप्टी रेंजर वीर बहादुर सिंह, वन दरोगा विनोद कुमार, मैकरन, राकेश ने ग्रामीणों में शाहिद, सूरज बाबा की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी रामपुर रेंजर प्रभात वर्मा ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही वनकर्मियों के साथ मौके पर जाकर यूपी 112 और फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया गया।

# शिक्षकों के खाते में ट्रांसफर करना होगा वेतन : संजय द्विवेदी

▸▸ उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल ने संगठन के प्रांतीय मंत्री डॉ संजय द्विवेदी के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलकर स्व वित्तपोषित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को प्रदत्त वेतन परिलब्धियों का भुगतान बैंक खाते के माध्यम से करने के लिए ज्ञापन सौंपा। जिसको संज्ञान में लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी ने जनपद के सभी सहायता प्राप्त व वित्त विहीन विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को लिखित आदेश निर्गत करते हुए कहा कि इसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के पद नाम से भेजे गए पत्र में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा है कि शिक्षा निदेशक (मा०), उ०प्र० शिक्षा सामान्य (1) द्वितीय अनुभाग, मुख्यालय प्रयागराज व अपर मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन, माध्यमिक शिक्षा के पत्र दिनांक दिनांक 5 सितम्बर, 2021 जिसके द्वारा शासन के आदेश दिनांक 10 अगस्त 2001 में दिये गये निर्देशों के क्रम में निम्नवत् निर्देश दिये गये हैं। "वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों के वेतन व परिलब्धियों का भुगतान प्रबन्धतंत्र द्वारा चेक के माध्यम से या सम्बन्धित शिक्षक के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर द्वारा किया जाय।" संज्ञान में आया है कि शासन के उक्त निर्देशों का शत्-प्रतिशत अनुपालन नहीं किया जा रहा है। अतः शासनादेश दिनांक 5 सितम्बर 2021 में निहित निर्देशों का शत्-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश शिक्षा निदेशक (मा०) महोदय द्वारा दिया गया है। अतः सभी प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि शासनादेश दिनांक 5 सितम्बर, 2021 व शिक्षा निदेशक (मा०) के पत्र दिनांक 14.03.2024 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष महेश राम, जिलामंत्री गिरिजानंद यादव, पुनीत कुमार त्रिपाठी, मोहिबुल्लाह खान, तारकेश्वर सिंह, अरशद जलाल, विजय यादव, जय प्रकाश गौतम, अब्दुल मुद्दसिर, विंध्याचल सिंह, घनश्याम सिंह, विवेकानंद यादव, अफजल खान, कमर आलम, जयहिंद, महेश्वर सिंह, जितेंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 25 मई को प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों का रहेगा सार्वजनिक अवकाश : डीएम

**लोकसभा चुनाव**

▸▸ सभी को मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी ने किया घोषणा

▸▸ हर मतदाता को मतदान में प्रतिभाग कराने की योजना

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश और शासन के निर्देश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने 14 निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 (1881 का एक्ट संख्या 26) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 का हवाला देते हुए बताया कि इसमें किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसी अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का प्राविधान है।





उक्त के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 135 ख में निहित प्राविधान के अनुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत सभी कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने और अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान दिवस 25 मई शनिवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लेने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश जारी किया है।

उन्होंने बताया कि मतदान करना हर मतदाता का मौलिक अधिकार है। ऐसे में एक भी मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे इसकी योजना पूरी तरह से तैयार है। जो कर्मचारी अपने कार्यों की वजह से चुनाव के दिन अपना वोट डालने से वंचित रह जाते हैं उनको ध्यान में रखकर इस प्रकार की योजना बनी है।

**स्थापना दिवस** | भाजपा कार्यकर्ताओं ने घरों पर फहराया पार्टी का झंडा

# पूर्व प्रधानमंत्री के सहयोगियों का किया गया सम्मान

**बलरामपुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को भाजपा की ओर से वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन तुलसी पार्क स्थित भाजपा कार्यालय पर किया गया। सम्मान समारोह में जनसंघ एवं अटल जी के सहयोगी रहे कार्यकर्ताओं का उपहार देकर सम्मानित किया गया। वही अटल भवन कार्यालय पर पार्टी ध्वज के साथ कार्यकर्ताओं का मिष्ठान्न से मुंह मीठा कराया गया।



अटल भवन में पूर्व पीएम के सहयोगी का सम्मान करते पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

अटल भवन कार्यालय पर हरिश्चंद्र गोयल , पाटेश्वरी प्रसाद गुप्ता ,कुसुम चौहान लालमन साहू ,आनंद तिवारी, डॉक्टर हुकुम सिंह, केवल प्रसाद शुक्ला, श्री चंद मिश्रा ,बाबूलाल यादव राजेंद्र सिंह ,बृजकिशोर मिश्रा व साधना श्रीवास्तव आदि का पार्टी पदाधिकारी ने अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी का शुभारंभ 6 अप्रैल 1980 में हुआ था। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई थे। भारतीय जनता पार्टी दो सीटों से चुनाव में विजय हासिल करने के साथ ही आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जानी जाती है। कार्यकर्ता श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श को लेकर आगे बढ़ते जा रहे हैं।

पूर्व मंत्री एवं सदर विधायक पलटूराम बोले की भाजपा में लोगों का विश्वास बढ़ता जा रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आज लोगों को सीधे तौर पर प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि अटल जी के सहयोगी रहे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से आज सीखने की जरूरत है। युवा एवं नए कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ पार्टी के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। सेवा की भावना से ही कोई पार्टी बड़ी बनती है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक बूथ अध्यक्षों के साथ-साथ कार्यकर्ताओं के घर पर पार्टी ध्वज फहराया गया। इसी के साथ ही प्रत्येक शक्ति केंद्र पर बैठक का आयोजन कर स्थानीय लोगों से संवाद किया गया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र तिवारी महामंत्री वरुण सिंह मोनू बिंदु विश्वकर्मा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललित तिवारी जिला मंत्री अवधेश तिवारी पूर्व महामंत्री डॉ अजय सिंह पिंकू आद्या सिंह डीपी सिंह बैंस संदीप उपाध्याय अवधेश पांडे अंशुमन शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइकसवार की मौत

**मेंहदावल।** शनिवार की दोपहर तीन बजे के करीब बाइक सवार सत्यनाराण मौर्य पुत्र प्रेमदास मौर्य निवासी ग्राम खजना पुरवा थाना धानेपुर जनपद के गोंडा व सिकंदर मौर्य पुत्र रंजीत मौर्य ग्राम मरवाटिया थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती कैंपियरगंज की तरफ जा रहे थे। अभी वे सांडे कला गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही डंफर ने सामने से ठोकर मार दिया। इस घटना ने बाइक सवार दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहदावल पहुंचाया। मौजूद डाक्टरों ने सत्यनारायण मौर्य को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि सिकंदर मौर्य का उपचार जारी है। दुर्घटना के बाद भाग रही डंफर गाड़ी को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि एक्सीडेंट कर भाग रहे ट्रक व चालक को पकड़ लिया गया है। दोनों युवकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# राजनीति का ककहरा सीख रहे शाह कितना कर पाएंगे कमाल

हरिओम चतुर्वेदी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जो जिला कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ हुआ करता था। जहां से बसपा का सिम्बल मिलना ही जीत की गारंटी मानी जाती थी। पार्टी में एक से बढक़र एक कद्दावर नेता हुआ करते थे, उसी बसपा ने इस बार के लोकसभा चुनाव में एक ऐसे प्रत्याशी को मैदान में उतारा है जिसे राजनीति का नवजात शिशु कहा जा सकता है। बसपा ने जिसे अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित किया है, उसका कोई राजनीतिक इतिहास ही नहीं है। जिस दिन बसपा ने कमाल शाह को अपना प्रत्याशी घोषित किया उस दिन तक उनका कुल राजनीतिक अनुभव 28 दिनों का था। कमाल शाह कभी भी राजनीति में नहीं थे और न ही किसी पार्टी से उनका कोई वास्ता रहा है।

जनपद के किछौछा निवासी कमाल शाह की पहचान उनके अपने लोगों मे एक बड़े प्रॉपर्टी डीलर के रूप में थी। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी उनका ज्यादातर जनपद से बाहर था। अचानक से वह 26 फरवरी को बसपा की सदस्यता लेते हैं। फिर 28 दिन बाद ही पार्टी ने उन्हें अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित कर दिया। अंबेडकरनगर ऐसा जिला है जहां से बसपा में कभी प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय महासचिव तक हुआ करते थे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे अपनी कर्मभूमि बनाया था। लोकसभा और विधान सभा का चुनाव यहां से वह लड़ी थी। यह जिला कभी बसपा का गढ़ हुआ करता था। जनपद को बसपा ने एक नहीं कई सांसद दिए। घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे, रितेश पांडे यहां से बसपा के सिंबल पर ही चुनाव लडक़र सांसद बने। सूबे में जब बसपा की सरकार हुआ करती थी तब जनपद से ही तीन-तीन मंत्री हुआ करते थे।


कमाल शाह।

**घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे और रितेश पांडे जनपद से बसपा के सिम्बल पर ही चुनाव लडक़र बने हैं सांसद**

### दलित व सजातीय मुस्लिम मतों का है भरोसा

बसपा में आज हालत यह हो गई है कि कोई बड़ा नेता ही नहीं बचा है जो अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सके। जिसके कारण बसपा ने ऐसे नेता को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसने अभी राजनीति का ककहरा सीखना शुरू किया है। इसको लेकर राजनीति के गलियारे में चर्चा जोरों से है। भाजपा और सपा के दो दिग्गजों के बीच राजनीति का ककहरा सीख रहे कमाल शाह कितना कमाल कर पाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा। हालांकि उनको बसपा के बेस वोट दलित और सजातीय मुस्लिम मतों पर पूरा भरोसा है। उनकी सारी चुनावी गणित इन्ही वोट के सहारे है।

# बहराइच सीट पर छह बार बाहरी प्रत्याशियों ने जमाया कब्जा

## केरल, मुरादाबाद व बुलंदशहर के प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

## भाजपा ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को दिया मौका

राजू जायसवाल बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से 6 बार दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें गैर प्रांत के केके नैयर ने भी चुनाव में जीत दर्ज कर जिले का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को अवसर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाहर के जिलों के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।



लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण का मतदान होने के लिए बस कुछ दिन ही बाकी है। जिले में मई माह में बहराइच और कैसरगंज सीट के लिए अलग अलग तिथियों में चुनाव होना है। अब बात करें जिले के सीट पर प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने की तो बहराइच सीट पर छह बार दूसरे जिले और प्रांत के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें आरिफ मोहम्मद खान (वर्तमान में केरल के राज्यपाल) ने सर्वाधिक तीन बार चुनाव जीता है। उन्होंने यह जीत दो बार कांग्रेस और एक बार जनता दल से हासिल की। आरिफ मोहम्मद खान बुलंदशहर के निवासी हैं। इसके बाद भी जिले की जनता ने आरिफ मोहम्मद खान को दिल खोलकर समर्थन दिया।

बहराइच सीट से केरल राज्य के निवासी केके नैयर ने जनसंघ पार्टी से वर्ष 1967 में चुनाव जीता। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से रफी अहमद किदवई ने जीत दर्ज की। वह बाराबंकी जिले के निवासी थे। जनता पार्टी से ओम प्रकाश त्यागी ने 1977 के चुनाव में जीत दर्ज की। वह मुरादाबाद जिले के निवासी थे। इसी तरह अंबेडकर नगर जिले के किछौछा निवासी मुजफ्फर हुसैन ने वर्ष 1980 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी से जीत दर्ज की थी।





### परिसीमन में हुआ था वर्ष 2009 का चुनाव

- बहराइच सीट पर वर्ष 2009 का लोकसभा चुनाव परिसीमन के बाद हुआ था। यह सीट वर्ष 2009 में सुरक्षित हो गई थी। इसी वर्ष गांधी परिवार के नजदीकी कमांडों कमल किशोर ने भाजपा प्रत्याशी को हराकर चुनाव में जीत दर्ज की थी। उस समय मनरेगा योजना ने भी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### इस बार गठबंधन ने उतारा बाहरी प्रत्याशी

- बहराइच सीट से इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमेश गौतम को चुनाव मैदान में उतर गया है। वे गोंडा जनपद के निवासी हैं लेकिन जिले में सक्रिय रहे हैं, जिसके चलते सपा की ओर से होने प्रत्याशी बनाया गया है।

पुनः कांग्रेस ने वर्ष 2009 के चुनाव में गोरखपुर के निवासी कमांडों कमल किशोर को चुनाव मैदान में उतारकर जीत हासिल की थी। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि छह बार बहराइच सीट से दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वहीं आठ बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों ने जीत का परचम फहराया है। इनमें भाजपा की ओर से सर्वाधिक बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है।

# प्रियंका ने बनाया था जीत का रिकॉर्ड


पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत


स्व. राम सेवक यादव (फाइल फोटो)

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बाराबंकी सीट से अब तक की सबसे बड़ी जीतका रिकॉर्ड भाजपा की प्रियंका सिंह रावत के नाम है। 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में प्रियंका रावत ने 2.11 लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। प्रियंका रावत ने कांग्रेस के कद्दावर नेता पीएल पुनिया को शिकस्त दी थी। 73 सालों में 17 चुनावों में यह सबसे बड़ी जीत साबित हुई। उनका यह रिकार्ड अब तक नहीं टूट सका है। वहीं सबसे कम अंतर से जीत हासिल करने वाले सांसदों में में स्व. राम सेवक यादव का नाम दर्ज है।

बाराबंकी सीट से बाहरी प्रत्याशी के रूप में आईं प्रियंका सिंह रावत पहली बार सियासत में उतरीं और अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। मोदी लहर में पहली बार में ही वह सांसद बन गईं और संसद में जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका यहां के मतदाताओं ने उन्हें दिया। 1951 से लेकर 2019 तक चुनावी सफर पर गौर किया जाए तो बाराबंकी के 73 साल के चुनावी इतिहास में सबसे बड़ी जीत प्रियंका सिंह रावत के ही नाम है। इसके साथ ही वह संसद पहुंचने वाली जिले की दूसरी महिला सांसद भी बनीं। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के डॉ. पीएल पुनिया को 2 लाख 11 हजार 878 मतों से हराया था।

हालांकि इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में इनका टिकट पार्टी ने काट दिया और उपेंद्र सिंह रावत को मैदान में उतारा। इस बार भी जिले के मतदाताओं ने उपेंद्र को जिताकर लगातार दूसरी बार जिले में कमल खिलाया लेकिन प्रियंका सिंह के मुकाबले उपेंद्र सिंह रावत ने भले ही अधिक मत हासिल किए हों पर जीत का अंतर कम जरूर रहा। उपेंद्र सिंह रावत ने सपा के रामसागर रावत को 1 लाख 10 हजार 140 वोटों से हराया था। भाजपा के बैजनाथ रावत को सन् 1998 में पहली बार जिले में कमल खिलाने का तमगा हासिल है। अब तक दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की बात करें तो इसमें कांग्रेस के डॉ.पीएल पुनिया का नाम आता है। जिन्होंने 2009 में जीत हासिल की थी। उन्होंने बसपा के कमला प्रसाद रावत को 1 लाख 68 हजार 575 मतों से शिकस्त दी थी। लेकिन भाजपा की प्रियंका सिंह रावत की अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड आज तक कायम है।

### कब किसने कितने वोटों से हासिल की जीत

| चुनाव | विजेता | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| 1951 | गंगा देवी | 13064 |
| 1957 | आरएस यादव | 30880 |
| 1962 | आरएस यादव | 321 |
| 1967 | बी.कुरील | 13469 |
| 1967 | आरएस यादव | 13374 |
| 1971 | बैजनाथ कुरील | 34829 |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | 58345 |
| 1977 | राम किंकर | 147411 |
| 1980 | राम किंकर | 15641 |
| 1984 | कमला प्रसाद | 94671 |
| 1989 | रामसागर रावत | 64117 |
| 1991 | रामसागर रावत | 3798 |
| 1996 | रामसागर रावत | 14722 |
| 1998 | बैजनाथ रावत | 13785 |
| 1999 | रामसागर रावत | 55278 |
| 2004 | कमला प्रसाद | 20927 |
| 2009 | पीएल पुनिया | 168575 |
| 2014 | प्रियंका सिंह रावत | 211878 |
| 2019 | उपेंद्र सिंह रावत | 110140 |

# मोदी लहर से कम हुआ रायबरेली में जीत का अंतर

**04** बार लगातार सोनिया गांधी ही चुनी गईं सांसद

**2019** में भाजपा के दिनेश सिंह ने दी थी कड़ी टक्कर

धर्मेन्द्र प्रधान रायबरेली

**अमृत विचार:** 1957 में अस्तित्व में आई रायबरेली लोकसभा सीट पर वैसे तो ज्यादातर कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। अब तक तीन बार ही गैर कांग्रेसी सांसद बने हैं।

2004 में सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट पर कदम रखा और चुनाव में जीत दर्ज की थी। सोनिया गांधी के आने बाद से कांग्रेस की जीत का अंतर जरूर कम ज्यादा होता रहा लेकिन कोई मात नहीं दे सका। अब तक रायबरेली सीट पर आधी आबादी का ही ज्यादा कब्जा रहा है। 2004 के बाद से अब तक हुए चुनावों में पुरुष सांसद ही नहीं चुने गए। चार बार से लगातार रायबरेली से चुनकर जा रहीं सोनिया गांधी को 2019 के मोदी लहर में भी कोई नुकसान नहीं हुआ और वह यूपी से कांग्रेस की इकलौती सांसद चुनी गई थीं। पड़ोस की लोकसभा से बेटे राहुल गांधी को मात खानी पड़ी थी। पिछले लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो इस बार भाजपा खेमा आत्मविश्वास से लबरेज है। इस बार उसे लगता है कि वह कांग्रेस को पटखनी दे देंगे।

कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी ने जीत का क्रम तो जरूर जारी रखा लेकिन मत प्रतिशत में लगातार गिरावट होती रही। भाजपा को जीत भले ही हासिल न हुई हो लेकिन उसका मत प्रतिशत जरूर बढ़ता गया। 2004 में जहां भाजपा का मत प्रतिशत 4.86 था। वही कांग्रेस का 58.75 प्रतिशत रहा। जबकि 2009 के चुनाव में कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ कर 80 प्रतिशत के ऊपर चला गया। लेकिन साल 2014 में जहां कांग्रेस का मत प्रतिशत 63.90 रहा, वही भाजपा भी छलांग लगाते हुए 17.33 प्रतिशत पर पहुंच गई। सबसे ज्यादा नुकसान बीते लोकसभा चुनाव में हुआ जब कांग्रेस से बागी होकर भाजपा से लड़े दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस को कड़ी टक्कर दी। इस बार सोनिया गांधी ने जीत जरूर दर्ज की लेकिन जहां जीत अंतर कम हुआ वही मतदान प्रतिशत का भी नुकसान हुआ। इस बार भाजपा ने 38.35 प्रतिशत मत पाए वही कांग्रेस को 55.78 प्रतिशत से ही संतोष करना पड़ा था।

अतीत के झरोखे से



### मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक हैं अयोध्या की बेटियां

# मतदाता सूची से मिले छोटे आंकड़ों में छिपा बड़ा संकेत



राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** चुनाव के दौर में सामने आए छोटे आंकडे से बड़ा संकेत है। अयोध्या की बेटियां लोकतंत्र में मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक है। मतदाता सूची में इनकी संख्या बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा है।

यह आंकड़ा 18 से 19 आयु वर्ग का है। 13-19 साल की आयु को किशोरावस्था (टीन एज) के तहत रखा जाता है। मतदाता बनने की न्यूनतम आयु 18 साल है। इस उम्र में किशोरियां अमूमन शमीर्ली होती है। वह मतदाता बनने के लिए उत्सुक नहीं होती। इसके बावजूद यदि किशोरियां मतदाता बनने में आगे हैं तो लोकतंत्र में मतदान के प्रति उनकी जागरुकता ही कही जाएगी।



निर्वाचन विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 60 साल तक के मतदाताओं की संख्या में पुरुषों की संख्या ज्यादा होती है, लेकिन 60 साल के बाद धीरे-धीरे पुरुष मतदाताओं की संख्या महिला मतदाताओं के आंकड़े से नीचे आने लगती है। रिपोर्ट कहती है कि अयोध्या जिले में भी 60 साल से ज्यादा उम्र के कुल मतदाताओं की संख्या 3,06,656 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,48,572 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,58,084 है। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की संख्या से लगभग 9,512 ज्यादा है। लेकिन 20 से 60 साल के बीच मतदाताओं के आंकड़े में पुरुष मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। जिले में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में लगभग 1,11,382 का अंतर है। इससे इतर 23 फरवरी को सामने आए जिले के मतदाताओं के आंकड़ों के मुताबिक 18-19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 23,449 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 11,332 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 12,117 है।

**किशोर वर्ग में बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा बेटियां**

महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से लगभग 3.35 फीसदी है। जानकारों का कहना है कि ऐसा इस उम्र के मतदाताओं में जिले मे शायद पहली बार हुआ है। जब टीन एज के कुल मतदाताओं में किशोरियों की संख्या ज्यादा है। मानते हैं कि लोकतंत्र और मतदान के प्रति किशोरियों में रुझान बढ़ रहा है।

# हाथी को महावत न साइकिल को सवार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में न तो हाथी को महावत और न ही साइकिल सवार को सवार मिल पा रहा है। इंडिया गठबंधन की नजर जहां बसपा के दांव पर टिकी हुई है वहीं बसपा भी साइकिल की चाल देखकर ही प्रत्याशी तय करने के मूड में है। भाजपा प्रत्याशी घोषित हो चुका है। किंतु डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में अभी तक इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है। जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अकेले भाजपा प्रत्याशी ही अभी तक घोषित हुआ है। भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने नुक्कड़ ग्राम सभाओं के जरिए अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक बसपा यहां किसी अच्छे मुस्लिम प्रत्याशी की तलाश में लगी हुई है। अगर बसपा किसी मुसलमान प्रत्याशी को हाथी पर सवार करती है तो सपा के लिए यही चिंता का विषय हो जाएगा। इससे भाजपा की जीत आसान हो सकती है। क्योंकि लोकसभा डुमरियागंज में ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाता ही हार जीत का तय करने में अहम भूमिका अदा करते हैं।



रणनीति — कांग्रेस का भी मिलेगा समर्थन, पिता के निधन से रिक्त सीट पर सपा ने बेटे को चुनाव मैदान में उतारा

# हर चुनाव में दूसरे चेहरे को मौका देती है जनता

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार:** नेपाल सीमा पर स्थित गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्रसपा विधायक डा. एसपी यादव के निधन पर उपचुनाव होने जा रहा है। यहां की जनता हर विधानसभा चुनाव में दूसरे चेहरे को मौका देती रही है। पिछले 13 विधानसभा चुनावों में यहां के मतदाताओं ने हर बार अपना विधायक बदला। पहली बार क्षेत्र में यह उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ-साथ होगा।

छठवें चरण में यहां विधानसभा के लिए भी मतदान होगा । इस उपचुनाव में जहां एक ओर सपा सहानुभूति की साइकिल चलाना चाहती है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा वर्ष 2022 में मामूली मतों से मिली हार को जीत में बदलकर बदला लेने की रणनीति बना रही है । यहां के उपचुनाव को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सपा ने तो अपने पत्ता खोल दिया हैं। लेकिन भाजपा और बसपा ने भी अपना पत्ता नहीं खोला है। बसपा जिलाध्यक्ष यहां से प्रत्याशी के नाम पर काफी आश्वस्त दिख रहे हैं। क्षेत्र की जनता ने पराजित हुए उम्मीदवार को अगले चुनाव में मौका तो दिया लेकिन लगातार दो बार किसी भी चेहरे को मौका नहीं दिया है। यहां से कांग्रेस के अकबाल हुसेन दो बार, भाजपा के बिंदु लाल तीन बार तथा सपा के डा.एस पी यादव चार बार विधायक रह चुके हैं।

इस बार के उपचुनाव में सभी दलों की निगाहें मतदाताओं के मूड पर टिकी हुई है। मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए सभी दलों ने हर संभव प्रयास शुरू कर दिया है।

### गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव




डा. एस पी यादव

### सपा को सहानभूति की साइकिल चलने का भरोसा

गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में सपा ने जिले में पार्टी के संस्थापक रहे डा. एसपी यादव के बेटे राकेश यादव को मैदान में उतार दिया है। पार्टी को यहां से सहानुभूति की साइकिल चलने का पूरा भरोसा है। इंडिया गठबंधन के चलते कांग्रेस यहां राकेश का समर्थन करेगी। डा. एसपी यादव का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था । पार्टी को भरोसा है कि उनकी सेवा को देखते हुए क्षेत्र की जनता एक बार फिर उनके बेटे को विधायक बनाएगी। राकेश की पत्नी बलरामपुर सदर ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख रह चुकी हैं। राकेश अपने पिता के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहे और अब चुनाव मैदान में है। भाजपा ने अभी उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा तो नहीं की है लेकिन क्षेत्र में सक्रियता को देखते हुए पिछली बार करीब पांच हजार मतों से पराजित शैलेश कुमार सिंह शैलू का दावा मजबूत माना जा रहा है । बसपा जिला अध्यक्ष लालचंद कोरी ने बताया कि क्षेत्र से मोहम्मद हारिस फिदा बाबा का नाम लगभग तय हैं । हालांकि अभी इसकी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। अब देखना यह है कि यहां के उप चुनाव में जनता सहानुभूति साइकिल चलाएगी अथवा अपनी परंपरा निभाते हुए एक बार फिर किसी नए चेहरे को मौका देगी।

### गैंसड़ी मे कब कौन बना विधायक

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ष | 1974 | विजय पाल सिंह | जनसंघ |
| वर्ष | 1977 | बिन्दुलाल | जनता पार्टी |
| वर्ष | 1980 | अकबाल हुसैन | कांग्रेस |
| वर्ष | 1985 | अरुण प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| वर्ष | 1989 | अकबाल हुसैन | कांग्रेस |
| वर्ष | 1991 | बिन्दुलाल | भाजपा |
| वर्ष | 1993 | डा.एस पी यादव | सपा |
| वर्ष | 1996 | बिन्दुलाल | भाजपा |
| वर्ष | 2002 | डा.एस पी यादव | सपा |
| वर्ष | 2007 | अलाउद्दीन खां | बसपा |
| वर्ष | 2012 | डा.एस पी यादव | सपा |
| वर्ष | 2017 | शैलेश कुमार सिंह | भाजपा |
| वर्ष | 2022 | डा.एस पी यादव | सपा |

### विस क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता– | 361708 |
| पुरुष– | 192888 |
| महिला– | 168801 |
| अन्य– | 19 |

रविवार विशेष

# आधे से ज्यादा मतदाताओं का बन चुका मूड

मतदाता व्यवहार या मनोविज्ञान बताता है कि एक मतदाता कब और कैसे इस बात का फैसला करता है कि उसे वोट किसे देना है। वह कौन सी परिस्थितियां, वातावरण, प्रभाव या कारक होते हैं, जिनके आधार पर वह यह निर्णय लेता है कि अमुक दल या प्रत्याशी को वोट देना है। वोट देने के दौरान उसके दिलो-दिमाग में क्या चल रहा होता है। अगर राजनीतिक दल प्रत्याशी चयन में जातीय, धार्मिक या सामुदायिक आधार को तरजीह देते हैं, तो मतदाता को भी वोट का फैसला लेने में सबसे ज्यादा यही बातें प्रभावित करती हैं। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में एक बड़ा वर्ग देखता है कि उसका वोट किस जाति या समुदाय के प्रत्याशी को जा रहा है। एक दर्जन लोकसभा क्षेत्रों में करीब पांच हजार लोगों से संवाद में यह तथ्य उजागर होने के साथ पता चला कि आधे से अधिक लोग मतदान के लिए मन बना चुके हैं।



**मनोज त्रिपाठी, कानपुर**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में किसने किसको और कितने वोट दिए, इसका पता तो चार जून को परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन आधे से अधिक 58 फीसदी मतदाता अपना मूड बना चुके हैं कि उन्हें ईवीएम पर किस खाने का बटन दबाना है। यह महत्पूर्ण तथ्य अमृत विचार की ओर से मतदाता संवाद और मतदान जागरूकता को लेकर किए गए संपर्क अभियान में सामने आया है। जिन 42 फीसदी लोगों ने अभी अपना वोट तय नहीं किया है, उनमें सबसे बड़ा हिस्सा 14 फीसदी उन लोगों का है, जिनका कहना है कि वह मतदान के दिन ही अपना फैसला लेंगे। इसी तरह 21 फीसदी मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने अभी किसी दल या प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का कोई निर्णय नहीं लिया है, इनमें से अधिकतर राजनीतिक दलों के वायदे, प्रचार अभियान, नेताओं के भाषण, मुद्दों और हवा का रुख परख रहे हैं और कहते हैं कि जल्दी ही किसी नतीजे पर पहुंच जाएंगे, जबकि सात फीसदी मतदाताओं का कहना है कि वह अपना वोट खराब नहीं करेंगे और उसके पक्ष में ही मतदान करेंगे जो जीतता हुआ नजर आएगा।



58 फीसदी लोगों के यह राय जताने से कि वह अपने मत को लेकर फैसला कर चुके हैं, साफ है कि अधिकतर मतदाता जब मतदान केंद्र पर वोट देने पहुंचते हैं तो ईवीएम का बटन दबाने से पहले ही फैसला करके आते हैं कि उन्हें किसे वोट देना है। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियों के लिए काम करने वाले भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अधिकतर मतदाता पहले ही तय कर चुके होते हैं कि उनका वोट किधर जाना है। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि वोट किसको जाएगा, इसका मूड बनाने वाले 58 फीसदी मतदाताओं में अधिकतर स्वीकार करते हैं कि वह किसी न किसी राजनीतिक दल के समर्थक हैं, या किसी खास विचारधारा से प्रभावित हैं। हालांकि इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि एक आम मतदाता जब वोट देने जाता है तो उस पर कई फैक्टर काम कर रहे होते हैं, इनमें जाति, धर्म, समुदाय, फायदे वाली घोषणाएं, योजनाएं, भाषा, प्रत्याशी, प्रचार, मीडिया रिपोर्ट्स सभी कुछ होते हैं। अपना राजनीतिक दृष्टिकोण बनाने में वह इन सभी बातों का सहारा लेता है। लेकिन ऐसे मतदाताओं की संख्या अगर उन मतदाताओं के मुकाबले आधी है, जो पहले से ही अपने मत का फैसला किए बैठे हैं, तो परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना का प्रतिशत कम हो जाता है।







### 42 फीसदी लोग वोट तय करने के लिए क्या सोंचते

**21** फीसदी मतदाता वायदे, प्रचार, नेताओं के भाषण और मुद्दों को परख रहे हैं।

**14** फीसदी लोगों का कहना है कि मतदान के दिन ही वह अपना फैसला लेंगे।

**07** फीसदी मतदाता बोले, वह जीतने वाले प्रत्याशी को ही मत देना पसंद करेंगे।

### जनता और राजनीतिक दल, चुनाव सभी के लिए धर्म और जाति का दलदल



- निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा है कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ नैतिक भर्त्सना के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन और व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों या मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा देता हो। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या किसी भी पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके जवाब में जहां राजनीतिक दल यह दलील देते हैं कि जाति और धर्म के आधार पर वोट मांगना गैर कानूनी हो सकता है, लेकिन उम्मीदवारों का चयन करना पार्टी का अधिकार है, वहीं सच्चाई यह भी है कि सभी जातियां या समुदाय, जनसंख्या में अपनी उपस्थिति के मुताबिक सभी दलों से अपने हितों की सुरक्षा की मांग करती रहती हैं और निर्वाचन क्षेत्र में बहुलता के आधार पर अपने वर्ग के प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की अपेक्षा रखती हैं। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद किसे मत देना है, इसका फैसला लेने में सबसे ज्यादा जाति, धर्म और समुदाय ही मतदाता को प्रभावित करता है। खासकर ग्रामीण इलाकों में मतदाता यह जरूर देखता है कि उसका वोट किस जाति के उम्मीदवार को जा रहा है। अगर वोटर उसकी जाति का होता है तो ज्यादा संभावना रहती है कि वह उसे ही वोट देने का फैसला करता है। इस स्थिति में मुद्दों और मूलभूत समस्याओं की कोई खास भूमिका नहीं रह जाती है। मतदाता प्रत्याशी की जाति, धर्म के साथ भाषा और पार्टी से भी प्रभावित होता है।






### मतदाता को प्रभावित करने के लिए धारणा की नींव पर बनाया जाता माहौल का महल

कहते हैं कि प्रेम, युद्ध और राजनीति में सब जायज़ है। शायद इसी के चलते आज चुनाव भी मनोवैज्ञानिक युद्ध की तरह लड़े जा रहे हैं। वोटर को प्रभावित करने में सारा खेल धारणा का हो गया है। धारणा की नींव पर ही माहौल का महल खड़ा किया जा रहा है। टीवी पर प्राइम टाइम में आने वाली बहसें इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। मतदाता मनोविज्ञान पर काम करने वाले विवेक द्विवेदी कहते हैं कि जिस तरह युद्ध जीतने के लिए छद्म प्रयास किए जाते हैं आज उसी तरह भ्रमपूर्ण वातावरण बनाकर मतदाता को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित किया जा रहा है। सोशल मीडिया इस काम में बड़ा हथियार बन गया है।

## भाजपा की हैट्रिक या खत्म होगा बसपा के लिए जीत का वनवास

**संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित शाहजहांपुर लोकसभा सीट की पहचान शहीदों की धरती से जुड़ी है। देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठा. रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान यहीं के निवासी थे। भाजपा ने इस सीट पर वर्ष 2019 में जीते अरुण सागर पर भरोसा जताया है तो सपा ने राजेश कश्यप और बसपा ने दोदराम वर्मा को चुनावी समर में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

भाजपा शाहजहांपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने से नहीं चूकना चाहती है, तो सपा 2014 में गंवा चुकी इस सीट को हर हाल में जीतना चाहती है। उधर, बसपा को गठबंधन के बाद भी 2019 में मिली हार साल रही है। वह इस बार मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश में जुटी है। जल्द ही यहां बसपा प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की सभा आयोजित की जाएगी। इस सीट पर किसी भी दल ने आज तक जीत की हैट्रिक नहीं लगाई है। फिलहाल सभी दलों के उम्मीदवारों ने यहां समर जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। उम्मीदवार बूथ प्रबंधन की रणनीति पर काम कर रहे हैं ताकि समर्थक एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए।


अरुण कुमार सागर।


राजेश कुमार कश्यप।


दोदराम वर्मा।

**2019 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | अरुण कुमार सागर | 6,88,990 |
| बसपा | अमर चंद्र जौहर | 4,20,572 |
| कांग्रेस | ब्रह्म स्वरूप सागर | 35,283 |

**2014 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | कृष्णा राज | 5,25,132 |
| बसपा | उम्मेद सिंह कश्यप | 2,89,603 |
| सपा | मिथिलेश कुमार | 2,42,913 |
| कांग्रेस | चेतराम | 27,011 |

**पिछले तीन चुनावों में दलों का वोट शेयर**

| वर्ष –चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 47.5 | 40.7 | 6.9 | 2.1 |
| 2019 लोस | 58.6 | 00 | 35.6 | 3.0 |
| 2014 लोस | 46.5 | 21.5 | 25.6 | 2.5 |

### बसपा के लिए बंजर यहां की धरती

बसपा इस सीट पर कभी नहीं जीती। पार्टी के लिए यहां की धरती बंजर ही साबित हुई। 2009, 2014 और 2019 में बसपा के उम्मीदवार दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 में पार्टी को उम्मीद थी कि सपा, रालोद से गठबंधन के दम पर इस सीट पर उसे जीत मिलेगी पर ऐसा नहीं हो सका। इस बार बसपा अकेले मैदान में है। ऐसे में किसी बड़े चमत्कार की उम्मीद तो नहीं है लेकिन पार्टी की कोशिश में कोई कमी नहीं है।

### जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही यह सीट

यह सीट कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व. जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही थी। 1971, 1980, 1984 व 1999 के चुनाव में वे यहां से संसद में पहुंचे थे। 2004 में उनके बेटे वर्तमान में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद इस सीट से सांसद चुने गए थे। इसके बाद यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया और पहला चुनाव 2009 में जब हुआ तो सपा को यहां से जीत मिली। 2014 की मोदी लहर में यहां से भाजपा नेता कृष्णा राज जीत दर्ज करने में कामयाब हुईं और उन्हें केंद्र में मंत्री भी बनाया गया। हालांकि अगले चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर अरुण सागर को दे दिया गया और चुनाव जीतकर वह नेतृत्व की अपेक्षा पर खरे उतरे। इस बार अरुण को अपने काम के साथ मोदी की गारंटी का भरोसा है।




### भाजपा का ब्लाक, विस और लोस सभी में कब्जा जिले से तीन मंत्री

शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र इस लिहाज से भाजपा का मजबूत गढ़ माना जा सकता है कि यहां की सभी छह विधानसभा सीटों कटरा, जलालाबाद, तिलहर, पुवायां, शाहजहांपुर, ददरौल में उसका कब्जा है। 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने सभी छह विधानसभा सीटों पर बढ़त बनाई थी। सभी ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा के हैं। जिले से प्रदेश सरकार में तीन मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जितिन प्रसाद और जेपीएस राठौर हैं।

## चुनाव जो न कराए भाषण देने के साथ नाच रहे मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान तेजतर्रार भाषणों के साथ अपने नृत्य कौशल से भी जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इस पूर्वोत्तर राज्य में मुख्यमंत्री भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। असम में 14 लोकसभा सीटों पर पहले तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा। शर्मा ने शनिवार को जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करते हुए अपनी सभाओं के अंत में भाजपा के थीम गीत 'एक और बार, मोदी सरकार' पर ऐसा जमकर नृत्य किया कि दर्शक भी झूम उठे। शिवसागर और मरियानी में रैली के अंत में मुख्यमंत्री ने गीत गाया और नृत्य किया और जनता से भी साथ देने की अपील की। शर्मा ने अपने भाषणों में केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा नीत सरकारों के कल्याणकारी कदमों का उल्लेख किया और लोगों से लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट मांगे। नृत्य का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हम सभी 'मोदी का परिवार' हैं।

### अजमेर में मोदी



राजस्थान के अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में मतदाताओं के सिर पर मोदी फिर एक बार का जादू चढ़कर बोला। कई बच्चे भाजपा के चुनाव चिह्न कमल और मोदी के कट आउट लेकर पहुंचे।

## पत्नी कांग्रेस से विधायक, बसपा प्रत्याशी ने छोड़ा घर

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट से बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार कंकर मुंजारे ने शनिवार को अपने उस घर को छोड़ दिया है, जिसमें वह कांग्रेस विधायक पत्नी अनुभा मुंजारे के साथ रहते थे। मुंजारे के कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि चुनाव के दौरान अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्तियों को एक छत के नीचे नहीं रहना चाहिए। पूर्व विधायक और सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि अब वह 19 अप्रैल को मतदान के बाद ही घर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपना घर छोड़ दिया है। एक बांध के पास एक झोपड़ी में रह रहा हूं। अगर अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्ति एक छत के नीचे रहते हैं, तो लोग सोचेंगे कि यह मैच फिक्सिंग है। उधर, विधायक पत्नी ने कहा कि वह पति के रुख से आहत हैं। जब वह परसवाड़ा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार थे और मैं कांग्रेस के टिकट पर बालाघाट से चुनाव लड़ रही थी, तब हम लोग साथ-साथ रहे थे।

## सपा के शाक्य प्रत्याशी ने यहां बढ़ाई भाजपा की चुनौती

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचारः** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बार एटा लोकसभा सीट से शाक्य जाति के प्रत्याशी पर दांव लगाया है, इसके चलते भाजपा खेमे में बैचेनी महसूस की जा रही है। भाजपा से मौजूदा सांसद राजवीर सिंह तीसरी बार ताल ठोंक रहे हैं। बसपा ने अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे को मैदान में उतार सकती है। एटा लोकसभा सीट पर सात मई को मतदान होना है।

एटा लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला लोधी और यादवों वोटों के बीच रहता है। इन्हीं जातियों के मतदाताओं की संख्या यहां सर्वाधिक हैं, जो अपनी एकजुटता से उम्मीदवार की जीत-हार का फैसला करते हैं। लेकिन शाक्य मतदाता भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। सपा से देवेश शाक्य के उतरने से इस बार समीकरण बदले हुए हैं। दोनों दलों का परंपरागत वोट तो अपनी-अपनी जगह है। लेकिन शाक्य मतदाओं को हमेशा अपने पाले में समझने वाली भाजपा में सपा से शाक्य उम्मीदवार उतरने के कारण थोड़ी बेचैनी की स्थिति है। इसकी वजह यह है कि शाक्य मतदाता एकजुट होकर अगर सजातीय उम्मीदवार के साथ जाते हैं तो भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी हो सकती है। सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य इटावा के रहने वाले हैं। दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।

पूर्व के चुनावों में एटा सीट से तमाम शाक्य प्रत्याशी किस्मत आजमा चुके हैं। इसी वर्ग से महादीपक सिंह शाक्य एटा लोकसभा सीट पर पांच बार और कासगंज लोकसभा सीट पर एक बार सांसद रहे थे। यहां दो बार यादव और तीन बार लोध वर्ग से सांसद चुने गए हैं। सामान्य रूप से यहां भाजपा को शाक्य मतदाताओं का साथ मिलता रहा है। इसके चलते जातीय समीकरण के लिहाज से पार्टी का पलड़ा भारी हो जाता है। इसी समीकरण को कमजोर करके अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सपा ने शाक्य प्रत्याशी को उतारा है।

सपा के देवेश शाक्य लगातार सजातीयों में बैठकें कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। वहीं भाजपा पदाधिकारी इन मतदाताओं को पार्टी से जोड़े रखने के लिए ताकत लगा रहे हैं। शाक्य समाज के भाजपा नेताओं को चेहरा बनाकर बैठकें की जा रही हैं। यूं तो मोदी के व्यक्तित्व और अयोध्या मंदिर की हवा में लड़े जा रहे चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। लेकिन पीडीए का फार्मूला लेकर उतरी सपा के साथ यहां शाक्य फैक्टर भी जुड़ गया है। इसके साथ ही गठबंधन में कांग्रेस का साथ है। ऐसे में भाजपा जीत के लिए मेहनत कर रही है।




- भाजपा से तीसरी बार चुनावी मैदान में सांसद राजवीर सिंह
- बसपा ने अभी नहीं खोले पत्ते, मुस्लिम चेहरे की तलाश
- लोध और यादव जाति के वोटरों के बाद एटा लोकसभा क्षेत्र में शाक्य मतदाता सर्वाधिक संख्या में हैं
- महादीपक सिंह शाक्य एटा सीट से पांच बार रह चुके सांसद




**2019 का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह |
| सपा | देवेंद्र यादव |
| निर्दलीय | हरिओम |

**2014 का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह |
| सपा | देवेंद्र यादव |
| बसपा | नूर मो. खान |

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |
| संजू सैमसन (आरआर) | 04 | 178 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# सेलेक्टर होने पर शिवम को टी20 विश्वकप के लिए जरूर लेता

मुंबई, एजेंसी



भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और टीवी कमेंटेटर इरफान पठान ने उभरते सितारे शिवम दुबे की वकालत करते हुये कहा कि अगर वह चयनकर्ता की भूमिका में होते तो वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिये न सिर्फ भारतीय टीम में उसका चयन करते बल्कि उनके प्रदर्शन पर भी पैनी निगाह बनाकर रखते।

स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव शो पर इरफान ने कहा " मैं निश्चित रूप से टी20 विश्वकप के लिये उसका चयन करूंगा। मैं चयनकर्ता होता, तो मैं उस पर कड़ी नजर रखता। मैं वास्तव में उसे टी20 विश्व कप टीम में लूंगा क्योंकि उनमें स्पिन खेलने की अद्भुत क्षमता है। सही मायनों में कहा जाये तो वह स्पिनरों की धज्जियां उड़ा रहा है। उसे क्रीज पर जाकर स्पिनरों के खिलाफ सेट होने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है।" उन्होंने कहा " हमने इसे इस आईपीएल और पिछले सीज़न में भी देखा है, हमने उन्हें गुणवत्ता वाले कलाई के स्पिनरों के खिलाफ, फिंगर स्पिनरों के खिलाफ देखा है। और जब आपके पास ऐसा बल्लेबाज है तो आप उसका फायदा क्यों नहीं उठाना चाहते।

# पूरी तरह फिट और शानदार फॉर्म में हैं ऋषभ पंत



- टी20 विश्व कप में चयन की संभावना पर बोले गांगुली
- रविवार को मुंबई इंडियंस से होगा दिल्ली का सामना

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत पूरी तरह से फिट हैं लेकिन वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में चयन के लिये खुद को तैयार करने में उन्हें कुछ और समय दिया जाना चाहिये। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आईपीएल के मौजूदा सत्र के जरिये वापसी की है। यह पूछने पर कि क्या पंत भारतीय टीम में चयन के लिये तैयार हैं, दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक गांगुली ने टीम के अभ्यास सत्र के बाद कहा,'' कुछ मैच हो जाने दीजिये। वह अच्छा खेल रहा है। विकेटकीपिंग, बल्लेबाजी सब कुछ अच्छा किया है ।'' उन्होंने कहा,'' उसका फॉर्म शानदार है। एक हफ्ता और बीत जाने दीजिये, फिर आपके सवाल का जवाब दे सकूंगा। यह भी देखना होगा कि चयनकर्ता उसे लेना चाहते हैं या नहीं। वह फिट है, पूरी तरह से फिट।''

## खेल डायरी

### स्टार गोल्फर भुल्लर ने चंडीगढ़ ओपन ट्राफी जीती

**चंडीगढ़।** भारत के स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शनिवार को अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर चंडीगढ़ ओपन खिताब जीत लिया और चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में जीत का सबसे कम कुल स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया। भुल्लर (67-67-65-68) का कुल स्कोर 21 अंडर 267 का रहा जो चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में खिताब जीतने वाला सबसे कम स्कोर है। 12 बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता भुल्लर का यह 25वां करियर खिताब और पीजीटीआई पर 13वीं ट्राफी है।

### टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कोबोली को हराया

**मोंटे कार्लो (फ्रांस)।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत से शुरुआत करते हुए शनिवार को क्वालीफायर में दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी इटली के फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में शिकस्त दी। गैर वरीय और 95वीं रैंकिंग पर काबिज भारतीय ने आठवीं वरीयता प्राप्त कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। नागल अब अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों फाकुंडो डियाज अकोस्टा और डिएगो श्वार्टजमैन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

### विदित ने नाकामुरा और गुकेश ने प्रगानानंदा को हराया

**टोरंटो।** विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के हिकारू नाकामुरा की सभी रणनीतियों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की जबकि आर प्रगानानंदा को हमवतन डी गुकेश से हार झेलनी पड़ी। पहले दौर में चार ड्रा के बाद शनिवार को दूसरे दौर की सभी चार बाजियों में नतीजे निकले। शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने अजरबैजान के निजात अबासोव को मात दी और रूस के इयान नेपोमनियाच्ची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की झोंग्यी टैन से हार मिली जबकि रूस की एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को पराजित किया। कोनेरू हम्पी ने रूस की कैटरीना लैग्नो से बाजी ड्रा करायी और नुरग्यूल सालिमोवा ने चीन की टिन्जी लेई से अंक बांटे।

### सेंथिल कुमार जर्मन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर

**नयी दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 59वें नंबर के खिलाड़ी और 2023 के एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल कुमार इस 50000 डॉलर इनामी पीएसए विश्व टूर प्रतियोगिता में शुक्रवार को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी से 7-11, 6-11, 4-11 से हारकर बाहर हो गए। योव एनजी ने पीएसए वेबसाइट से कहा,''यह हमेशा की तरह हमारे बीच करीबी मुकाबला रहा। वह हमेशा कुछ उलटफेर करने के बाद मेरा सामना करता है।'' दोनों खिलाड़ियों ने पीएसए की प्रतियोगिताओं में अभी तक तीन बार एक दूसरे का सामना किया है।

### भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी सेमीफाइनल से बाहर

**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हारकर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7, 6-3, 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे। भांबरी और ओलिवेटी ने तीसरी वरीयता निकोलस बैरिएंटोस और राफेल माटोस को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

# बटलर के जोश के आगे बेंगलुरु पस्त राजस्थान ने 6 विकेट से दी शिकस्त

## विराट कोहली का नाबाद शतक नहीं आया काम, आरसीबी की 5 मैचों में चौथी हार



विराट कोहली

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन (69) और जोस बटलर (100 नाबाद) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में दूसरे विकेट लिये 148 रन की तेज भागीदारी कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाने के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज कर दिया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 184 रन बनाये, जिसके जवाब में राजस्थान ने विजय लक्ष्य पांच गेंद शेष रहते चार विकेट पर 189 रन बनाकर हासिल कर लिया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम पर विराट कोहली (113 नाबाद) ने अपने आईपीएल करियर का सर्वाधिक स्कोर बनाया। लेकिन संजू सैमसन और जोस बटलर ने आरसीबी के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुये विजय लक्ष्य को बौना कर दिया। आरसीबी की तरह राजस्थान के भी तीन विकेट जल्दी जल्दी आउट हुये मगर बटलर और शिमरान हेटमायर (11 नाबाद) ने टीम को लगातार चौथी जीत दिलाकर ही सांस ली। बटलर ने अपना शतक और जीत के लक्ष्य को छक्के के साथ पूरा किया। इससे पहले विराट और फाफ डुप्लेसी (44) के साथ 125 रन की शतकीय भागीदारी की मदद से राजस्थान ने तीन विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की सलामी जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत की। दोनो बल्लेबाजों ने पहले 14 ओवर में 125 रन ठोक कर बड़े स्कोर का संकेत दे दिया था। डुप्लेसी केओवर की पहली गेंद पर फिरकी गेंदबाज यजुवेंद्र चहल का शिकार बने जिसके बाद आखिरी के छह ओवर के खेल में विराट ने अपनी रफ्तार बढायी और मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बौछार कर दी। उन्होने अपनी शतकीय परी में 72 गेंद खेल कर 12 चौके और चार ऊंचे छक्के लगाये। उन्होने पारी के आखिरी गेंद पर भी गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचा हालांकि डुप्लेसी के बाद दूसरे छोर पर उन्हे अपेक्षित मदद नहीं मिली वरना आरसीबी का स्कोर 200 के करीब पहुंच सकता था।



जोस बटलर

### मयंक के खिलाफ शॉट लगाओ या ओवर को निपटा लो : मिलर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से इस सत्र में बल्लेबाजों को इतना परेशान कर दिया है कि गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शनिवार को अपने साथी खिलाड़ियों को सुझाव दे डाला कि जब वे आईपीएल मैच में इस युवा गेंदबाज का सामना करें तो उन पर शॉट लगाएं या फिर सावधानी से खेलकर उनके ओवर निपटा दें। यादव की सटीक और दनदनाती गेंदों ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम मौजूदा सत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों से ज्यादा मजबूती दिलायी है और वह 2024 आईपीएल सत्र में सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक बन गये हैं। 21 वर्षीय यादव ने दो मैच में छह विकेट झटके हैं, जिसमें उनका औसत 6.83 का रहा है। मिलर चोट के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ नहीं खेल पाये थे।

**बेंगलुरु 183/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 113 | 72 | 12/4 |
| फाफ डु प्लेसी का बटलर बो चहल | 44 | 33 | 2/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो बर्गर | 01 | 03 | 0/0 |
| सौरव चौहान का जायसवाल बो चहल | 09 | 06 | 0/1 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 05 | 06 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 3-0-30-0, बर्गर 4-0-33-1, अश्विन 4-0-28-0, आवेश 4-0-46-0, चहल 4-0-34-2, पराग 1-0-10-0

**राजस्थान 189/4** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का मैक्सवेल बो टॉपली | 00 | 02 | 0/0 |
| जोस बटलर नाबाद | 100 | 58 | 9/4 |
| संजू सैमसन का दयाल बो सिराज | 69 | 42 | 8/2 |
| रियान पराग का कोहली बो दयाल | 04 | 04 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल का कार्तिक बो टॉपली | 02 | 03 | 0/0 |
| शिमरोन हेटमायेर नाबाद | 11 | 06 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** टॉपली 4-0-27-2, दयाल 4-0-37-1, सिराज 4-0-35-1, डागर 2-0-34-0, ग्रीन 1-0-27-0, शर्मा 2-0-29-0

# डिकॉक, पूरन और मयंक के भरोसे हैट्रिक लगाने उतरेंगे जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के मध्य मुकाबला आज रात 7:30 बजे से**

**अमृत विचार:** एक बार फिर वही मैदान जहां आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने जीत का अभियान शुरू किया। इस अभियान में एलएसजी के क्विंटन डिकॉक और निकोलस पूरन ने जहां रनों की बारिश की, वहीं रफ्तार के नये बादशाह मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से विरोधी टीम को उखाड़ फेंका। तीन मैचों में एलएसजी ने दो मैच जीते हैं, जिनमें जीत के हीरो यह तिकड़ी रही। एलएसजी के सामने अब जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में एलएसजी के सामने गुजरात टाइटंस की टीम होगी।

पिछले दो मैच में एलएसजी की जीत में दिल्ली स्पीड स्टार मयंक यादव का विशेष योगदान रहा। पंजाब और बेंगलुरु के खिलाफ वह मैन ऑफ द मैच रहे। टीम प्रबंधन को एक बार फिर होम ग्राउंड पर उनसे उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है, जैसा उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ किया था।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा। **गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जॉश लिटिल, अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, सुशांत मिश्रा, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, राशिद खान, ऋद्धिमान साहा, साई किशोर, साई सुदर्शन, संदीप वारियर, शाहरुख खान, विजय शंकर, बीआर शरत, मोहित शर्मा, मानव, राहुल तेवतिया, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, जयंत यादव, उमेश यादव।

लखनऊ के लिए उपकप्तान पूरन और सलामी बल्लेबाज क्विवंटन डिकॉक बेहतरीन फार्म में चल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की थी। इकाना स्टेडियम में पंजाब और लखनऊ के मुकाबले में खूब रन बरसे थे। रविवार को होने वाले मुकाबले में भी एक बार मुकाबला हाईस्कोरिंग होगा। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें रविवार को होने वाले मुकाबले में इस तिकड़ी पर ही होंगी। केएल राहुल, पडिक्कल और स्टोइनिस अभी तक तीनों मैचों में कुछ विशेष नहीं कर सके हैं। इन खिलाड़ियों को अपनी खोई फार्म वापस पानी होगी। गुजरात के खिलाफ आयुष बडोनी की जगह दीपक हुड्डा खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

**जीत का अजेय क्रम बरकरार रखने उतरेंगे जायंट्स :** कप्तान शुभमन गिल और बल्लेबाज साई सुदर्शन को छोड़कर टीम के अन्य खिलाड़ी विशेष प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। एलएसजी के अजेय क्रम को बरकरार रखने के लिए शुभमन को टीम के साथ दमदार प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव को इकोनॉमी रेट में सुधार करने की जरूरत होगी। अनुभवी स्पिनर राशिद खान को भी फार्म में आना होगा। खास बात यह है कि राशिद खान लखनऊ की पिच से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक के साथ अपना गाना 'अख दा तारा' रिलीज किया



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता-गायक आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ अपना पहला गाना 'अख दा तारा' रिलीज कर दिया है। आयुष्मान खुराना ने पना नवीनतम सिंगल, ''अख दा तारा'' रिलीज किया है, जो वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ उनका पहला सहयोग है। गाना 'अख दा तारा' में आयुष्मान खुराना एक लवर के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो ब्रेकअप के बाद की स्थिति को दिखा रहा है। वे एक लवर के मनोभावों जैसे उपेक्षा, गुस्सा, निराशा, सौदेबाजी और स्वीकृति को जाहिर कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने बताया, मुझे लगता है कि मैंने ''अख दा तारा'' के साथ अपनी संगीत यात्रा में खुद को फिर से स्थापित किया है। यह ट्रैक मेरे द्वारा पहले गाए गए किसी भी ट्रैक से अलग है, इसमें पॉप संगीत के साथ दिल टूटने की भावना को इस तरह से मिश्रित किया गया है कि दोनों गहराई से महसूस होते हैं। गहरे धुनों और छंदों से भरा यह गाना ग्लोबल अपील रखता है, जो विश्व स्तर पर हमारी दस्तक का प्रतीक है। हम और अधिक गाने रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। मैं निश्चित रूप से रचना में शामिल रहूंगा और उनमें से कुछ लिखूंगा।

# अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के साथ गाना 'डिफेंडर' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और पंजाबी रॉक स्टार मनकीरत औलख की जोड़ी ने अपने नए गाने 'डिफेंडर' से धमाल मचा दिया है। गाने में मनकीरत औलख अपने चिर परिचित स्वैग वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। डिफेंडर एक हरियाणवी पॉप ट्रैक है, जिसे मनकीरत औलख के साथ हरियाणा की फीमेल सिंगर रेणुका पंवार ने आवाज दी है। इस गाने में अक्षरा सिंह ने अभिनय किया है। म्यूजिक सेवी, लिरिक्स रईस का है। निर्देशक शेरा हैं। अक्षरा सिंह ने अपने इस गाने को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि यह नए स्टाइल का गाना है जो ट्रेंड सेट करता है। मैं खुश हूं कि देश के दिग्गज कलाकारों के साथ इस गाने को किया है और उम्मीद करती हूं कि सबों को यह पसंद आयेगा।

# ओटीटी पर 'कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन होगा रिलीज!



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज किया जायेगा। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी की अहम भूमिका है। सिनेमाघरों में रिलीज के पहले ओटीटी पर प्रभास की फिल्म '' 'कल्कि 2898 एडी'' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज होगा, जिसके लिये प्रभास ने डबिंग की है। चर्चा है कि नाग अश्विन ने 'कल्कि' से जुड़ा एक एनिमेटेड वर्जन बनाया है, जो फिल्म के बैकड्रॉप पर सेट है। बताया जा रहा है कि मेकर्स फिल्म को थिएटर में रिलीज करने से पहले उस एनिमेटेड वर्जन को ओटीटी पर रिलीज करेंगे। कहा जा रहा है कि उस एनिमेटेड वर्जन के जरिए मेकर्स ऑडियंस को 'कल्कि' की दुनिया से रुबरू करायेंगे। वैजयंती मूवीज निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 09 मई 2024 को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## हिंदी भाषा व भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार पर गहन चर्चा

**नामपेन्ह।** हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भारत का 50 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल इन दिनों थाईलैंड और कंबोडिया की यात्रा पर है।

बता दें, कि यह यात्रा 2 से 8 अप्रैल तक रहेगी। बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास में राजदूत नागेश सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार, विश्व हिन्दी परिषद महासचिव डॉ. विपिन कुमार और प्रतिनिधिमंडल के लिए चाय की मेजबानी की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कर रहे हैं और पूरे प्रतिनिधिमंडल का समन्वय पंचमधाम के सचिव शैलेश वत्स द्वारा किया जा रहा है। इस भेंट के दौरान सभी गणमान्यों के बीच, हिंदी और भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार-प्रसार को लेकर काफी गहरी चर्चा हुई।

## सहमति से बनाए संबंध को नहीं कह सकते गलतफहमी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म का मामला रद करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंध से जुड़े दुष्कर्म मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद करने को लेकर दायर याचिका का निपटारा करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि जब महिला आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाने का निर्णय लेती है और इसके परिणामों को जानती हो तो उसे गलत धारणा पर आधारित सहमति नहीं कहा जा सकता।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की पीठ ने कहा कि जब तक कोई स्पष्ट सुबूत न हो तब तक सहमति को गलत धारणा पर आधारित कहना उचित नहीं है। सहमति को लेकर किया गया वादा तत्काल प्रासंगिक होना चाहिए और इसका महिला के यौन कृत्य में शामिल होने के निर्णय से सीधा संबंध होना चाहिए।

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता और उसने अदालत की कार्यवाही के दौरान ही आपसी सहमति से कोर्ट मैरिज कर ली और वो दोनों खुशी-खुशी रह रहे हैं। शिकायतकर्ता ने अदालत को बताया कि वह गलत धारणा के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के साथ आगे नहीं बढ़ना चाहती थी क्योंकि परिवार के विरोध के कारण आरोपित की ओर से विवाह के लिए अनिच्छा थी। बता दें, शिकायतकर्ता ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराकर आरोप लगाया था युवक ने बार-बार शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया। कोर्ट ने कहा कि कार्यवाही को रद करने से दोनों पक्षों के बीच वैवाहिक संबंधों में बेहतर सामंजस्य होगा।

## मालदीव ने वस्तुओं के निर्यात पर भारत का आभार जताया

**माले।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर नेबरहुड फर्स्ट और सागर की अपनी नीतियों के प्रति नई दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई है। मालदीव से रिश्तों में तनाव के बावजूद भारत ने द्वीप राष्ट्र को जरूरी चीजों का निर्यात करने का फैसला बरकरार रखा है। इस पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारत का आभार जताया, जिस पर जयशंकर ने नई दिल्ली की नीतियों की प्रतिबद्धता दोहराई।

मूसा जमीर ने ट्वीट किया, 'मैं मालदीव को वर्ष 2024 और 2025 के दौरान भारत से आवश्यक वस्तुओं का आयात करने में सक्षम करने के लिए कोटा के नवीनीकरण के लिए जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। भारत का यह कदम दीर्घकालिक मित्रता को दर्शाता है।

## मेटा ने नेटफ्लिक्स को दी यूजर के प्राइवेट मैसेज पढ़ने की मंजूरी

*सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक ने नेटफ्लिक्स को डेटा के बदले में यूजर्स के प्राइवेट मैसेज एक्सेस करने की मंजूरी दी है। इस बारे में दोनों प्लेटफॉर्म के बीच एक करार हुआ था। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा द्वारा अपने स्ट्रीमिंग व्यवसाय को बंद करने के फैसले के बीच ये खुलासा कुछ कोर्ट दस्तावेज से हुआ है। ये दस्तावेज डिजाइन, प्रौद्योगिकी वेबसाइट गिजमोडो के हाथ लगे हैं। लीक डॉक्यूमेंट में दावा किया गया है कि दोनों कंपनियों के बीच यह सौदा 2013 में हुआ था। इस एक्सेस के बदले में नेटफ्लिक्स ने फेसबुक को डेटा दिया कि यूजर ने नेटफ्लिक्स की सिफारिशों के साथ कैसे इंटरैक्ट किया, जैसे कि उन्होंने कितनी बार दूसरों को सिफारिशें भेजीं और उन सिफारिशों पर कितने क्लिक प्राप्त हुए।*

- आरोपों पर कहा कि नेटफ्लिक्स के साथ उसका समझौता इंडस्ट्री में होने वाला सामान्य करार हैं। हालांकि, उसने सीधे तौर पर ये नहीं बताया कि क्या करार ने नेटफ्लिक्स से प्रतिस्पर्धा में फेसबुक वॉच को बंद करने के निर्णय में कोई भूमिका निभाई है।



### मैसेज के बदले नेटफ्लिक्स ने दिए विज्ञापन




रिपोर्ट के अनुसार, नेटफ्लिक्स ने फेसबुक पर अपना विज्ञापन खर्च बढ़ा दिया था, जो 2019 की शुरुआत तक लगभग 15 करोड़ डॉलर (करीब 1250 करोड़ रुपए) प्रति वर्ष तक पहुंच गया था। नेटफ्लिक्स के संस्थापक और पूर्व पूर्व सीईओ रीड हेस्टिंग्स ने 2019 के अंत में फेसबुक बोर्ड छोड़ दिया। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने इन यानी नेटफ्लिक्स ने फेसबुक को डेटा दिया और बताया कि उसके यूजर्स प्लेटफॉर्म रिकमंडेशन के हिसाब से कैसे इंटरैक्ट करते हैं और कैसे अपनी पंसद-नापसंद का चुनाव करते हैं। इससे पहले, मेटा ने एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन लागू करने का दावा किया था। कहा था कि मैसेंजर और फेसबुक पर सभी व्यक्तिगत चैट और कॉल इंक्रिप्टेड हैं।

### क्या बोला मेटा



इस पर मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि मुकदमे के दावे निराधार हैं। गिजमोडो के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच यह दोस्ताना करार एक दशक से चला आ रहा है। यह छिपा नहीं है कि ये नजदीकी साझेदारी कैसे विकसित हुई और इसका प्रबंधक कौन था। 2011-2019 तक नेटफ्लिक्स के तत्कालीन सीईओ हेस्टिंग्स फेसबुक के बोर्ड में शामिल हुए और इस साझेदारी को आगे बढ़ाया।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकवादी हमले में पुलिस उपाधीक्षक और कांस्टेबल की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि आतंकवादियों ने लक्की मरवत जिले के मंजीवाला चौक के निकट पुलिस वाहन पर हमला किया, जिसमें डीएसपी गुल मोहम्मद खान और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी घटनास्थल पर पहुंची और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने कहा कि अफगानिस्तान सीमा के निकटवर्ती क्षेत्र में हमला हुआ है, जिससे आतंकी सीमा लांघ कर दूसरी ओर भाग गए। बता दें, हाल के दिनों में प्रांत के दक्षिणी जिलों में आतंकवाद हमलों में वृद्धि हुई है।



### मिस्र में फूलों की बहार

**काहिरा।** अफ्रीकी देश मिस्त्र में इन दिनों गेंदा, गुड़हल और अन्य प्रजाति के फूलों की कटाई चल रही है। इन फूलों का इस्तेमाल आमतौर पर सौंदर्य प्रसाधन, फार्मास्यूटिकल्स और पारंपरिक चिकित्सा में होता है। मिस्र से हर साल करीब 4 .50 लाख करोड़ रुपए का फूल निर्यात किया जाता है।

### पाकिस्तान में 4.5 की तीव्रता से आया भूकंप, दहशत में आए लोग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए हैं। शनिवार शाम चार बजकर 13 मिनट पर पड़ोसी मुल्क में धरती डोली, जिससे लोग दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 .5 रही। भूकंप के कारण कितने लोग हताहत हुए हैं इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। बता दें, कुछ दिन पहले ताइवन में भूपंक से कई क्षेत्र तबहा हो गए थे।

### यूक्रेन पर रूसी हमले में 10 लोगों की मौत, कई घायल, 40 घर तबाह

**कीव।** पिछले 24 घंटों में यूक्रेन पर रूसी हमलों में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य घायलय हुए हैं। जापोरिझिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि रूसी मिसाइल हमलों में दक्षिणी शहर जापोरिझिया में 10 लोगों की मौत हुई है और अन्य 23 घायल हो गए। इसके अलावा हमले में 24 निजी घरों समेत 40 से अधिक घरों और नौ आपर्टमेंट को नुकसान पहुंचा है। जबकि इससे एक दिन पहले यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकिव पर रात भर हुए मिसाइल हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हुए हैं। कमांडर ओलेशुक के अनुसार तीन मिसाइलों और 28 ड्रोनों को हवा में ही मार गिराया गया था।

## बाइडन की चेतावनी के बाद नेतन्याहू के तेवर नरम, सीमा खोलने पर राजी

**राहत : गाजा में भुखमरी झेल रहे लोगों तक 6 महीने बाद मदद पहुंचने की उम्मीद जगी**

वाशिंगटन/यरूशलम, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के बाद इजराइल के तेवर नरम पड़ गए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों तक मानवीय सहायता पहुंचाने की दिशा में कदम उठा रहा है।

एक अधिकारी ने उत्तरी गाजा के बीच इरेज क्रॉसिंग को फिर से खोलने की मंजूरी दी है। साथ ही इजराइली पोर्ट अशदोद के इस्तेमाल की भी इजाजत रहेगी। हालांकि घोषणा में यह नहीं बताया गया कि किन वस्तुओं को आने दिया जाएगा और किस मात्रा में आने दिया जाएगा। इससे पहले, व्हाइटहाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि दोनों जगहों के अलावा इजराइल ने जॉर्डन से भी मदद में वृद्धि करने पर सहमति जताई है।

बता दें कि गुरुवार को फोन पर नेतन्याहू से बाइडन ने कहा था कि गाजा में युद्ध के लिए भविष्य में अमेरिकी समर्थन नागरिकों और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए इजराइल की ओर से कदम उठाए जाने पर निर्भर करेगा। जंग के चलते गाजा में हालात खराब हैं और भुखमरी फैली है।



### अंतर्राष्ट्रीय अदालत भी राहत के लिए दे चुकी है आदेश

संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया के कई देश गाजा में बिगड़ रहे हालात पर चिंता जता चुके हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ने भी इजराइल से क्रॉसिंगों के माध्यम से आने वाली सहायता में वृद्धि किए जाने पर जोर दिया था। पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने इजराइल को आदेश दिया था कि गाजा में सहायता पहुंचाने में आने वाली बाधाएं खत्म करे। तब इजराइल ने कहा था वह देरी के लिए जिम्मेदार नहीं है।

### नेतन्याहू ने पहली बार हमले के चलते दो अफसरों को किया बर्खास्त

इजराइल ने सेना के दो अफसरों को बर्खास्त कर दिया है, जो गाजा में एक खाद्य चैरिटी के काफिले पर हवाई हमले में शामिल इकाई का हिस्सा थे। जिन पर कार्रवाई हुई है, उनमें ब्रिगेड फायर सपोर्ट कमांडर और ब्रिगेड चीफ ऑफ स्टाफ शामिल हैं। इसके अलावा, अतिरिक्त कमांडरों को भी इस हवाई हमले के लिए फटकार लगाई गई है। यह कार्रवाई उस घटना की जांच के बाद हुई।

### ईरानी धमकी के बाद इजराइल ने सैनिकों की छुट्टी रोकी



सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले में ईरान के शीर्ष जनरल की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। ईरान के जवाबी हमले की चेतावनी के बाद इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने सभी लड़ाकू सैनिकों की छुट्टी पर रोक लगा दी है। आईडीएफ ने कहा कि हमारे सैनिक पहले से युद्ध में हैं। स्थिति को देखते हुए अस्थायी रूप से लड़ाकू इकाइयों की छुट्टी रद्द की गई है। इसी बीच पत्रकारों और तेल अवीव में रहने वाले लोगों ने बताया कि जीपीएस सेवाएं बंद कर दी गई हैं। माना जाता है कि गाइडेड मिसाइलों को रोकने के लिए जीपीएस को बंद किया जाता है। बता दें कि दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले में ईरान के टॉप जनरल रेजा जहेदी और उनके डिप्टी समेत 5 अन्य अधिकारी मारे गए थे। ईरान और सीरिया ने इसके लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। ईरान ने कहा कि यह बर्बरता पूर्ण कृत्य है और इसका हम बदला लेंगे और अपने अनुसार लेंगे।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

**रायपुर।** तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर बड़ा नक्सल विरोधी ऑपरेशन देखने को मिला है। दरअसल, पुजारी कांकेर के करींगुटा जंगलों में छत्तीसगढ़ पुलिस के सहायक सहयोग से तेलंगाना के सुरक्षा बलों के नेतृत्व में एक नक्सल विरोधी अभियान में तीन नक्सली मारे गए। मौके से नक्सलियों के शव और एलएमजी और एके-47 हथियार भी बरामद किए हैं। बता दें कि इससे पहले भी कई नक्सल अभियानों में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है।

तेलंगाना की सीमा से लगे घने जंगल में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गये। यहां एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में अभी भी तलाशी अभियान जारी है। इस सप्ताह की शुरुआत में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं सहित कम से कम 13 नक्सली मारे गए थे। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ होने की जानकारी दी है। यह उसूर थाना क्षेत्र का मामला है। छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है।

## अब बच्चे के जन्म पर माता पिता दोनों देंगे धर्म का ब्योरा

- अब तक बच्चे के जन्म के समय परिवार का धर्म का विवरण दर्ज होता था

नई दिल्ली, एजेंसी

अब बच्चे के जन्म के रजिस्ट्रेशन में माता और पिता के धर्म का ब्योरा अलग- अलग दर्ज होना जरूरी होगा। अब तक बच्चे के जन्म के समय परिवार का धर्म का विवरण दर्ज होता था। गृह मंत्रालय ने इस बारे में मसौदा तैयार किया है। मसौदा राज्यों को भी भेजा गया है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया है कि, प्रस्तावित फॉर्म नंबर-1 में बच्चे के परिवार के धर्म के साथ-साथ एक कॉलम और जोड़ा गया है जिसमें माता-पिता के धर्म का उल्लेख होगा।

गोद लेने की प्रक्रिया में भी फॉर्म नंबर- 1 जरूरी होगा। पिछले साल पारित जन्म-मृत्यु पंजीयन (संशोधन) कानून के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर जन्म और मृत्यु का पंजीयन होगा। 1 अक्टूबर 2023 से प्रभावी हुए इस कानून के अनुसार जन्म और मृत्यु का डिजिटल रजिस्ट्रेशन होगा। बच्चे के माता-पिता के धर्म के बारे में जानकारी सांख्यिकी विभाग के साथ साझा होगी। इस डेटाबेस से आधार, एनपीआर और वोटर लिस्ट भी अपडेट होगी

जानकारी के अनुसार जन्म रजिस्ट्रेशन के नए फॉर्म नंबर-1 से



मिले डेटाबेस के आधार पर एनपीआर (नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर), आधार कार्ड, वोटर लिस्ट, राशन कार्ड, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज को भी अपडेट किया जा सकेगा। जन्म का यह डिजिटल सर्टिफिकेट सिंगल डॉक्यूमेंट (एकल दस्तावेज) के रूप में मान्य होगा। ये किसी भी शिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए जन्म का मान्य दस्तावेज भी होगा। गृह मंत्रालय के तहत आरजीआई ने मृत्यु प्रमाण-पत्र में अब मृत्यु के तात्कालिक कारणों के साथ-साथ पुरानी बीमारी के उल्लेख को भी जरूरी किया है। आरजीआई देश भर में जन्म और मृत्यु के डेटा का संधारण राष्ट्रीय स्तर पर करेगा। आरजीआई को राज्यों के चीफ रजिस्ट्रार से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियों के साथ को-ऑर्डिनेशन के अधिकार भी सौंपे गए हैं।

### असामान्य बर्फबारी...



**कैलिफोर्निया :** अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित बिग बेयर माउंटेन रिजॉर्ट में भीषण बर्फबारी का दौर अब तक जारी है। एक हफ्ते में इस क्षेत्र में दो फीट बर्फबारी हुई। यह असामान्य है, क्योंकि मार्च के आखिर तक बर्फबारी थमने लगती है। अभी आगे भी एक से दो दौर तक अच्छी बर्फबारी के आसार हैं। कैलिफोर्निया के मौसम विभाग के मुताबिक सर्दियों में जमकर बारिश हुई थी। उसके बाद अक्टूबर के आखिर से ही बर्फबारी होने लगी। यह घटनाएं भी असामान्य रहीं। आमतौर पर बर्फबारी नवंबर से शुरू होती है। ● एजेंसी

## लाओस में अवैध काम में फंसे 17 भारतीय लौट रहे स्वदेश : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है। जयशंकर ने कहा, मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है।

बता दें, विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों का वादा करने वाले मानव तस्करों का शिकार बनने के प्रति आगाह किया था। विदेश मंत्रालय कहा था, कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों के फर्जी वादों से आकर्षित होकर भारतीय नागरिक मानव तस्करों के जाल में फंस रहे हैं। लेकिन अब सभी भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लौट रहे हैं।

## अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत, जांच जारी

- भारतीय वाणिज्य दूतावास ने घटना की दी जानकारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों की मौतें हो रही हैं। एक और अमेरिकी राज्य ओहियो में एक भारतीय छात्र की मौत की खबर आई है। इसकी जानकारी न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को दी। दूतावास ने कहा कि पुलिस जांच चल रही है। हमारा भारत में परिवार के संपर्क में बना हुआ है। टीआरए सहित हरसंभव सहायता दी जा रही है। वहीं, मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

वाणिज्य दूतावास ने कहा कि मृतक छात्र के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की गई है, वहीं, छात्र के शव को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ओहियो के क्लीवलैंड में एक भारतीय छात्र श्री उमा सत्य साईं गड्डे के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका में भारतीय मूल के छात्रों की मौतें बढ़ रही हैं। इससे पहले मार्च में, एक 25 वर्षीय भारतीय छात्र अमेरिका के क्लीवलैंड इलाके से लापता हो गया था, जिसके कुछ दिन बाद पीड़ित के परिवार से फोन करके फिरौती मांगी गई थी।

## केरल में प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या 10 लोग गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुवातुपुझ्झा में एक मॉब लिंचिंग का कथित सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो दिन पहले भीड़ ने एक प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अशोक दास (24) के तौर पर की गई है। वह अरुणाचल प्रदेश का रहने वाला बताया गया है। मृतक नौकरी के लिए केरल आया था और मुवातुपुझ्झा के करीब वलकम में एक किराए के घर में रह रहा था। पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है, उसके मुताबिक, दास को एक खंभे में बांधकर पीटा गया। बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

**विज्ञान** नए शोध से हुआ खुलासा, हमारी आकाशगंगा में सदी में एक बार सुपरनोवा विस्फोट की होती है संभावना

## ब्रह्मांड के सौवें हिस्से में हर सेकंड में होता है सुपरनोवा विस्फोट

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** सुपरनोवा विस्फोट से उत्पन्न होने वाले विकिरण से पृथ्वी पर जीवन के लिए खतरे की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। ब्रह्मांड में प्रत्येक सेकंड में सौवें हिस्से में एक सुपरनोवा विस्फोट होता है, जबकि हमारी आकाशगंगा में सदी में एक बार सुपरनोवा विस्फोट होने की संभावना रहती है।

हाल में हुए शोध में यह जानकारी सामने आई है। पृथ्वी बाहरी खतरों से कभी भी अछूती नही रही है। क्षुद्रग्रहों से अनगिनत मार सहती रही है। मगर इन सब में ऊपर एक बड़ा खतरा सुपरनोवा से है। जिससे उत्पन्न विकिरण पृथ्वी पर



सुपरनोवा विस्फोट के बाद का दृश्य।

जीवन के लिए भयानक खतरा हो सकता है। सुपरनोवा विस्फोट सूर्य से कई गुना बड़े तारों में होता है। यह विस्फोट तारे के अंत समय में होता है।

यानि विस्फोट के साथ उसकी मौत हो जाती है। सूर्य के आकार के बराबर तारों की बात करें तो उनके अंत समय के बाद वह सफेद बौना तारे में बदल जाते हैं, लेकिन सूर्य से आठ गुना विशाल तारे की मौत सुपरनोवा विस्फोट के साथ बेहद हिंसक रूप से होती है। सुपरनोवा विस्फोट से होने वाले खतरे की संभावना को लेकर किए अध्ययन के मुताबिक किसी भी आकाशगंगा में सुपरनोवा विस्फोट की घटना एक शताब्दी में केवल कुछ ही बार घटित होती है। ये हिंसक विस्फोट आम तौर पर इतने दूर होते हैं कि पृथ्वी पर लोगों को इसका पता ही नहीं चलता। किसी मरते हुए तारे का हमारे ग्रह पर जीवन पर प्रभाव डालने के लिए उसे पृथ्वी से 100 प्रकाश वर्ष के भीतर ये घटना होनी चाहिए।

यदि यह दूरी 30 प्रकाश वर्ष के भीतर हो तो पृथ्वी के जीवों के लिए बेहद खतरनाक हो सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ़ एस्ट्रोनॉमी व एरिज़ोना यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के सामुहिक शोध के अनुसार ब्रह्मांड में 100 अरब आकाशगंगाओं में कहीं न कहीं एक सेकंड के सौवें हिस्से में एक सुपरनोवा विस्फोट होता है।

### 2.5 मिलियन वर्ष पूर्व सुपरनोवा विस्फोट के सबूत समुद्र में खोजे

खगोलविदों ने 300 प्रकाश वर्ष दूर एक सुपरनोवा विस्फोट के सबूत समुद्र की गहराई से खोज निकाले हैं। यह विस्फोट 2 .5 मिलियन वर्ष पहले हुआ था। समुद्र तल की तलछट में फंसे रेडियोधर्मी परमाणु इस घटना के स्पष्ट संकेत हैं। विस्फोट में गामा किरणों के विकिरण ने ओजोन परत को नष्ट कर दिया था। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस घटना ने जलवायु को ठंडा कर दिया होगा। जिससे कुछ प्राचीन प्रजातियाँ विलुप्त हो गईं।

## जयपुर में बांग्लादेशी की किडनी निकाली फिर गुरुग्राम भेजा

**गुरुग्राम।** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को गुरुग्राम में किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया। यह रैकेट जयपुर में चलाया जा रहा था। टीम ने गुरुग्राम के सेक्टर-39 के बाबिल पाला होटल के गेस्ट हाउस में छापा मारा तो एक बांग्लादेशी मो. शमीम नामक युवक मिला। इसकी किडनी जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में निकाली गई और फिर डे-केयर के लिए गुरुग्राम के होटल में रखा गया था।

टीम ने बाद में 4 और किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीज पकड़े। पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालक रोहित सहित अन्य पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन चौधरी ने बताया कि एक होटल में किडनी प्रत्यारोपण रैकेट की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापा मारा गया।

## बड़ी कंपनियां ट्रांसजेंडर कर्मियों की कर रहीं भर्ती

- टाटा स्टील अब तक 120 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की कर चुकी है नियुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में टाटा स्टील, आरजे कॉर्प, पब्लिसिस सेपिएंट जैसी और अन्य बड़ी कंपनियां ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की भर्ती कर रही है। कुछ कंपनियों ने इसके लिए अपनी पॉलिसी भी बदली है।

टाटा स्टील तो अब तक 120 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर चुकी है। कंपनी ने हाल ही में 50 नए ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की भर्ती की पहल की है। इसके लिए करीब 300 आवेदन आए। कंपनी ने इस कई कंपनियां अपनी नीतियों को ट्रांसजेंडरों के अनुकूल बना रही हैं। इसके लिए नियुक्ति नियमों में बदलाव शुरू किया है। कुछ लोग ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

हार्मोन थेरेपी के लिए ज्यादा स्टाइपेंड दे रही हैं। अधिकांश कंपनियां अब ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा लाभ दे रही हैं जिनमें हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के साथ-साथ लिंग परिवर्तन सर्जरी भी शामिल है।

बैच में 14 ट्रांसजेंडरों को नियुक्ति भी की है। डिजिटल सर्विस कंपनी पब्लिसिस सैपिएंट ने रेनबो इंटर्नशिप जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को काम पर रखा है। ईएसएल स्टील भी प्रशासन/सुरक्षा कार्यों में ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना तैयार की है। पेप्सिको ने भी ऐसी योजना बनाई है।